राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 52, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली शुक्रवार 08 सितम्बर 2023, मूल्य : 1.50/-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334

## मुख्य अपडेट

मेवाड़ का रजत जयंती महोत्सव स्थापना दिवस व शिक्षक दिवस समारोह के साथ सम्पन्न

.... पेज 03

गोवंश के लिए घरों में पहली रोटी बनाएंगे शहरवासी, चलेगा अभियान

.... पेज 05

परफॉर्मैक्स एक्टिववियर बनेगा भारतीय फुटबॉल टीम का किट प्रायोजक

.... पेज 07

जन्माष्टमी



जन्माष्टमी उत्सव के अवसर पर एक महिला भगवान कृष्ण के रूप में सजे बच्चे के माथे पर तिलक लगाती हुई।

## पुंछ से हथियारों, बारूद, रसद वस्तुओं की खेप पकड़ी

जम्मू। जम्मू कश्मीर में सुरक्षा बलों ने पुंछ जिले के मंडी क्षेत्र से रसद सामग्री के साथ हथियार और गोला-बारूद बरामद किया है। एक रक्षा प्रवक्ता ने गुरुवार को यहां यह जानकारी दी। प्रवक्ता ने कहा कि घुसपैठ की कोशिश को सफलतापूर्वक नाकाम करने और नियंत्रण रेखा के करीब पुंछ जिले के मंडी के पास दो आतंकवादियों को ढेर करने के बाद, सेना और पुलिस की एक संयुक्त टीम ने इलाके में एक तलाशी अभियान के दौरान कई बरामदगी कीं।

# नफरत की बाजार में खुल रही है मोहब्बत की दुकान : राहुल गांधी

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि आज उनकी 'भारत जोड़ो यात्रा' की पहली वर्षगांठ है और तब से नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकानें लगातार खुल रही हैं। गांधी ने एक्स पर लिख, भारत जोड़ो यात्रा का एक साल। नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकानें खुल रही हैं। भारत जोड़ो यात्रा के एकता और मोहब्बत की ओर करोड़ों कदम, देश के बेहतर कल की बुनियाद बने हैं।



यात्रा जारी है - नफ़रत मिटने तक, भारत जुड़ने तक। ये वादा है मेरा। इसके साथ ही उन्होंने भारत जोड़ो यात्रा पर एक वीडियो भी पोस्ट किया है जिसमें भारत जोड़ो यात्रा की झांकियां प्रदर्शित की गई है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गांधी को इस यात्रा के लिए बधाई दी और कहा 'भारत जोड़ो यात्रा' के एक वर्ष पूरे होने पर, मैं भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की ओर से राहुल गांधी, सभी भारत यात्रियों और हमारे लाखों नागरिकों को बधाई देता हूं जो इस यात्रा में शामिल हुए पार्टी के संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने कहा, भारत जोड़ो यात्रा भारतीय राजनीति में एक बेहद परिवर्तनकारी घटना थी।

# यूपी-एमपी, झारखंड, बिहार समेत 19 राज्यों में तेज बारिश

### मानसूनी ब्रेक हटते ही लौटा बारिश का दौर; अगस्त में 36 प्रतिशत कम पानी बरसा था



एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश में मानसूनी बारिश का दौर लौट आया है। अगस्त में लगा मानसूनी ब्रेक 3-4 सितंबर को हटा है। इसके बाद बीते दो दिन से उन राज्यों में अच्छी बारिश हो रही है, जहां सूखा पड़ा हुआ था।

इसमें उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, झारखंड, बिहार, महाराष्ट्र, कर्नाटक शामिल हैं।

### 85 साल में सबसे गर्म रहा 4 सितंबर का दिन

दिल्ली में सोमवार (4 सितंबर) पिछले 85 सालों में सबसे गर्म दिन रहा। राजधानी का अधिकतम तापमान 40.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 6 डिग्री ज्यादा है। यह पिछले 85 सालों में (1938 के बाद) सबसे ज्यादा है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने अगस्त में बारिश में कमी के लिए अल नीनो को जिम्मेदार ठहराया था। यह एक मौसमी घटना है, जो मध्य और पूर्वी प्रशांत महासागर में समुद्र का तापमान सामान्य से ऊपर बढ़ने से पैदा होती है।

मौसम विभाग के मुताबिक, आज (7 सितंबर) और कल (8 सितंबर) देश के 19 राज्यों में जोरदार बारिश हो सकती है।

इसके अगले दो दिन यानी 9 और 10 सितंबर को भी 14 राज्यों में तेज बारिश का अनुमान लगाया गया है। लंबे समय से अच्छी बारिश को तरस रहे तमिलनाडु में भी अच्छी बारिश होने की संभावना जताई जा रही है।

भारत में एक सदी से भी ज्यादा समय में इस बार सबसे सूखा अगस्त रहा। इसमें सामान्य से 36त्न कम बारिश हुई।

मौसम एक्सपर्ट्स ने बताया था कि इस बार मानसून सामान्य रहेगा और सितंबर में बारिश की कमी पूरी हो जाएगी। एक्सपर्ट्स ने 4 सितंबर के बाद बारिश में तेजी आने का अनुमान लगाया था।

# जी-20 समिट : भारत तैयार

## जकार्ता से लौटते ही पीएम ने लिया इंतजामों का जायजा

नई दिल्ली। भारत में पहली बार दुनिया में आर्थिक दृष्टिकोण से दिग्गज 20 देशों के शीर्ष नेता एकत्रित होने जा रहे हैं। 9-10 सितंबर, 2023 को होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन को लेकर सारी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं।

### जी-20 के लिए सज-संवरकर दिल्ली तैयार

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन से लेकर जापान के पीएम फुमियो किशिदा और ब्राजील के राष्ट्रपति लुला डा सिल्वा से लेकर ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक की आगवानी के लिए दिल्ली शहर पूरी तरह से सज-संवर चुकी है।

विदेश मंत्रालय के स्तर पर जहां 10 सितंबर को शीर्ष नेताओं की बैठक में पेश किये जाने वाले साझा घोषणा-पत्र के प्रस्ताव को अंतिम रूप दिया जा चुका है।





वहीं, दिल्ली पुलिस के अधिकारी नेताओं के आने-जाने के रास्ते की पूरी सुरक्षा व्यवस्था का इंतजाम कर चुके हैं। दिल्ली के पांच सितारा होटलों के खानसामा संबंधित दूतावासों के साथ मिल कर नेताओं के लिए बनने वाले व्यंजनों की सूची तैयार कर चुके हैं।

### 18 देशों के प्रमुख आ रहे भारत

जी-20 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए 18 देशों के सरकारों के प्रमुख भारत आ रहे हैं।

चीन के दल का प्रतिनिधित्व वहां के प्रधानमंत्री करेंगे, जबकि रूस और मैक्सिको के दल की अगुवाई वहां के विदेश मंत्री करेंगे।

इसके अलावा विशेष तौर पर आमंत्रित नौ देशों के राष्ट्रपति या पीएम भी नई दिल्ली पहुंचने वाले हैं।

विशेष तौर पर आमंत्रित नाइजीरिया के राष्ट्रपति और मारीशस नई दिल्ली पहुंच चुके हैं।

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन, बांग्लादेश की पीएम शेख हसीना 08 सितंबर को पहुंचेंगे।

फ्रांस के राष्ट्रपति एमानुएल मैक्रा 09 सितंबर को सुबह पहुंचेंगे।

अधिकांश वैश्विक नेता 08 सितंबर रात से 09 सितंबर, 2023 सुबह तक नई दिल्ली पहुंच जाएंगे।

### इंडोनेशिया के राष्ट्रपति के संग 200 लोगों की टीम आ रही भारत

तकरीबन हर राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री के साथ उनके कैबिनेट के वरिष्ठ अधिकारी भारत आ रहे हैं। कुछ विदेशी मेहमानों के साथ सैकड़ों की संख्या में अधिकारी भारत आ रहे हैं। इंडोनेशिया के राष्ट्रपति विदोदो के साथ तकरीबन दो सौ लोगों की टीम भारत आ रही है। अतिथियों के जहाज के लिए इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे में विशेष इंतजाम किये गये हैं। चूंकि यहां पार्किंग की जगह सीमित है इसलिए कुछ जहाजों को रात्रि पार्किंग के लिए जयपुर और दूसरे करीबी शहरों में भेजा जाएगा। इन सभी तैयारियों का जायजा पीएम मोदी ने 7 सितंबर को देर शाम को लिया। सरकारी सूत्रों ने बताया है कि 10 सितंबर की बैठक का अंजाम चाहे जो भी हो, लेकिन भारत ने बतौर अध्यक्ष जी-20 का जो एजेंडा तैयार किया है उसने इस समूह को पहले के मुकाबले ज्यादा विश्वसनीय बना दिया है। खास तौर पर भारत ने जिस तरह से विकासशील देशों के मुद्दे को विकसित देशों के साथ सामंजस्य बनाने की कोशिश की है उसका दूरगामी असर होने वाला है।

# उदयनिधि के खिलाफ दर्ज हो एफआईआर

### दिल्ली और चेन्नई पुलिस पर भी एक्शन की मांग



**नई दिल्ली।** सनातन धर्म पर दिए गए बयानों को लेकर तमिलनाडु के मंत्री और डीएमके नेता उदयनिधि स्टालिन के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट में एक अर्जी दायर की गई है। याचिका में हेट स्पीच मामलों में स्वत-संज्ञान लेते हुए एफआईआर दर्ज करने के सुप्रीम कोर्ट के निर्देश का पालन नहीं करने के लिए दिल्ली पुलिस और चेन्नई पुलिस के खिलाफ अवमानना कार्रवाई की भी मांग की गई है। अर्जी में दिल्ली पुलिस आयुक्त, पुलिस उपायुक्त उत्तर पश्चिमी दिल्ली, नेताजी सुभाष प्लेस थाना के एसएचओ और ग्रेटर चेन्नई के पुलिस आयुक्त के खिलाफ अवमानना की कार्यवाही शुरू करने की मांग की है। याचिका में तमिलनाडु सीएम के बेटे उदयनिधि के खिलाफ धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने, हिंदू धर्म के अनुयायियों का अपमान करने और धर्म के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी भड़काने के लिए एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई है। यह तर्क दिया गया है कि बयान भारतीय दंड संहिता की धारा 153ए, 153बी, 295ए और 505 के तहत दंडनीय अपराध हैं। याचिका में सनातन धर्म के खिलाफ टिप्पणी के लिए तमिलनाडु के सांसद और पूर्व कैबिनेट मंत्री ए राजा के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई है।

# जी-20 मानव प्रगति की वैश्विक अपील बन गया है : मोदी

### मोदी ने जी20 शिखर सममेलन 2023 की पूर्व संध्या पर एक ब्लाग में भारत की जी-20 की अध्यक्षता के बारे में अपने विचार व्यक्त किए

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि भारत ने जी20 की अध्यक्षता करते हुए मानवता केंद्रित वैश्वीकरण का एजेंडा आगे बढ़ाया है और इससे यह मंच मानवता की प्रगति के लिए वैश्विक अपील बन गया है।

मोदी ने अफ्रीकी संघ को जी20 का स्थायी सदस्य बनाये जाने की आवश्यकता को भी रेखांकित किया है।

मोदी ने जी20 शिखर सममेलन 2023 की पूर्व संध्या पर एक ब्लाग में भारत की जी-20 की अध्यक्षता के बारे में अपने विचार व्यक्त किए हैं। उन्होंने इसमें भारत के यूपीआई जैसी डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना सुविधाओं को दूसरे देशों की जनता की भलाई के लिए प्रस्तुत करने की भी पेशकश की है।

उन्होंने कहा कि वैश्विक महामारी के बाद वैश्वीकरण को मानव केंद्रित, आपूर्ति श्रृंखला के विविधीकरण तथा बुपक्षीय व्यवस्था के लिए आग्रह की मजबूती जैसे बदलाव हुए है। प्रधानमंत्री ने लिखा है, हमारी जी20 की अध्यक्षता इन बदलावों में उत्प्रेरक की भूमिका निभाई है।



वैश्विक आबादी में दो तिहाई और वस्तु एवं सेवाओं के उत्पादन में 85 प्रतिशत का योगदान कर रहे देशों की सदस्यता वाले जी-20 समूह के देशों का शिखर सम्मेलन राजधानी में 8-10 सितंबर तक होने जा रहा है।

भारत ने इस सम्मेलन के लिए दक्षिण के देशों को भी आमंत्रित किया है और इस शिखर सम्मेलन की तैयारियों के सिलसिल में ग्लोबल साउथ मंच पर गरीब एवं विकासशील देशों का एक बड़ा कर उनसे संबंधित मुद्दों को इस फोरम के एजेंडा के केंद्र में रखने का प्रयास किया है।

मोदी ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर अपने ब्लाग के बारे में पोस्ट में लिखा, दिल्ली में जी-20 शिखर सम्मेलन शुरु होने जा रहा है, भारत की जी-20 की अध्यक्षता के बारे में एक आलेख में लिखा कि हमने मानवता पर केंद्रित वैश्वीकरण और मानव प्रगति को आगे बढ़ाने में सामूहिक भावना सुनिश्चित करने के लिए कैसे कार्य किया है।

उन्होंने पोस्ट किया, दिल्ली में जी-20 शिखर सम्मेलन शुरु होने जा रहा है, भारत की जी-20 की अध ?यक्षता के बारे में एक आलेख में लिखा कि हमने मानवता पर केंद्रित वैश्वीकरण और मानव प्रगति को आगे बढ़ाने में सामूहिक भावना सुनिश्चित करने के लिए कैसे कार्य किया है।

जी-20 को लेकर हमारा एक ही मूल मंत्र है, वसुधैव कुटुंबकम, जहां वैश्विक कल्याण का लक्ष्य लेकर हम दुनिया के कोने-कोने तक पहुंचना चाहते हैं।

मोदी ने अंग्रेजी में अपने ब्लाग में लिखा है, वसुधैव कुटुंबकम - ये दो शब्द एक गहरे दर्शन को दर्शाते हैं। उन्होंने इस दर्शन को सीमाओं, भाषाओं और विचारधाराओं से परे एक सर्वव्यापी दृष्टिकोण बताते हुए कहा है, यह हमें एक सार्वभौमिक परिवार के रूप में प्रगति करने के लिए प्रोत्साहित करता है।

# सिद्धारमैया ने भाजपा को कहा 'नीच'

### वे गरीबों के दुश्मन; लास्ट मिनट पर राज्य को चावल देने से मना किया

एजेंसी

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने गुरुवार को कहा- भाजपा सरकार नीच है। वो गरीबों की दुश्मन है। वो सिर्फ पूंजीपतियों का समर्थन करती है। उन्होंने हमें लास्ट मिनट पर 5 किलो चावल देने से इनकार कर दिया। दरअसल, राज्य सरकार ने अन्न भाग्य योजना के तहत हर लाभार्थी को अतिरिक्त पांच किलो चावल की आपूर्ति करने के लिए केंद्र से चावल की मांग की थी।.

उन्होंने लोगों से अपील भी की कि ऐसी पार्टी को लोकसभा चुनाव 2024 में एक भी वोट नहीं देना चाहिए। सिद्धारमैया ने यह बातें क्षीर भाग्य योजना के 10 साल पूरे होने पर कर्नाटक के तुमकुरू में आयोजित एक कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए



कहा।

### हमनें केंद्र से फ्री में चावल नहीं मांगे थे

सिद्धारमैया ने कहा- हमने फूड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया से चावल मुफ्त में नहीं मांगा था। हम उन्हें 36 रुपए प्रति किलो के हिसाब से पैसे दे रहे थे। पहले उन्होंने हां कहा लेकिन लेकिन लास्ट मिनिट में मना कर दिया। ऐसा केंद्र के दबाव में किया गया। केंद्र सरकार ने FCI को निर्देश दिया कि वो हमें चावल नहीं दें।

हत्या

### सोते वक्त दो दोस्तों पर हमला, दूसरे की हालत गंभीर; नोएडा में 3 बीघा में बनवा रहे थे स्टूडियो

# फिल्म स्टूडियो में फावड़े से काटकर व्यक्ति की हत्या

एजेंसी

जेवर। ग्रेटर नोएडा में निर्माणाधीन फिल्म स्टूडियो में एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई, जबकि उसके दोस्त पर जानलेवा हमला हुआ। उसकी हालत गंभीर है।

वारदात बुधवार देर रात उस वक्त हुई, जब दोनों ही स्टूडियो में सो रहे थे। हमलावरों ने फावड़े से दोनों पर हमला किया। मौके से खून से सना एक फावड़ा भी मिला। आशंका है कि रंजिश में वारदात हुई है।

मामला दनकौर कोतवाली क्षेत्र के बल्लूखेड़ा का है। पुलिस के मुताबिक, मृतक की शिनाख्त राजकुमार (62)





के तौर पर हुई है। जबकि दूसरा व्यक्ति विक्रमादित्य (50) है। उसकी हालत गंभीर है।

दोनों दोस्त थे और रिश्ते में चाचा-भतीजा भी लगते थे। विक्रमादित्य की दनकौर में 3 बीघा जमीन है। इसमें वह लो-बजट फिल्म की शूटिंग के लिए स्टूडियो बनवा रहा है। इस काम में राजकुमार भी उसके साथ था।

इस स्टूडियो में किसी फिल्म की शूटिंग होनी थी। दोनों इसकी तैयारी में लगे थे। बुधवार रात को दोनों खुले स्टूडियो में ही सो रहे थे, तभी दोनों हमलावरों ने हमला किया। आशंका है कि सोते वक्त ही दोनों पर हमला किया है।

सुबह स्थानीय लोगों को वारदात की जानकारी हुई। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस पहुंची तो एक की मौत हो चुकी थी, जबकि दूसरा मरणासन्न हालत में मिला। इसके बाद उसे नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### खून से सना एक फावड़ा मिला

सूचना मिलते ही पुलिस बल भी डॉग स्क्वायड व अन्य टीम के साथ पहुंच गया।

पुलिस को घटनास्थल पर खून से लथपथ एक फावड़ा भी मिला है। पुलिस का मानना है कि फावड़े से ही सोते हुए दोनों लोगों पर जानलेवा हमला किया गया है।

### मृतक दिल्ली परिवहन निगम का रिटायर्ड कंडक्टर था

मृतक के परिजनों का कहना है, वह बुधवार की शाम रोजाना की तरह वहां पर अपने दोस्त विक्रमादित्य के साथ सोने के लिए गए थे। जब गुरुवार सुबह 8 बजे तक घर नहीं पहुंचे, तो परिवार के लोग मौके पर पहुंचे। वहां पर वह लहूलुहान हालत में दोनों मौके पर पड़े थे। राजकुमार की मौत हो चुकी है। वह दिल्ली परिवहन निगम से रिटायर्ड कंडक्टर भी थे।

मामले में दनकौर कोतवाली प्रभारी संजय सिंह का कहना है, मामले को कई बिंदुओं से देखा जा रहा है। जल्द ही घटना का खुलासा कर दिया जाएगा। पुलिस टीमों को लगा दिया गया है। अभी तक परिजनों ने किसी भी तहरीर नहीं दी है।

# गुरुग्राम : कंपनियों को वर्क फ्रॉम होम के निर्देश

### दिल्ली में जी-20 मीटिंग की वजह से फैसला; फरीदाबाद में मेट्रो से जाने की सलाह

चंडीगढ़/ गुरुग्राम। दिल्ली में जी-20 की बैठकों को लेकर हरियाणा में फरीदाबाद और गुरुग्राम के लिए विशेष एडवाइजरी जारी की गई है। गुरुग्राम प्रशासन ने एडवाइजरी जारी करते हुए सभी कॉर्पोरेट और निजी संस्थाओं को सलाह वर्क फ्रॉम होम करने की सलाह दी है।

प्रशासन की ओर से कहा गया है कि इससे नेशनल हाईवे (एनएच) 48 पर ट्रैफिक नियंत्रित रहेगा। साथ ही कंपनियों के कर्मचारियों और स्थानीय लोगों से जरूरत पड़ने पर ही यात्रा करने के निर्देश दिए हैं।

गुरुग्राम डीसी निशांत कुमार यादव ने लोगों से अपील की है कि सभी नागरिक 8 सितंबर से यात्रा को लेकर सावधानी बरते और भीड़ भाड़ से बचने के लिए केवल आवश्यकता पड़ने पर ही घर से बाहर निकलें। गुरुग्राम प्रशासन द्वारा जारी एडवाइजरी में जिले के सभी कॉर्पोरेट कार्यालयों और निजी संस्थानों को सलाह दी गई है कि वे अपने कर्मचारियों को कल यानी 8 सितंबर 2023 को घर से काम करने के लिए निर्देशित करें।

प्रशासन की ओर से बताया गया है कि नेशनल हाईवे 48 पर यातायात नियंत्रित रहेगा। ऐसे में जरूरत पड़ने पर ही यात्रा करें। लोगों को इससे दिक्कत हो सकती है।

### फरीदाबाद के लोग मेट्रो से करें सफर

फरीदाबाद पुलिस की ओर से भी एक एडवाइजरी जारी की गई है। पुलिस प्रशासन की ओर से लोगों से निजी वाहनों की बजाय मेट्रो से सफर करने की अपील की गई है। प्रशासन ने कहा है कि रात 12: 00 से कॉमर्शियल वाहनों की एंट्री पूरी तरह से बंद हो जाएगी, जो 10 सितंबर तक बंद रहेगी। ऐसे में लोगों को आने जाने में काफी परेशानी हो सकती है, इसलिए एडवाइजरी के नियमों का पालन करें।


### तीन दिन रहेगा प्रतिबंध

देश में 8 से 10 सितंबर (3 दिनों) तक जी 20 समिट का आयोजन किया जा रहा है।

जिसकी वजह से राजधानी दिल्ली के नई दिल्ली जिले को प्रशासन ने नियंत्रित क्षेत्र घोषित किया है। इस वजह से दिल्ली पुलिस ने इस नियंत्रित क्षेत्र की तरफ जाने वाले कई रास्तों सेवाओं और वहां की सेवाओं पर प्रतिबंध लगाया है।

## भाजपा की परिवर्तन यात्रा 12 सितंबर से, अमित शाह करेंगे शुभारंभ

छत्तीसगढ़ के पूर्व मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री केदार कश्यप ने आज कहा कि आगामी 12 सितंबर से परिवर्तन यात्रा निकाली जायेगी, जिसकी अगुवाई केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह करेंगे। कश्यप आज यहां पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार की गलत नीतियों और भ्रष्टाचार को जन जन तक पहुंचने के लिए भाजपा 12 सितंबर से परिवर्तन यात्रा निकालने की तैयारी पूरी कर ली हैं और इस यात्रा के शुभारंभ अवसर पर केन्द्रीय गृह मंत्री शाह बस्तर आएंगे।



नई दिल्ली
शुक्रवार 08 सितम्बर 2023
Www.gauravshalibharat.com

# शार्ट न्यूज

## हेरोइन की खेप लाने के लिए तैराकों को भेजने वाला मलकियत काली गिरफ्तार

जालंधर। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों पर नशे के खिलाफ छेड़े गए युद्ध को उस समय बड़ी सफलता मिली जब जालंधर ग्रामीण पुलिस ने मल्कियत सिंह उर्फ काली नाम के एक बड़े तस्कर को गिरफ्तार किया, जिसने पाकिस्तान से 50 किलोग्राम हेरोइन की खेप लाने के लिए नदी के रास्ते तीन तैराक भेजे थे। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने गुरुवार को कहा कि पुलिस टीमों ने मल्कियत के कब्जे से नौ किलोग्राम हेरोइन (50 किलोग्राम हेरोइन की खेप का एक हिस्सा) जब्त कर लिया है। उन्होंने कहा कि पंजाब पुलिस द्वारा 22.5 किलोग्राम हेरोइन पहले ही बरामद की जा चुकी है, जिससे अब कुल बरामदगी 31.5 किलोग्राम हो गई है। यह घटनाक्रम एक महीने से भी कम समय में हुआ जब जालंधर ग्रामीण पुलिस ने ड्रग तस्कर जोगा सिंह को गिरफ्तार किया था, जो हेरोइन की खेप लेने के लिए पाकिस्तान के अधिकार क्षेत्र में तैर गया था और उसके पास से आठ किलोग्राम हेरोइन बरामद की गई थी। इससे पहले, एसएसओसी अमृतसर ने शिंदर सिंह नामक ड्रग तस्कर को उसके कब्जे से 10 किलोग्राम हेरोइन और 1.5 लाख रुपये ड्रग मनी बरामद करने के बाद गिरफ्तार किया था। इस मॉड्यूल से जुड़ी अमनदीप कौर उर्फ दीप भाई नामक महिला ड्रग तस्कर को भी एक किलो हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया गया, जबकि, एक अन्य ड्रग तस्कर शिंदरपाल उर्फ पप्पू को मैहतपुर से 500 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया गया।

## आप सरकार बिजली कटौती कर किसानों की परेशानी बढ़ा रही : सुखबीर

चंडीगढ़। शिरोमणि अकाली दल (शिअद) अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने गुरुवार को कहा कि राज्य में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) सरकार के बाढ़ से तबाह फसलों का मुआवजा जारी करने और किसानों की मदद से कथित तौर पर इन्कार के बाद अब उसने भारी बिजली कटौती करनी शुरू कर दी है जिससे धान और सब्जियों की खड़ी फसलों को नुकसान का खतरा मंडरा रहा है। बादल ने यहां बयान जारी कर कहा कि राज्य के किसानों की बाढ़ के बाद दुर्दशा के प्रति मुख्यमंत्री भगवंत मान ने उदासीनता सभी हदें पार कर दी हैं जिनकी हजारों ने एकड़ धान की फसल तबाह हो गई और डेढ़ माह बाद भी सरकार ने कथित तौर पर उचित मुआवजा नहीं दिया है ऊपर से वह अब बड़े पैमाने पर बिजली कटौती पर उतारू है जिससे राज्य में हालात सूखे जैसे हो गये हैं। बादल ने कहा कि भगवंत मान ने किसानों को निर्बाध बिजली आपूर्ति का वादा किया था, लेकिन इसके विपरीत मुक्तसर, फाजिल्का, और फिरोजपुर जिलों में किसान 18 से 20 घंटे की बिजली कटौती की बात कर रहे हैं जिससे उनकी धान, सब्जियां और बागवानी बुरी तरह प्रभावित हो रही हैं। किसानों को 700 से अधिक लिफ्ट सिंचाई पम्प चलाने के लिए मजबूर किया जा रहा है या उनके खिलाफ मामला दर्ज करने की धमकी दी जा रही है।

## प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक की अवैध फैक्टरी का पर्दाफाश, साई इंडस्ट्री सील

शिमला। हिमाचल प्रदेश में सिरमौर जिले में राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक को लेकर बड़ी कार्रवाई की है। जिले के राजगढ़ में सोलन रोड़ पर अवैध फैक्टरी साई इंडस्ट्री लगाकर प्रतिबंधित कैरी बैगस का उत्पादन किया जा रहा था। जिले में करीब एक महीने पहले ही फैक्टरी में उत्पादन शुरू किया गया था। दरअसल, राजगढ़ में अचानक ही प्रतिबंधित नॉन वोवन थैलियों की बाढ़ आ गई। इसकी भनक प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को लगी। बोर्ड की टीम ने फैक्टरी में दबिश दी। इस दौरान खुलासा हुआ कि उद्योग में 80 जीएसएम से कम मोटाई के नॉन वोवन बैग बनाए जा रहे थे। गौरतलब है कि राज्य में 80 जीएसएम से अधिक के नॉन वोवन बैग इस्तेमाल हो सकते हैं। जैसे-जैसे जीएसएम बढ़ता है, वैसे-वैसे प्लास्टिक की मात्रा भी कम होती रहती है। जांच के दौरान ये भी पता चला कि फैक्टरी को उद्योग विभाग से भी पंजीकृत नहीं करवाया गया था। उधर राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने उद्योग की बिजली एवं पानी के कनेक्शन काटने का अनुमोदन भी किया है। साथ ही राजगढ़ के एसडीएम और डीएसपी को प्लास्टिक के इस्तेमाल को लेकर एडवाइजरी जारी करने का भी आग्रह किया है।

## पिछले 123 वर्षों में जुलाई 2023 पृथ्वी का सबसे गर्म महीना रहा

**जालंधर।** जुलाई 2023 विश्व स्तर पर सबसे गर्म महीनों में से एक रहा और उच्च तापमान के कारण गर्मी की लहरें, भारी वर्षा, सूखा और जंगल की आग जैसी चरम मौसम की घटनाएं हो रही हैं। ये तापमान उत्तरी अमेरिका, एशिया और यूरोप के बड़े हिस्से में गर्मी की लहरों से जुड़े हैं, जिससे कनाडा और यूनान सहित देशों में जंगल की आग लग गई है, साथ ही सार्वजनिक स्वास्थ्य, पर्यावरण और अर्थव्यवस्था पर बड़ा प्रभाव पड़ा है। पृथ्वी अभी-अभी रिकॉर्ड की गई सबसे गर्म जुलाई महीने में रही। नासा द्वारा जुलाई 2023 को 1880 के बाद से वैश्विक तापमान रिकॉर्ड में सबसे गर्म महीना माना जाता है। जुलाई में औसत वैश्विक सतह का तापमान औसत से 2.02 डिग्री फ़ारेनहाइट (1.12 डिग्री सेल्सियस) अधिक था, क्योंकि जुलाई मौसमी रूप से वर्ष का सबसे गर्म महीना होता है। प्राचीन तलछटों और बर्फ की चादरों के साथ-साथ अन्य पुराजलवायु रिकॉर्डों में पाए गए पिछले तापमान के सबूतों के आधार पर, संपूर्ण पृथ्वी जुलाई 2023 को रिकॉर्ड रखे जाने के बाद से पृथ्वी पर सबसे गर्म महीना बनाती है।

## विजन दस्तावेज 2030 का प्रारूप तैयार करने के लिए हुआ संवाद कार्यक्रम

**अजमेर।** राजस्थान के अजमेर में राजस्थान मिशन 2030 के तहत संभाग के विजन दस्तावेज 2030 का प्रारूप तैयार करने के लिए हितधारकों से संवाद कार्यक्रम जवाहर रंगमंच पर आयोजित हुआ। कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने मिशन 2030 पर लिखित में विचार प्रस्तुत किए। इस कार्यक्रम में उद्योग एवं देवस्थान विभाग मंत्री शकुन्तला रावत तथा आरटीडीसी चेयरमैन धर्मेन्द्र राठौड़ ने भी अजमेर सभांग के विकास के लिए अपनी राय रखी। आरटीडीसी चेयरमैन धर्मेन्द्र राठौड़ ने राजस्थान मिशन 2030 पर कहाकि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने एक अभूतपूर्व कदम उठाया है। इस मिशन को हम सब भागीदार बनकर सफल बना सकते हैं। अजमेर एवं पुष्कर को ट्यूरिज्जम हब बनाया जाएगा। वर्ष 2030 तक राजस्थान का 10 गुना तक विकास किया जाएगा। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने होटल व्यवसाय को उद्योग का दर्जा दिया है। इससे होटल व्यवसायियों को प्रति माह 8 से 9 लाख रूपए का फायदा मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में फिल्म उद्योग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से फिल्म पर्यटन प्रोत्साहन नीति को करने पर सहममि हुई। इससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। धार्मिक नगरी पुष्कर में गोल्फ कोर्स का काम शुरू कर दिया गया है। राजस्थान राज्य मेला प्राधिकरण का गठन कर दिया गया है।

## हमारी सरकार संतों के दिए शांति, सद्भाव एवं एकता के भाव के साथ कर रही काम : गहलोत

चित्तौड़गढ़। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा है कि हमारे संत समाज ने सदियों से विश्व को शांति, सद्भाव और एकता का संदेश दिया तथा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने इन्हीं आदर्शों पर चलते हुए अहिंसा का मार्ग अपनाया और हमारी सरकार भी इसी भाव के साथ कार्य कर रही है। गहलोत गुरूवार को चित्तौड़गढ के नरबदिया में सर्व समाज सनातन चातुर्मास विकास समिति और अमरा भगत सेवा संस्थान द्वारा आयोजित अमरा भगतजी के 181वें जन्मोत्सव तथा चातुर्मास कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अनगढ़ धाम पर बन रहे अमरा भगत जी के पैनोरमा के माध्यम से आने वाली पीढ़ियों को भी हमारे संतों के उच्च सिद्धांतों और अहिंसा के मौलिक धर्म की सीख मिलेगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में 143 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का शिलान्यास-लोकार्पण भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा गौशालाओं को तीन हजार करोड़ रुपए का अनुदान दिया गया है जबकि पूर्ववर्ती राज्य सरकार द्वारा सिर्फ 500 करोड़ रुपए का अनुदान दिया गया था।

# धामी ने यमुना घाट निर्माण कार्य, हरिपुर एवं जमुना कृष्ण धाम मंदिर का किया शिलान्यास

देहरादून। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को कालसी, देहरादून स्थित रामलीला मैदान में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए यमुना नदी के तट पर हरिपुर (कालसी) में स्नान घाट/यमुना घाट के निर्माण कार्य एवं लोक पंचायत द्वारा प्रस्तावित जमुना कृष्ण धाम (मंदिर) का शिलान्यास किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने जौनसार बावर के बॉलीबुड सिंगर अभिनव चौहान के भजन 'हरिपुर में आंनद सजेगा' का भी विमोचन किया।




धामी ने जन्माष्टमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जन्माष्टमी के पावन पर्व के अवसर पर हरिपुर क्षेत्र के नव निर्माण का कार्य एक शुभ संकेत है। यह कार्य पौराणिक मान्यताओं को पुनर्जीवित करने एवं आध्यात्मिक, सनातन संस्कृति के नए अध्याय को लिखने का कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि हरिपुर क्षेत्र एक बड़ा तीर्थ स्थल हुआ करता था, यह क्षेत्र चार धाम यात्रा का भी एक महत्वपूर्ण स्थल है। उन्होंने कहा कि हरिपुर क्षेत्र में यमुना जी के तट को विकसित कर एक नए तीर्थ स्थल के रूप में आगे बढ़ाया जाएगा। यह क्षेत्र हरिद्वार ऋषिकेश के भांति विश्व विख्यात हो इसके लिए राज्य सरकार हर संभव मदद करेगी। उन्होंने कहा मां यमुना के आशीर्वाद से भव्य घाट निर्माण का संकल्प पूरा होगा। धार्मिक एवं पौराणिक मान्यताओं का हरिपुर स्थल सभी प्रदेश एवं देश वासियों की आस्था का केंद्र है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने हरिपुर धाम के यश को पुनर्स्थापित करने का जो संकल्प लिया है उसे शीघ्र ही सिद्धि तक पहुंचाएगी। मां यमुना का सम्मान करना हम सभी का कर्त्तव्य है। उन्होंने कहा हरिपुर के एक नए धार्मिक स्थल के रूप में विकसित होने से क्षेत्र में रोजगार के अवसर पैदा होंगे। भविष्य में इस क्षेत्र में बड़ी संख्या में यात्री एवं पर्यटक आएंगे। आज जौनसार बाबर का क्षेत्र जो फलों सब्जियों के उत्पादन के लिए जाना जाता है आने वाले समय में वह हरिपुर के लिए भी जाना जाएगा।

## आतंकवादियों को आश्रय न दें : सिन्हा

श्रीनगर। केंद्रशासित प्रदेश जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सोपोर के लोगों से आग्रह किया है कि वे आतंकवादियों और उनके मददगारों को किसी भी प्रकार का आश्रय न दें तथा उनसे निपटने का काम पुलिस एवं अन्य सुरक्षा बलों पर छोड़ दें। सिन्हा ने गुरुवार को डाक बंगला सोपोर में सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कि प्रशासन आतंकवादियों को जड़ से खत्म करने और मुनाफाखोरों से सख्ती से निपटने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, आप सब लोग बस इतना करें और बाकी काम पुलिस और सुरक्षा बलों पर छोड़ दो। प्रशासन के पूर्ण सहयोग से हमारी पुलिस और सुरक्षा बल यह सुनिश्चित करेंगे कि केन्द्रशासित प्रदेश की धरती से आतंक और उसके पारिस्थितिकी तंत्र का सफाया हो जाए। जब तक आतंक-पारिस्थितिकी तंत्र की रीढ़ नहीं टूट जाती, तब तक हम चैन से नहीं बैठेंगे। उपराज्यपाल ने कहा कि प्रशासन उन 'संघर्ष मुनाफाखोरों' के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिन्होंने आतंकवाद को अपना हथियार बनाकर केवल अपना खजाना भरा और आम आदमी को उनके हाल पर छोड़ने को मजबूर किया। सोपोर को कंधार की उपाधि किसने दी जो 1970 तक एक प्रसिद्ध व्यापारिक केंद्र था? यहां पथराव को बढ़ावा किसने दिया? इसके लिए जिम्मेदार लोगों ने सोपोर की जनता और आने वाली पीढ़ियों के साथ बहुत बड़ा अन्याय किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समर्थन से जम्मू-कश्मीर प्रशासन यह सुनिश्चित करेगा कि सोपोर का खोया हुआ गौरव पुन प्राप्त हो। उपराज्यपाल ने कहा, हम यह सुनिश्चित करेंगे कि 1970 के दशक के सोपोर के गौरव को फिर से वापस लाया जाए। एशिया की सबसे बड़ी फल मंडी होने के बावजूद सोपोर की किस्मत में दशकों तक नुकसान झेलना रहा है।

# एलएफ ने उपचुनाव मतगणना किया बहिष्कार

अगरतला। त्रिपुरा वाम मोर्चा (एलएफ) समिति ने गुरुवार को सेपाहिजला जिले के धनपुर और बॉक्सनगर के उपचुनावों में धांधली का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को होने वाली मतगणना का बहिष्कार करने की घोषणा की है।

समिति ने दोनों सीटों पर पांच सितंबर को मतदान के दौरान बड़े पैमाने पर धांधली का आरोप लगाते हुए चुनाव रद्द करने की मांग की।

वाम मोर्चे के मुख्य घटक, भारतीय कम्युनिष्ट पार्टी के सचिव जितेंद्र चौधरी ने आरोप लगाया है कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बदमाशों ने पुलिस और नागरिक प्रशासन के एक वर्ग का उपयोग करके चुनाव में धांधली की है।

हालाँकि, चुनाव आयोग ने आरोपों से इंकार किया और पर्यवेक्षकों की रिपोर्ट के आधार पर ने कहा कि उपचुनाव निष्पक्ष और शांतिपूर्ण था, जिससे विपक्षी दल नाराज है। हालाँकि मुख्य विपक्षी दल, टीआईपीआरए मोथा और कांग्रेस ने चुनाव नहीं लड़ा था। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी चुनाव में धांधली के आरोप पर कायम है।

एक बयान में वाम मोर्चा के संयोजक नारायण कर ने कहा कि बॉक्सनगर और धनपुर के उपचुनाव पूरी तरह से धांधली हुई है और इस संबंध में मतदान की शुरुआत से ही बार-बार भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) का ध्यान आकर्षित किया गया था लेकिन धांधली को रोकने के लिए कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाये गये।

उन्होंने आरोप लगाया, चूंकि चुनाव आयोग ने वीडियो फुटेज में मतदान धांधली की शिकायतों को स्वीकार नहीं किया, इसलिए हमने धांधली वाले मतदान की गिनती का बहिष्कार करने का फैसला किया है।

## सड़क दुर्घटना में तीन की दर्दनाक मौत

बाजपुर/नैनीताल। उत्तराखंड के ऊधमसिंह नगर जिले के बाजपुर में गुरुवार को सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गयी जबकि अन्य सात घायल हो गये। मृतक तीनों एक ही गांव के रहने वाले थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार चंडीगढ़ निवासी राकेश अपने परिवार के साथ अपने पैतृक गांव ऊधमसिंह नगर के महेशपुरा आये थे। आज वह परिवार के साथ वैन में सवार होकर हरिपुरा जा रहे थे। राष्ट्रीय राजमार्ग पर नमूना गांव के पास उनकी वैन और विपरीत दिशा से आ रही मोटरसाइकिल की भिड़त हो गयी। इस दुर्घटना में तीनों मोटरसाइकिल सवार सुमित, रिफाकत और शराफत निवासी बरहैनी गंभीर रूप से घायल हो गये। तीनों को अस्पताल ले जाया गया। बताया जा रहा है कि यहां तीनों की मौत हो गयी। वैन में सवार राकेश, अमरावती, ममता, रोहित, अमन, वंदना और गोविंद भी घायल हो गये।

# सेना ने चीन-पाकिस्तान बॉर्डर पर तैनात किए हाईटेक ड्रोन

### लद्दाख के न्योमा बेल्ट में बीआरओ बनाएगा एयरफील्ड

भारतीय सेना भी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के इस्तेमाल पर फोकस कर रही है। इसलिए उसने पड़ोसी देशों चीन और पाकिस्तान से विपरीत हालात में मुकाबले के लिए जम्मू-कश्मीर के नॉर्थ और वेस्ट बॉर्डर पर स्वदेशी ड्रोन तैनात किए हैं।

उधर, बॉर्डर रोड ऑर्गनाइजेशन पूर्वी लद्दाख के स्ट्रैटेजिक न्योमा बेल्ट में 218 करोड़ की लागत से एयरफील्ड बनाएगा। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह 12 सितंबर को इसकी आधारशिला रखने वाले हैं।

### एएसएमआई जैसे हथियार भी खरीदेगी सेना

न्यूज एजेंसी के मुताबिक नॉर्दन कमांड



के चीफ ऑफ स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता ने कहा कि दुश्मन का मुकाबला करने या निगरानी करने के लिए हमारी उत्तरी और पश्चिमी सीमाओं पर हाईटेक ड्रोन तैनात किए गए हैं। इन्हें देश में ही बनाया गया है। लॉजिस्टिक ड्रोन और ऑटोनॉमस व्हीकल्स को लेकर काफी रिसर्च हुआ है। सेनगुप्ता ने कहा- हम लॉजिस्टिक ड्रोन का भी इस्तेमाल कर रहे हैं। ऊंचाई वाले क्षेत्रों में इनको लेकर अलग-अलग चुनौतियां हैं। हम ऑपरेशनल एंड पर लॉजिस्टिक ड्रोन से ऊंचाई वाले इलाकों में बनी चौकियों तक वजन ले जा सकेंगे।

नॉर्दन कमांड के मेजर जनरल (जनरल स्टाफ) एसबीके सिंह ने कहा कि सेना ने खरीद के लिए कुछ हथियारों की पहचान भी की है। उनमें से एक को ASMI के नाम से जाना जाता है। यह 2 हथियारों का कॉम्बिनेशन है। हम इसे इस बार सिम्पोजियम में प्रदर्शित करेंगे।

# तमिलनाडु में भाजपा आईटी सेल के प्रमुख के खिलाफ मामला दर्ज

तिरुचिरापल्ली। तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली शहर की पुलिस ने सनातन घर्म पर तमिलनाडु के युवा कल्याण एवं खेल विकास मंत्री उदयनिधि स्टालिन की टिप्पणियों को कथित रूप से तोड़-मरोड़कर पेश करने के आरोप में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के आईटी सेल के राष्ट्रीय संयोजक अमित मालवीय के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

मालवीय ने हाल ही में एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर कहा कि श्री उदयनिधि ने सनातन धर्म की तुलना मलेरिया और डेंगू से की है और उनका मानना है कि सनातन धर्म को समाप्त कर देना चाहिए न कि केवल इसका विरोध करना चाहिए।



संक्षेप में, वह (उदयनिधि) सनातन धर्म का पालन करने वाली भारत की 80 प्रतिशत आबादी के नरसंहार की बात कर रहे हैं।

तिरुचिरापल्ली दक्षिण जिले में द्रमुक अधिवक्ता शाखा के आयोजक के. ए. वी. दिनाकरन ने तिरुचिरापल्ली के पुलिस आयुक्त से की गई शिकायत में कहा कि श्री उदयनिधि ने सनातन धर्म पर अपनी टिप्पणी पर स्पष्टीकरण दे दिया है इसके बावजूद भाजपा नेता ने दो समूहों के बीच हिंसा और घृणा भड़काने, सांप्रदायिक सद्भाव को कमजोर करने और राजनीतिक उद्देश्य के लिए जानबूझकर उनके भाषण को तोड़-मरोड़कर पेश किया।

पुलिस सूत्रों ने गुरुवार को कहा कि उनकी शिकायत के आधार पर शहर की अपराध शाखा पुलिस ने श्री मालवीय के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 153, 153 (ए), 504, 505 (1) (बी) के अंतर्गत मामला दर्ज किया है।

इस बीच, मदुरै साइबर अपराध शाखा पुलिस ने अयोध्या के तपस्वी छावनी मंदिर के मुख्य पुजारी संत रामचंद्र दास परमहंस आचार्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है, जिन्होंने विवादास्पद टिप्पणी के लिए उदयनिधि का सिर कलम करने वाले को 10 करोड़ रुपये इनाम देने की घोषणा की थी।

पुलिस ने द्रमुक अधिवक्ता शाखा के समन्वयक जे. देवसेनन की शिकायत के आधार पर संत रामचंद्र के खिलाफ आईपीसी की धारा 153, 153 ए (1) (ए), 504, 505 (1) (बी), 505 (2) और 506 (2) के अंतर्गत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने एक पत्रकार पीयूष राय के खिलाफ भी मामला दर्ज किया है, जिन्होंने श्री उदयनिधि को जान से मारने की धमकी देने वाले संत का वीडियो साझा किया था।

## भाजपा नेता चंद्र कुमार बोस ने पार्टी छोड़ी

कोलकाता। नेताजी सुभाष चंद्र बोस के पोते एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता चंद्र कुमार बोस ने पार्टी नेतृत्व की ओर से कथित रुप से नजरअंदाज किए जाने के कारण पार्टी छोड़ दी है और दावा किया है कि संगठन सही दिशा में नहीं जा रहा है। बोस 2016 में पश्चिम बंगाल में भाजपा के उपाध्यक्ष थे और 2020 में उन्हें हटा दिया गया था। उन्होंने भाजपा के टिकट पर कई चुनावी लड़ाइयाँ भी लड़ी थीं लेकिन हर बार हार गए थे। बुधवार को अपने पद छोड़ने के बाद उन्होंने इस बात पर अफसोस जताया कि सुबाष चंद्र बोस की विचारधारा को प्रचारित करने के लिए उन्हें पार्टी से न तो केंद्र में और न ही राज्य स्तर पर कोई समर्थन मिला।उन्होंने पार्टी छोड़ने के कारणों का जिक्र करते हुए कहा, पार्टी के साथ रहने का नकारात्मक प्रभाव पड़ा। उन्होंने आरोप लगाया कि वह वर्तमान परिस्थितियों में पार्टी के साथ काम नहीं कर सकते और ध्रुवीकरण, वोट-बैंक की राजनीति और विभाजनकारी राजनीति ने पश्चिम बंगाल में पार्टी की संभावनाओं को बर्बाद कर दिया है। उन्होंने दावा किया कि पार्टी को कैसे आगे बढ़ना चाहिए, इस पर उन्होंने कई प्रस्ताव भेजे, जिन्हें नजरअंदाज कर दिया गया। बोस 2016 में हावड़ा में एक रैली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में भाजपा में शामिल हुए थे।



# नशे को रोकने के लिए ग्रामीणों द्वारा 33 सदस्यीय कमेटी का गठन

एजेंसी

अमृतसर। पंजाब सरकार और पुलिस ने प्रदेश में नशे को रोकने के लिए मांगे जा रहे सहयोग के तहत अमृतसर के गांव दालम गांव के निवासियों ने नशे की लत को रोकने के लिए 33 सदस्यीय ग्राम समिति का गठन किया और इसके लिए उन्होंने अभिनेत्री सोनिया मान द्वारा संचालित संस्था माई भागो चैरिटी के साथ मिलकर काम करने का फैसला किया है।

ग्रामीणों ने वादा किया कि वह गांव में नशा रोकने के लिए पुलिस का पूरा सहयोग करेंगे और अगर इस मामले में कोई पकड़ा जाएगा तो उसकी जमानत या सिफारिश के लिए कोई नहीं जाएगा। इस अवसर पर राजासांसी एसएचओ हरचंद सिंह, सरपंच करमजीत सिंह, सरपंच हीरा सिंह सहित गांव के अन्य बुजुर्ग बड़ी संख्या में मौजूद थे।

अभिनेत्री सोनिया मान ने ग्रामीणों को इस अनूठी पहल के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि यह अच्छी बात है कि ग्रामीण अब एकजुट होकर नशे के सौदागरों के खिलाफ एकजुट हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन भी इन गांवों को पूरा सहयोग देगा और इस संबंध में डिप्टी कमिश्नर अमित तलवार खुलकर उनकी मदद कर रहे हैं।

# बाघ की खाल और हड्डियों के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

### दो बाघों की खाल और 35 किलो बाघ की हड्डी को रुद्रपुर ले जा रहे थे बेचने, एसटीएफ ने धरदबोचा

**देहरादून।** उत्तराखंड एसटीएफ ने तीन शातिर वन्यजीव तस्करों को गिरफ्तार किया है यह तीनों वन्यजीव तस्कर उधम सिंह नगर के बाजपुर से गिरफ्तार किए गए हैं जो कुख्यात वन्यजीव तस्कर है एसएसपी एसटीएफ द्वारा गठित सीइओ एसटीएफ सुमित पांडे के नेतृत्व की टीम और वाइल्ड लाइफ क्राइम कंट्रोल ब्यूरो दिल्ली की टीम ने इन तीनों तस्करों को तस्करी के दौरान दबोच लिया तीनों तस्करों के पास से दो बाघों की खाल और 35 किलो बाघ की हड्डी बरामद की गई है बताया जा रहा है कि यह दोनों तस्कर पिछले लंबे समय से वन्यजीवों की तस्करी कर रहे थे और



इससे पहले भी उनके कुछ साथी गिरफ्तार किए गए थे तब से एसटीएफ इन तीनों शातिर वन्यजीव तस्करों की तलाश में जुटी हुई थी इसके बाद एसटीएफ की टीम ने तीनों वन्य जीव तस्करों को उधम सिंह नगर के बाजपुर से गिरफ्तार कर लिया है यह तीनों काशीपुर के रहने वाले हैं और लंबे समय से वन्य जीव अंगों की तस्करी कर रहे थे।


### गैंग के 7 कुख्यात तस्करों को एसटीएफ पहले कर चुकी गिरफ्तार

एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने बताया कि पिछले लंबे समय से एसटीएफ द्वारा वन्य जीव तस्करों की धड़पकड़ के लिए गोपनीय अभियान चलाया जा रहा था एसटीएफ को यह जानकारी मिल रही थी कि वन्य जीव अंगों की अवैध तस्करी की जा रही है तस्करों की अवैध गतिविधियां यहां बढ़ रही है इसके बाद एसटीएफ द्वारा अभियान चलाया गया और तीन शातिर वन्यजीव तस्करों को गिरफ्तार किया गया है उन्होंने बताया कि इन तीनों तस्करों से दो टाइगर की खाल और तकरीबन 35 किलो टाइगर को हड्डी बरामद की गई है जो बाघ की खाल और हड्डी को रुद्रपुर बेचने ले जा रहे थे उन्होंने बताया कि यह तीनों कुख्यात वन्य जीव तस्कर हैं जो काफी समय से उत्तराखंड वह सीमावर्ती उत्तर प्रदेश में तस्करी का काम कर रहे थे इस गैंग से संबंधित 7 सदस्यों को पहले ही टाइगर की खाल के साथ गिरफ्तार किया जा चुका है उन्होंने बताया कि यह बाघ की खाल और हड्डियों को कहां से लाए थे इस संबंध में उनसे पूछताछ की जा रही है।

# शहरी क्षेत्र के गांवों के खेतों के रास्ते पक्का करने की योजना बनाएगी सरकार : खट्टर

हिसार। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा है कि शहरी क्षेत्र में शामिल गांवों के खेतों के रास्ते पक्का करने के लिये एक योजना बनाई जाएगी ताकि किसानों को फसल लाने-ले जाने में सुविधा हो सके।

खट्टर वीरवार को हिसार जिले के सातरोड़ खास गाँव में जनसंवाद कार्यक्रम में यह बात कही। उन्होंने इस अवसर पर दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिल भी वितरित कीं तथा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा



निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया और जानकारी हासिल की। उन्होंने कहा कि गांवों के खेतों के रास्ते पक्का करने के लिए सरकार ने पहले ही खेत खलिहान योजना बनाई हुई है और इसके तहत रास्ते पक्के किये जा रहे हैं। शहरी क्षेत्र में शामिल गांवों के लिये अब नई योजना बनाकर रास्ते पक्के किये जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि परिवार पहचान पत्र के माध्यम से लोगों की पेंशन तथा उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। उन्हें यह सुविधा अब घर बैठे ही मिलती है। पेंशन के लिए किसी बुजुर्ग को कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने पड़ते।

## समस्तीपुर में पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष की गोली मारकर हत्या

**समस्तीपुर।** बिहार में समस्तीपुर जिले के रोसड़ा थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर मुहल्ला के समीप अपराधियों ने गुरुवार को रोसड़ा नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष अरूण महतो की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि जिले के लक्ष्मीपुर मुहल्ला निवासी एवं नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष अरुण महतो आज सुबह अपने घर से स्टेशन की ओर जा रहे थे तभी हथियारबंद अपराधियों ने उनकी गोली मारकर हत्या कर दी।

# जी-20 देशों की चार दिवसीय चौथी शेरपा बैठक नूंह में सम्पन्न

नूंह। हरियाणा के नूंह जिले के ताबडू स्थित आईटीसी ग्रैंड भारत रिसोर्ट में चल रहे जी-20 शिखर सम्मेलन की चौथी शेरपा बैठक बुधवार शाम सम्पन्न हुई।

चार दिन चली इस बैठक में दिल्ली में राष्ट्राध्यक्षों के होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन के मसौदे को अंतिम रूप दिया गया।

भारत के जी-20 शेरपा अमिताभ कांत के नेतृत्व में तीन दिनों तक लगातार 12 सत्रों में विभिन्न वैश्विक मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। इस सम्मेलन के जरिए विश्व में पर्यटन, विविध सांस्कृतिक समझ और परम्पराओं को जी-20 सीमाओं से आगे ले जाने की वकालत की गई। इसमें संघीय, सामाजिक, कूटनीतिक, वैश्विक तथा आर्थिक मामलों जैसे प्राथमिकता वाले मुद्दों को लेकर वसुधैव कुटुंबकम एक पृथ्वी-एक परिवार तथा एक भविष्य की संकल्पना को मूर्त रूप देने का कार्य किया गया है।

## शार्ट न्यूज

### 14 बिल्डरों ने खुलवाएं एस्क्रो अकाउंट

नोएडा। डिफाल्टर 59 बिल्डर से अपना बकाया वसूल करने, अधूरे प्रोजेक्ट को पूरा कराने, खरीदारों को उनका आशियाना दिलाने को लेकर नोएडा प्राधिकरण ने बिल्डरों पर नकेल कस दी है। लगातार एस्क्रो अकाउंट खोलने का दबाव बना रही है, जिसमें अब तक 14 बिल्डरों ने एस्क्रो अकाउंट खोल दिए है। करीब 6 बिल्डर आगामी तीन से चार दिनों में ही खाता खोल देंगे। एसीईओ प्रभाष कुमार ने बताया कि 20 बिल्डरों के एस्क्रो अकाउंट खोलने के बाद डिफाल्टर बिल्डरों पर नकेल कस ली जाएगी, क्योंकि रेरा नियमों के हिसाब से अकाउंट में जमा होने वाली राशि का 30 प्रतिशत सिर्फ बिल्डर परियोजना के लिए निकाल सकेगा। जबकि बाकी 70 प्रतिशत का 70 प्रतिशत करीब कुल जमा राशि का 49 प्रतिशत प्राधिकरण के खाते में आने लगेगा, जिसके बाद प्राधिकरण के पास बकाया राशि वापस आनी शुरू हो जाएगी। वैसे यदि कोई प्रोजेक्ट अभी तक शुरू नहीं हुआ है तो उसका आवंटन रद कर देना चाहिए।

### डबल मर्डर केस में पूरे परिवार को उम्रकैद

गौतम बुद्ध नगर। गौतम बुद्ध नगर जिला न्यायालय ने डबल मर्डर के मामले में महिला आरोपी सहित चार लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। नोएडा के बरौला गांव में अक्टूबर 2017 में डबल मर्डर हुआ था। इस मामले में गौतमबुद्ध नगर जिला न्यायालय ने फैसला सुनाया। हत्याकांड में शामिल पूरे परिवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इसमें घर के मुखिया ओमवीर और उनकी बीवी पुष्पा देवी भी शामिल हैं। ओमवीर और पुष्पा देवी ने अपने दोनों बेटों गुलशन और जितेंद्र के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया था। यह फैसला ADJ/FTC प्रथम विजय प्रताप सिंह ने सुनाया है और पूरे मामले की पैरवी शासकीय अधिवक्ता नितिन त्यागी ने की है। शासकीय अधिवक्ता नितिन त्यागी ने बताया, बरौला गांव के निवासी रमेश कुमार शर्मा ने सेक्टर-49 कोतवाली में मुकदमा दर्ज करवाते हुए बताया था कि 9 अक्टूबर 2017 को रात करीब 9ः00 बजे मेरा भतीजा उमेश और योगेश किसी काम से कल्याण कुंज कॉलोनी जा रहे थे। उनके पीछे कुछ दूरी पर मैं और अमित कुमार शर्मा पैदल चल रहे थे। जब उमेश और योगेश बरौला गांव में मकान बना रहे गुलशन उर्फ गुल्लू और जितेंद्र उर्फ जुता के घर के पास पहुंचे तो गुलशन, जितेंद्र और ओमकार ने अपने साथियों के साथ मिलकर उमेश व योगेश पर चाकू से हमला कर दिया। इस घटना में गुलशन की मां ने भी पूरा सहयोग दिया था।

### पांच कुंतल मावा को चैकिंग के दौरान पकड़ा

मोदीनगर। दिल्ली मेरठ मार्ग पर गोविन्दपुरी स्थित पुलिस चौकी के सामने उपजिलाधिकारी ने खाद्य निरीक्षक के साथ मिलकर चैकिंग के दौरान 500 किलो मावा पकड़ा है। खराब क्वालिटी होने के कारण 50 किलो मावा नष्ट कर दिया और अन्य से सैंपल लेकर जांच के लिए भेज दिया है। मावा मेरठ से दिल्ली जा रहा था। उपजिलाधिकारी संतोष राय ने बताया कि गुरूवार सुबह पांच बजे के आसपास सूचना मिली कि मिलावटी मावा मेरठ से दिल्ली जा रहा है। सूचना मिलते ही खाद्य निरीक्षक विजय चौधरी को इसकी सूचना दी गई। इसके बाद दिल्ली मेरठ मार्ग पर गोविन्दपुरी पुलिस चौकी के सामने पुलिस के साथ मिलकर वाहन चैकिंग अभियान शुरू किया गया। इसी बीच एक गाड़ी मेरठ की और से आती हुई दिखाई दी। जब पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया तो चालक ने रफ्तार तेज कर दी। पुलिस ने पीछा कर उसे रुकवा लिया। उपजिलाधिकारी संतोष राय ने बताया कि गाड़ी में पांच सौ किलो मावा छिपाकर रखा गया था। खाद्य निरीक्षक विजय चौधरी ने बताया कि जांच करने पर 50 किलो मावा खराब मिला ,जिसे नष्ट करा दिया गया है। इसके अलावा बाकी मावे का सैंपल लेकर जांच के लिए भेज दिया है। यदि जांच में गडबड मिली तो रिपोर्ट दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### 8 वर्षीय बच्ची पर सांड ने किया हमला

दनकौर। समसपुर गांव में लावारिस सांड ने 8 वर्षीय बच्ची पर जानलेवा हमला कर दिया। घटना के वक्त बच्ची घर से स्कूल बस में बैठने जा रही थी। हमले में गंभीर रूप से घायल बच्ची को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। समसपुर निवासी ओमवीर नागर की भतीजी तपस्या कक्षा तीन की छात्रा है। ओमवीर ने बताया कि बुधवार सुबह तपस्या घर से पैदल गांव के बाहर आने वाली स्कूल बस में बैठने जा रही थी। गांव की गली में अचानक एक लावारिस सांड उसके पीछे भागने लगा। तपस्या ने भागकर बचने का प्रयास किया। पीछे आ रहे सांड ने उसे जमीन पर पटक दिया। जमीन पर गिरी बच्ची पर सांड कई मिनट तक सींगों से हमला करता रहा। आसपास के लोगों ने शोर मचाकर सांड को भगाने का प्रयास किया लेकिन नाकामयाब रहे। मौके पर मौजूद लावारिस कुत्ते के लगातार भौंकने पर सांड बच्ची को वहीं छोड़कर चला गया। ओमवीर के मुताबिक ग्रामीण लावारिस सांडों से परेशान हैं। कुछ माह में गांव में कई लोगों पर सांड हमला कर चुके हैं। आरोप है कि इस बाबत प्राधिकरण के अधिकारियों को लिखित शिकायत दी गई थी। लेकिन आज तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है।

### किसानों की जनप्रतिनिधियों और सीईओ के साथ बैठक बेनतीजा

ग्रेटर नोएडा। ग्रेनो प्राधिकरण कार्यालय में बुधवार को किसानों की राज्यसभा सांसद सुरेंद्र सिंह नागर, जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह और प्राधिकरण के सीईओ रवि कुमार एनजी के साथ चार घंटे तक चली वार्ता असफल रही। किसानों ने चेतावनी दी कि वह 12 सितंबर को प्राधिकरण के दोनों गेट बंद करके बैठेंगे। जब तक समस्याएं दूर नहीं होंगी, कोई काम नहीं होने दिया जाएगा। किसान नेता डॉ. रुपेश वर्मा ने बताया कि बैठक में जिन मुद्दों पर सहमति बन गई थी, केवल उनका एजेंडा (मिनट्स) मांगा था। मगर प्राधिकरण अधिकारी इसके लिए 25 सितंबर का समय देने लगे। यहीं बात बिगड़ गई। प्राधिकरण और जनप्रतिनिधियों की मंशा साफ नहीं है। इसलिए वार्ता बेनतीजा रही है। प्राधिकरण बोर्ड रूम में करीब चार घंटे तक मैराथन बैठक हुई, यहां कुछ मुद्दों को शासन के समक्ष भेजने की बात हुई। अधिकारियों के बाद में मिनट्स देने के निर्णय पर जनप्रतिनिधियों ने भी सुर में सुर मिला दिया। इस पर किसानों ने निर्णय लिया कि जब तक मिनट्स नहीं मिलेंगे तब तक इस बैठक का कोई फैसला मान्य नहीं होगा।

# रेलवे और मेट्रो पुलिस भी चाक चौबंद

## स्टेशनों पर सीसीटीवी कैमरों से रखी जा रही नजर; पटरियों पर भी हो रही गश्त



**नई दिल्ली।** जी-20 सम्मेलन की सुरक्षा व्यवस्था के लिए रेलवे व मेट्रो पुलिस ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। प्रगति मैदान के आसपास के स्टेशनों पर खासी चौकसी बरती जा रही है। जिन रेलवे ब्रिज के नीचे से विदेशी मेहमानों का काफिला गुजरेगा, वहां विशेष तौर पर निगरानी रखी जा रही है। आयोजन स्थल के आसपास के स्टेशनों पर किसी भी वाहन को खड़ा करने की अनुमति नहीं है।

पुलिस के अनुसार, सम्मेलन में शामिल होने वाले विदेशी मेहमानों का 8 सितंबर से दिल्ली आना शुरू हो जाएगा। इसे लेकर दिल्ली पुलिस के अलावा सभी सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हैं। राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) और रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने संयुक्त रूप से राजधानी के सात रेलवे स्टेशनों की सुरक्षा की कमान संभाल ली है। आयोजन स्थल के सबसे करीब नई दिल्ली रेलवे स्टेशन और निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन पर व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। विदेशी मेहमानों का काफिला तिलक ब्रिज, भैरों रोड रेलवे ब्रिज, रिंग रोड रेलवे ब्रिज, सरदार पटेल मार्ग ब्रिज और अफ्रीका एवेन्यू ओवर ब्रिज से होकर गुजरेगा।

इन जगहों पर अत्याधुनिक हथियार से लैस जवान तैनात किए गए हैं। आयोजन स्थल के आसपास से गुजरने वाली रेलवे पटरियों के पास भी जवानों को तैनात किया गया है जो लगातार गश्त कर रहे हैं। स्टेशनों के पास अंधेरे में रहने वाली जगहों पर लाइट लगाई गईं हैं। साथ ही, निगरानी के लिए नई दिल्ली रेलवे स्टेशन और निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन पर करीब 75 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इनकी कंट्रोल रूम से निगरानी की जा रही है।

प्रगति मैदान के आसपास के मेट्रो स्टेशनों पर मेट्रो पुलिस के साथ-साथ सीआईएसएफ और अर्धसैनिक बल के जवान तैनात हैं। आयोजन के दौरान मेट्रो सेवा जारी रहेगी। मेट्रो के पूरे रूट पर लगे सीसीटीवी को बारीकी से निगरानी की जा रही है। पुलिस व अर्धसैनिक बल के जवान यात्रा के दौरान मेट्रो में भी गश्त करेंगे और संदिग्धों की निगरानी करेंगे।

### पार्किंग में नहीं रहेंगे वाहन

सम्मेलन के दौरान रेलवे स्टेशनों और सम्मेलन स्थल के पास स्थित पटेल चौक, आरके आश्रम और सुप्रीम कोर्ट मेट्रो स्टेशन की पार्किंग में वाहन खड़े नहीं होंगे। आवश्यक वाहनों को छोड़कर किसी भी वाहनों को यहां ठहरने की इजाजत नहीं होगी। स्टेशनों पर जाने वाले यात्रियों को छोड़ने की इजाजत होगी, लेकिन किसी को स्टेशन से ले जाने पर पूरी तरह से रोक होगी।

### रेलवे पार्सल पूरी तरह से बंद

रेलवे के पार्सल घर बंद रहेगा। रेलवे पुलिस उपायुक्त ने रेलवे डीआरएम को पत्र लिखकर इसे बंद करने का अनुरोध किया था, जिसे रेलवे ने स्वीकार कर लिया है।

### संदिग्ध लोगों की सूचना देने की अपील

रेलवे स्टेशनों पर मौजूद कुली, सफाई कर्मी, ऑटो व टैक्सी चालकों को यहां आने वाले संदिग्ध लोगों पर निगरानी रखने के लिए कहा गया है। इसकी जानकारी पुलिस को देने की अपील की है, ताकि समय रहते पहचान कर कार्रवाई की जा सके।

# तीन हजार खाली सीटों के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय के स्नातक कोर्सेज में दाखिले के लिए तीन हजार से अधिक सीटें खाली हैं। डीयू प्रशासन ने बृहस्पतिवार देर शाम को खाली सीटों की जानकारी जारी कर दी। साथ ही खाली सीटों पर दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया भी शुरू हो गई। कई कॉलेजों में कुछ कोर्सेज में सामान्य श्रेणी के लिए सीटें भर गई हैं। कुछ कॉलेजों में बीकॉम व साइंस कोर्सेज में ही दाखिले की गुंजाइश है। अब छात्र नौ सितंबर तक इन सीटों पर दाखिले के लिए आवेदन कर सकते हैं।

इस स्पॉट राउंड के बाद सीटें भरने की संभावना है। ऐसे में छात्रों के पास दाखिले का यह अंतिम चांस हो सकता है। स्पॉट राउंड-2 के लिए खाली सीटों की जानकारी के अनुसार कॉलेजों में एक से 15 तक सीटें खाली हैं। आचार्य नरेंद्र देव कॉलेज में बीकॉम में 9, बॉटनी में 6, केमिस्ट्री में 5, कंप्यूटर साइंस में 6 सीटें खाली हैं। आर्यभट्ट कॉलेज में बीकॉम ऑनर्स में 3, बीएससी मैथमेटिक्स में 5, दौलतराम कॉलेज में बीकॉम की 2 सीटें खाली हैं। दीन दयाल उपाध्याय कॉलेज में गणित की 6, बीएससी इलेक्ट्रॉनिक्स की पांच, आईपी कॉलेज में बीकॉम की 5 सीटें खाली हैं।

अंबेडकर कॉलेज में बीए ऑनर्स बिजनेस इकोनॉमिक्स की 16, बीकॉम की 17 सीटें खाली हैं। गार्गी कॉलेज में बीकॉम की पांच, बीकॉम ऑनर्स की 7 सीटें खाली हैं। माता सुंदरी कॉलेज में बीए ऑनर्स राजनीति विज्ञान की 44 सीटों पर दाखिले के लिए आवेदन किया जा सकता है। इसी कॉलेज में बीकॉम की 28 सीटें अभी भी खाली हैं।

अब इन सीटों पर दाखिले के लिए सात सितंबर से नौ सितंबर तक आवेदन किया जा सकता है। आवेदन के बाद सीटों का आवंटन 11 सितंबर सुबह 11 बजे तक किया जाएगा। आवंटन के बाद छात्रों को 11 से 13 सितंबर शाम पांच बजे तक सीट को स्वीकार करना होगा।

कॉलेज आवेदन का सत्यापन व दाखिले को 11 से 14 सितंबर तक मंजूर करेंगे। फीस का भुगतान 15 सितंबर तक किया जा सकता है।

### रीना गुप्ता ने भाजपा प्रवक्ता पर अभद्रता के लगाए आरोप

नई दिल्ली। एक टीवी चैनल पर डिबेट के दौरान भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता गौरव भाटिया द्वारा दिए गए बयान को लेकर भाजपा पर दिल्ली में आम आदमी पार्टी (आप) हमलावर है। आप की राष्ट्रीय प्रवक्ता रीना गुप्ता ने कहा कि गौरव भाटिया ने कल लाइव डिबेट में मेरे साथ बदतमीजी की। रीना गुप्ता ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी की यही सोच है कि महिलाओं को गालियां दो, बदतमीजी करो और हमें ऊंचा पद मिलेगा। पीएम को महिला सशक्तिकरण की बात नहीं करनी चाहिए, सिर्फ महिलाओं की फोटो लगा देने से महिला सशक्तिकरण नहीं होता। गुरुवार को पत्रकार वार्ता में रीना गुप्ता ने 10 पेज की लिस्ट दिखते हुए कहा कि इसमें उन सभी बड़े-बड़े भाजपा नेताओं के नाम हैं, जिन्होंने महिलाओं के साथ बलात्कार, यौन शोषण, उत्पीड़न किया है। महिलाओं का शोषण करने वाले नेताओं का करियर भाजपा में ऊंचा ही गया है।

# हेड कांस्टेबल की हत्या के आरोपी खालिद को जमानत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अदालत ने 2020 के दिल्ली दंगों के दौरान हेड कांस्टेबल रतन लाल की हत्या में शामिल आरोपी मोहम्मद खालिद को जमानत दे दी। अदालत ने कहा कि मामले में अन्य सभी प्रमुख आरोपियों को पहले ही जमानत मिल चुकी है।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पुलत्स्य प्रमाचला की अदालत ने आरोपी मोहम्मद खालिद की जमानत 15 हजार रुपये के निजी मुचलके व एक अन्य जमानत राशि पर स्वीकार की है।

अदालत ने कहा कि उन्हें आरोपी मोहम्मद खालिद की भूमिका अन्य सह-आरोपियों की तुलना में खराब नहीं लगती। उन्होंने कहा कि इसी तरह के आरोप वाले अन्य व्यक्तियों को बिना किसी विशिष्ट भूमिका के उस भीड़ का हिस्सा होने के कारण इस मामले में जमानत दे दी गई है। अदालत ने यह भी कहा कि जिन लोगों पर सीसीटीवी कैमरों को नुकसान पहुंचाने जैसी विशिष्ट भूमिका का आरोप था, उन्हें भी दिल्ली उच्च न्यायालय ने जमानत प्रदान कर दी है।

आरोपी के वकील मोहम्मद हसन के मुताबिक, खालिद दिसंबर 2018 से देहरादून में रह रहा था। खालिद के बैंक लेनदेन से पता चलता है कि वह उक्त घटना की तारीख पर देहरादून में गैस स्टेशन पर मौजूद था। गौरतलब है कि इसी साल जुलाई में गिरफ्तार किया गया मोहम्मद खालिद हेड कांस्टेबल रतन लाल की हत्या के मुख्य साजिशकर्ताओं में से एक मोहम्मद अयाज का भाई है। अयाज़ को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने इसी साल 21 जून को गिरफ्तार किया था।

# नोएडा गोल्फ कोर्स सेक्रेटरी के साथ मारपीट

## बीच सड़क पर तीन युवकों ने पीटा , फिर गाड़ी तोड़ी और चाबी ले गए



**नोएडा।** नोएडा में गोल्फ कोर्स के सेक्रेटरी के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। वो बुधवार रात को गोल्फ कोर्स से डिनर करके लौट रहे थे। इस दौरान सेक्टर-29 के पास तीन युवकों के साथ उनकी बहस हो गई। बहस वीडियो बनाने को लेकर हुई।

विरोध करने पर तीनों युवकों ने उनके साथ मारपीट कर दी। डीसीपी हरीश चंदर ने बताया कि मारपीट की वजह से गोल्फ कोर्स के सेक्रेटरी स्टीवन को नाक के आसपास हल्की चोट लगी है। उनका इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया वहां से उनको घर भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि इस मामले में स्वीटन के साथ पहले मारपीट की गई। इसके बाद डंडे या किसी अन्य चीज से उनकी गाड़ी का शीशा तोड़ दिया गया। तीनों युवकों में से किसी ने इस दौरान उनकी गाड़ी की चाबी निकाल ली और लेकर फरार हो गई। हालांकि लूटपाट करने या अपहरण करने जैसा मामला नहीं है।

उन्होंने बताया कि स्टीवन की शिकायत पर कोतवाली सेक्टर-39 में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। तीनों युवकों को पकड़ने के लिए पुलिस की टीम तीने बनाई गई है। जल्द ही तीनों को गिरफ्तार किया जाएगा। डीसीपी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। वहां लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से पता चल जाएगा कि आखिर क्या हुआ था।

### मेले में झूला टूटने से एक महिला की मौत

नोएडा। नोएडा के सदरपुर में चल रहे मेले में आसमानी झूले का डिब्बा टूटने से दो महिलाएं और एक बच्चा घायल हो गए। इसमें एक महिला को इलाज के लिए कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। महिला की पहचान उषा (55) हुई है। वहीं दूसरी महिला उनकी शालू का इलाज किया जा रहा है। शालू रिश्ते में उषा की बहू है। वहीं एक बच्चे को हल्की चोट आई है। झूला टूटते ही मेले में अफरा-तफरी मच गई। जिसके बाद पहुंची पुलिस ने मेले में लगे झूलों को बंद कराया।

# कंपनी से डेटा चोरी के मामले में छह पर एफआईआर

**नोएडा।** सेक्टर-63 स्थित नेक्सजेन एनर्जिया लिमिटेड के पूर्व कर्मचारियों पर कंपनी के ग्राहकों का डाटा चोरी कर एंव उन्हें डिलीट करने के मामले में पूर्व कर्मचारी समेत छह लोगों के खिलाफ थाना सेक्टर-63 पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। कंपनी की ओर से इनके खिलाफ पूर्व में शिकायत दी गई थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कंपनी के प्रतिनिधि ने बताया कि उत्कर्ष गुप्ता, राहुल रस्तोगी, प्रिया खरे, सुधीर कुमार, गजानन देश मुख, श्वेता सिंह ने मिलकर कंपनी के साथ धोखाधड़ी की है। उन्होंने बताया कि उत्कर्ष गुप्ता ने पिछले साल ही कंपनी को जॉइन किया था । इसके बाद से वे ग्राहकों का डेटा चोरी करने लगे। साथ ही कंपनी को बिना बताए ही समान प्रतियोगी कंपनी बनाने लगे।

उन्होंने बताया कि कंपनी एचआर पॉलिसी के तहत एक ट्रेड में 3 साल तक काम नहीं कर सकते है। जबकि उत्कर्ष गुप्ता ने अपने दोस्त राहुल रस्तोगी को कंपनी में बुलाया और कंपनी के अन्य लोगों के साथ मिलकर एक नई कंपनी बना ली। डेटा चोरी करते पाए जाने पर इन लोगों ने जान से मारने तक की धमकी दे डाली।

# सिंगापुर जा रहे यात्री के बैग से मिली पिस्टल और मैगजीन

नई दिल्ली । दिल्ली से सिंगापुर जा रहे एक यात्री के बैग से पिस्टल और दो खाली मैगजीन मिली हैं। यात्री पिस्टल को लेकर कोई वैध कागजात पेश नहीं कर पाया। सीआईएसएफ की टीम ने उसे पुलिस के हवाले कर दिया है। आईजीआई एयरपोर्ट थाना पुलिस ने आरोपी यात्री के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस यात्री से पूछताछ कर रही है। आरोपी की पहचान परमानंद दास के रूप में हुई है। सीआईएसएफ अधिकारी ने बताया कि यात्री अपने परिवार के साथ बुधवार को दिल्ली के इंदिरा गांधी हवाई अड्डा के टर्मिनल तीन पर पहुंचा। उसे इंडिगो के विमान से सिंगापुर जाना था। प्रस्थान वाले गेट संख्या पांच से प्रवेश करने के बाद आरोपी यात्री के बैग को एक्सरे मशीन से गुजारा गया। सीआईएसएफ कर्मियों को बैग में आपत्तिजनक चीज दिखाई दी।

उसके बाद जवानों ने यात्री के बैग की तलाशी ली। तलाशी के दौरान बैग से पिस्टल व मैगजीन मिली। आरोपी यात्री से इस बारे में पूछताछ की गई, लेकिन वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। सीआईएसएफ अधिकारियों ने यात्री को पुलिस को सौंप को दी।

# मुठभेड़ के बाद 50 हजार का इनामी गिरफ्तार

## गाजियाबाद में बंधक बनाकर की थी लूटपाट, एसटीएफ और पुलिस का जॉइंट ऑपरेशन




नोएडा। एसटीएफ और नोएडा पुलिस ने मुठभेड़ के बाद 50 हजार के इनामी को गिरफ्तार किया है। बदमाश की पहचान मुनव्विर उर्फ मन्ना उर्फ छोटा भाई पुत्र मीर हसन निवासी ग्राम तीतरवाडा शामली हुई है। मुनव्विर शामली, मुजफ्फर नगर , मेरठ , गाजियाबाद व बागपत जिले में लूट, डकैती, हत्या आदि की घटनाओं में फरार था। ये एक संगठित गिरोह बनाकर लोगों को घरों में बंधक बनाकर लूट एवं डकैती जैसी घटनाओं को अंजाम देता था। इस पर 14 से ज्यादा मुकदमे दर्ज है।

एडीसीपी शक्ति अवस्थी ने बताया कि एसटीएफ और पुलिस को जानकारी हुई कि बुधवार देर रात को एक शातिर बदमाश वारदात को अंजाम देने की फिराक में नोएडा आया है। लोकल इंटेलिजेंस और मुखबिर से जानकारी मिलने पर पुलिस ने थाना सेक्टर-113 क्षेत्र में चेकिंग लगा दी। इस दौरान बाइक पर एक शख्स आता दिखा। मुखबिर से पहचान होने ही पुलिस ने बाइक रोकने का प्रयास किया। लेकिन मुनव्विर ने पुलिस पर फायर कर दिया। हालांकि पुलिस ने फायर नहीं करते हुए घेराबंदी कर बदमाश को पकड़ लिया। पुलिस ने बताया कि मुनव्विर एक शातिर किस्म का लुटेरा है। ये अपने साथियों के साथ मिलकर एक संगठित गिरोह बनाकर लूट डकैती व हत्या जैसी संगीन घटनाओं को अंजाम देता है। मुनव्विर लोनी जनपद गाजियाबाद के लूट व डकैती के मुकदमे में 50,000 का इनामी है। बदमाश ने साल 2021 में गाजियाबाद के लोनी क्षेत्र में एक परिवार को बंधक बनाकर लूट की थी। जिसमें 06-07 मोबाइल, नकदी, सोने चादी के जेवरात, एक गाड़ी स्कार्पियों की लूट की गई थी। इस मामले में मुनव्विर के अन्य सभी साथी गिरफ्तार हो गये थे। मुनव्विर फरार चल रहा था । जिसको गिरफ्तार किया गया। इसके पास से 01 तमंचा 315 बोर व 01 खोखा कारतूस व एक जिन्दा कारतूस बरामद किया गया है।

# साढ़े 3 करोड़ की चरस के साथ महिला गिरफ्तार

## नेपाल का व्यक्ति गाजियाबाद पहुंचाता था खेप, फिर छोटे-छोटे पैकेट में होती थी बिक्री



गाजियाबाद। गाजियाबाद पुलिस ने गुरुवार को 9 किलो चरस के साथ एक महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस का दावा है कि मादक पदार्थों के अंतरराष्ट्रीय मार्केट में इस चरस की कीमत करीब 3 करोड़ 60 लाख रुपए है। ये महिला चरस की सप्लाई नेपाल के व्यक्ति से लेती थी और फिर उसे लोगों को बेचती थी।

### चरस के छोटे-छोटे पैकेट बनाकर बेचती थी

डीसीपी(ग्रामीण) विवेक चंद्र यादव ने बताया, पकड़ी गई महिला का नाम सितारा है। उसकी उम्र करीब 45 साल है।

वह लोनी थाना क्षेत्र में अशोक विहार की रहने वाली है। महिला से चरस के अलावा एक इलेक्ट्रॉनिक कांटा बरामद हुआ है। इसी कांटे पर वजन करके ये चरस के छोटे-छोटे पैकेट बनाकर कस्टमर को बेचती थी।

### 17 साल से नशे का कारोबार करती थी

डीसीपी ने बताया, ये महिला पहली बार साल-2006 में दिल्ली के थाना सदर बाजार से एनडीपीएस एक्ट में जेल गई थी। यानि सितारा पिछले करीब 17 साल से मादक पदार्थों की बिक्री का काम कर रही है। दिल्ली की जेल में इसकी मुलाकात नेपाल के रहने वाले एक व्यक्ति से हुई।

वो व्यक्ति भी तस्करी में बंद था। कुछ दिन बाद दोनों जेल से निकल आए। नेपाल का व्यक्ति ही सितारा को मादक पदार्थों की खेप लाकर देता था। उसके बाद सितारा उसको दिल्ली-एनसीआर में छोटे-छोटे पैकेट में बेचती थी।

नेपाल के व्यक्ति के बारे में पुलिस और जानकारी जुटा रही है। ये भी पता चला है कि सितारा का बेटा भी मादक पदार्थों की तस्करी में जेल में बंद है। इस फैमिली के कुछ ठिकाने गाजियाबाद के लोनी और दिल्ली के नांगलोई में पता चले हैं। जिन पर पुलिस छानबीन कर रही है।

# मेवाड़ का रजत जयंती महोत्सव स्थापना दिवस व शिक्षक दिवस समारोह के साथ सम्पन्न

## मेवाड़ के 28 पुरातन सदस्यों समेत 52 शिक्षाविद् सम्मानित



**गाजियाबाद।** वसुंधरा स्थित मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस का पांच दिवसीय रजत जयंती महोत्सव अपने स्थापना दिवस और शिक्षक दिवस समारोह के साथ सम्पन्न हो गया। इस मौके पर दस साल से अधिक समय से मेवाड़ में कार्यरत मेवाड़ परिवार के 28 सदस्यों और बाहरी स्कूलों के 10 प्रिंसिपल समेत 52 शिक्षाविदों का सम्मान किया गया। सभी को सम्मान पत्र, सर्टीफिकेट, स्मृति चिह्न और गुलदस्ते भेंट किये गये। इस मौके पर मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन डॉ. अशोक कुमार गदिया एवं महासचिव अशोक कुमार सिंघल ने अपने विचार व्यक्त किये। मेवाड़ के चेयरमैन डॉ. अशोक कुमार गदिया ने कहा कि हमारे होने का अर्थ हम सबमें है। भगवान ने हमें यह एक अनोखा गुण दिया है। जरूरत है इसे देखने व परखने की। जिसने देख-परख लिया और जीवन में उतार लिया तो देखना भविष्य में आश्चर्यजनक परिणाम देखने को मिलेंगे। हमें समाज के उस वंचित समाज के तबके को शिक्षित कर देश की मुख्यधारा से जोड़ना है, जिसके लिए कोई गंभीर रूप से चिंतित नहीं है। उन्होंने कहा कि हमें खुशी है कि हमारे मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में 75 प्रतिशत बच्चा उसी वंचित समाज का शिक्षा ग्रहण कर रहा है। अपने संस्थान के 25 साल पूरे तो हुए हैं लेकिन अब चुनौतियां भी बड़ी हो गई हैं। हमें इन चुनौतियों का डटकर मुकाबला करना है और विकसित होते भारत का अभिन्न हिस्सा बनना है। मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के महासचिव सीए अशोक कुमार सिंघल ने कहा कि डॉक्टर जीवन बचाता है तो शिक्षक जीवन बनाता है। इसलिए समाज में दोनों का समान महत्व है। उन्होंने कहा कि हम शिक्षक दिवस को संकल्प दिवस के रूप में मनाएं। हम अपने भीतर अनुशासन के साथ-साथ विकास की संभावनाओं को भी जन्म दें। अपने जीवन को हम सेवा कार्यों में भी लगायें। मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की निदेशिका डॉ. अलका अग्रवाल ने मेवाड़ इंस्टीट्यूशंस की प्रगति रिपोर्ट पढ़ी और सभी का स्वागत व आभार व्यक्त किया।

इससे पूर्व दिल्ली-एनसीआर के विभिन्न स्कूलों के 10 प्रधानाचार्यों को मेवाड़ की ओर से सम्मानित किया गया। मेवाड़ के 14 शिक्षकों को मेवाड़ एक्सीलेंस-2020 अवार्ड से नवाजा गया। साथ ही मेवाड़ परिवार के 28 पुरातन सदस्यों को सम्मानित किया गया। मेवाड़ के विद्यार्थियों ने इस मौके पर रंगारंग कार्यक्रम गीत, भजन, भाषण, कविता, गुरु वंदना आदि प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया।

### मेवाड़ परिवार के 28 सम्मानित सदस्यों की सूची

डॉ. अलका अग्रवाल, डॉ. नीतू सिंह, डॉ. गीता रानी, डॉ. आशुतोष मिश्रा, करुण कुमार कौशिक, डॉ. अरुण भारद्वाज, डॉ. वियंता पाल, अमित बबेरवाल, डॉ. सपना रल्हन, अजय कुमार, मोहम्मद शमी, अमित पाराशर, निहारिका सिंह, अम्बुज शर्मा, जतिन जोशी, पंकज गौतम, अजय गुप्ता, तारिक अली खान, गणेश विश्वकर्मा, गुरदीप कौर, सुधीर सहदेव, बृजपाल सिंह, पुनीत कपूर, विक्रांत तोमर, सुधीर कुमार, रवि कुमार त्यागी, अलका रानी, डॉ. अटल कुमार।

### ये प्रिंसिपल हुए सम्मानित

शालिनी नाम्बियार, डॉ. रविकांत सरल, डॉ. व्यंजना तिवारी, डॉ. कविता चौहान, डॉ. ओम सिंह, अरुण त्यागी, अर्चना कौल, शालिनी सिंह, रोनी थॉमस, डॉ. अंतिमा चौधरी, श्रीमती खन्ना, प्राची जैन।

# संपादकीय

## उच्च शिक्षा की तस्वीर बुरी तरह प्रभावित

पश्चिम बंगाल में राज्य सचिवालय और राज्यपाल के बीच अधिकार क्षेत्र को लेकर टकराव लंबे समय से जारी है।

पश्चिम बंगाल में राज्य के सात विश्वविद्यालयों में अंतरिम कुलपतियों की नियुक्ति के फैसले के बाद एक बार फिर राज्यपाल और सरकार के बीच विवाद की स्थितियां दिखने लगी हैं। हालांकि वहां यह स्थिति नई नहीं है। कुलपतियों की नियुक्ति सहित कई अन्य मुद्दों पर एक तरह से सरकार और राज्यपाल के रूप में दो पक्ष बन गए हैं और दोनों के बीच प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से खींचतान चलती रहती है। विडंबना यह है कि नियमों के मुताबिक अंतिम रूप से किसी एक व्यवस्था को अमल में आना ही है, लेकिन इस टकराव का खमियाजा किसी न किसी रूप में आखिर आम जनता को उठाना पड़ रहा है। यों वहां कुलपतियों की नियुक्ति के मसले पर अधिकार से जुड़ा विवाद पिछले कई महीने से चल रहा है, लेकिन रविवार को राज्यपाल ने जब सात विश्वविद्यालयों के लिए अंतरिम कुलपतियों की नियुक्ति को हरी झंडी दी, उसके बाद राज्य सरकार की ओर से तीखी प्रतिक्रिया उभरी। वहां के शिक्षा मंत्री ने राज्यपाल पर 'तानाशाहीपूर्ण' तरीके से काम करने का दावा करते हुए यह भी आरोप लगाया कि इस कदम से विश्वविद्यालय की कार्यप्रणाली 'नष्ट' हो सकती है। दरअसल, कुलाधिपति के तौर पर राज्यपाल और राज्य सरकार की विश्वविद्यालयों में भूमिका से संबंधित एक विधेयक विधानसभा में पारित हो चुका है। शिक्षा मंत्री की ओर से इसी बुनियाद पर राज्यपाल के कदम को नियमों का उल्लंघन बताया जा रहा है। दूसरी ओर, ताजा मामले पर राज्यपाल के पक्ष में यह तर्क दिया जा रहा है कि कुलपतियों की अनुपस्थिति में विश्वविद्यालयों में अनिश्चितता का माहौल बन सकता है, इसलिए यह कदम सही है।

हालांकि इस मसले पर पूर्व कुलपतियों सहित शिक्षाविदों के एक समूह ने भी राज्यपाल द्वारा कई अंतरिम कुलपतियों की नियुक्ति पर सवाल उठाया है। वहीं राज्य सरकार का दावा है कि वह इस मुद्दे पर राज्यपाल के साथ चर्चा करके मामले का हल निकालना चाहती है। लेकिन अगर सब कुछ इतना ही सहज है, तब वे कौन-से बिंदु हैं, जिसकी वजह से टकराव हो रहा है?

करीब तीन महीने पहले भी कुलपतियों की नियुक्ति के मसले पर राज्य सरकार और राज्यपाल एक दूसरे के आमने-सामने आ गए थे। सवाल है कि अगर कुलपतियों की नियुक्ति के मामले में नियमों की कसौटी पर स्थितियां बिल्कुल स्पष्ट हैं, तब क्या राज्यपाल उसकी अनदेखी करके इस मामले में फैसले ले रहे हैं! अगर ऐसा नहीं है तो क्या सरकार की आपत्ति नाहक ही किसी विवाद को तूल देने की कोशिश है? पश्चिम बंगाल में राज्य सचिवालय और राज्यपाल के बीच अधिकार क्षेत्र को लेकर टकराव लंबे समय से जारी है। मौजूदा खींचतान से पहले वहां के पूर्व राज्यपाल जगदीप धनखड़ के दौर में विवाद काफी गहरा हो गया था। खासतौर पर विश्वविद्यालयों में कुलपति की नियुक्ति के मसले पर यह तनाव इस कदर बढ़ा कि राज्य सरकार ने विधानसभा में एक विधेयक पारित कर राज्यपाल की जगह मुख्यमंत्री को अधिकार सौंपने का फैसला किया था। उसके बाद भी इस मामले में दोनों पक्षों में लगातार जद्दोजहद कायम है। लेकिन इस बीच यह ध्यान रखने की जरूरत है कि अधिकारों की सीमा और खींचतान के बीच राज्य में उच्च शिक्षा की तस्वीर बुरी तरह प्रभावित हो रही है। विचार इस पहलू पर किया जाना चाहिए कि राज्य के विश्वविद्यालयों में कितने पूर्णकालिक कुलपति हैं। इसकी वजह से प्रशासनिक और वित्तीय स्तर पर कैसे गतिरोध खड़े हो रहे हैं और कालेजों में सामान्य कामकाज और पठन-पाठन पर इसका क्या असर पड़ रहा है। मगर समस्या का कोई ठोस हल निकालने की कोशिश करने के बजाय राज्य सरकार और राज्यपाल आमने-सामने दिख रहे हैं। सवाल है कि इस टकराव का हासिल क्या है!

## वारदात को रोकने के लिए जिम्मेदारी तय करने की जरूरत

दिल्ली में पुलिस की भूमिका वारदात के बाद सिर्फ कार्रवाई की रह गई है। देश की राजधानी होने के नाते उम्मीद की जाती है कि दिल्ली में कानून-व्यवस्था की स्थिति बाकी जगहों के मुकाबले बेहतर होगी और यहां आपराधिक मानसिकता के लोगों के भीतर पुलिस का खौफ होगा। लेकिन अमूमन हर रोज किसी न किसी इलाके से ऐसी खबरें आती हैं, जिनसे ऐसा लगता है कि वारदात को अंजाम देने से पहले अपराधी के भीतर शायद कानूनी कार्रवाई का कोई डर नहीं होता।

हालत यह है कि मामूली बातों पर विवाद या फिर रंजिश का हल कुछ लोग हिंसक टकराव से करना चाहते हैं और इस क्रम में आए दिन किसी न किसी की हत्या की घटनाएं सामने आ रही हैं। बीते दो दिनों में दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में आपसी रंजिश की वजह से दो युवकों की हत्या की घटना ने एक बार फिर यही दर्शाया है कि लोगों के भीतर कानून का डर खत्म होता जा रहा है। उत्तम नगर थाना क्षेत्र में कुछ लड़कों ने एक युवक को पीट-पीट कर मार डाला, वहीं आनंद पर्वत इलाके में भी एक अन्य युवक की हत्या कर दी गई। दोनों मामलों में आपसी रंजिश को मुख्य कारण बताया जा रहा है।

दिल्ली में हुई ये घटनाएं आए दिन होने वाली वारदात की महज कड़ियां भर हैं, जिनमें छोटी-सी बात पर विवाद के बाद किसी की हत्या तक कर दी जा रही है। हाल ही में सड़क पर किसी बात पर सिर्फ बहस के बाद कुछ युवकों ने एक कंपनी के प्रबंधक की गोली मार कर हत्या कर दी। कुछ दिन पहले पचासी साल की एक वृद्ध महिला से बलात्कार और हिंसा की खबर आई। ऐसी घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं और बुजुर्ग तक सुरक्षित नहीं हैं।

ऐसा लगता है कि पुलिस की भूमिका वारदात के बाद सिर्फ कार्रवाई की रह गई है। जबकि पुलिस की मौजूदगी और कानून-व्यवस्था के दुरुस्त होने का प्राथमिक असर यह होना चाहिए कि किसी भी व्यक्ति को कोई गैरकानूनी काम करने से पहले यह भय हो कि खुद उसके साथ कानूनन क्या हो सकता है। लेकिन आपराधिक प्रवृत्ति या पेशेवर अपराधियों के दुस्साहस की तो दूर, आम लोगों के बीच भी अक्सर ऐसी घटनाएं होने लगी हैं, जिनमें किसी मामूली बात पर हुई बहस का अंजाम हिंसक टकराव या फिर हत्या के रूप में हो जाती है।

राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो के आंकड़ों के मुताबिक, केंद्रशासित प्रदेशों में 2021 में महिलाओं के खिलाफ अपराधों की दर सबसे ज्यादा दिल्ली में ही दर्ज की गई। बाकी अपराधों के मामले में तस्वीर इससे अलग नहीं है। आखिर ऐसा क्यों है कि राष्ट्रीय राजधानी होने के बावजूद यहां अपराधों की दर बाकी इलाकों से ज्यादा चिंता पैदा करने वाली है!

सरकार और पुलिस के अधिकार क्षेत्र के मसले पर खींचतान का हासिल यह है कि बढ़ती आपराधिक घटनाओं की जिम्मेदारी तय नहीं हो पाती है। निश्चित रूप से पुलिस की कार्यशैली और उसका प्रभाव ऐसा होना चाहिए कि आपराधिक मानसिकता या फिर आक्रामक बर्ताव वाले किसी भी व्यक्ति के भीतर अपनी मंशा को पूरा करने से पहले एक खौफ काम करे और वह अपराध न करे।

लेकिन जमीनी स्थिति इसके उलट है। दूसरी ओर, दिल्ली की स्थानीय सरकार को इस मोर्चे पर शायद अपनी कोई जिम्मेदारी नहीं महसूस होती है। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि अगले कुछ दिनों में जी-20 के सम्मेलन की वजह से दिल्ली दुनिया का केंद्र बनने वाली है। इसलिए आपराधिक घटनाओं पर तत्काल लगाम लगाने की जरूरत है, ताकि दुनिया भर में यहां की कानून-व्यवस्था को लेकर एक सकारात्मक संदेश जाए।

# रेवड़ियां बांटने की राजनीति देश के लोकतंत्र का बड़ा नुकसान कर रही है



ललित गर्ग

यथार्थ में देखा जाए तो जनतंत्र अर्थतंत्र बनकर रह जाता है, जिसके पास जितना अधिक पैसा होगा, वह उतने ही अधिक वोट खरीद सकेगा। सभी दल पैसे के दम पर चुनाव जीतना चाहते हैं, जनता से जुड़े मुद्दों एवं समस्याओं के समाधान के नाम पर नहीं।

लोकसभा एवं पांच प्रांतों में विधानसभा चुनाव सन्निकट है, जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आते जा रहे हैं, हैसियत से आगे निकलकर राजनीतिक दल जनता को मुफ्त की रेवड़ियां एवं सुविधाएं देने के लिए वादों का पिटारा खोलते जा रहे हैं, चुनाव सुधार की दिशा में सार्थक कदम इन चुनावों में भी उठते हुए दिखाई नहीं दे रहे हैं, जिताऊ उम्मीदवार अब भी राजनीतिक दलों की चुनाव प्रक्रिया पर हावी है, धनबल एवं बाहुबल का ही वर्चस्व एक बार फिर देखने को मिले, तो कोई आश्चर्य नहीं है। योग्यता और उपलब्धियां एक बार फिर हवा होगी। प्रश्न है कि चुनाव सुधार की प्रक्रिया कब मजबूती से आगे बढ़ेगी, चुनाव जनतंत्र की जीवनी शक्ति है। यह राष्ट्रीय चरित्र का प्रतिबिम्ब होता है। जनतंत्र के स्वस्थ मूल्यों को बनाए रखने के लिए चुनाव की स्वस्थता, पारदर्शिता और उसकी शुद्धि अनिवार्य है। चुनाव की प्रक्रिया गलत होने पर लोकतंत्र की जड़ें खोखली होती चली जाती हैं।

चुनाव प्रक्रिया महंगी एवं धन के वर्चस्व वाली होने से विसंगतिपूर्ण एवं लोकतंत्र की आत्मा का हनन करने वाली हो जाती है। करोड़ों रुपए का खर्चीला चुनाव, अच्छे लोगों के लिये जनप्रतिनिधि बनने का रास्ता बन्द करता है और धनबल एवं धंधेबाजों के लिये रास्ता खोलता है। हाल के वर्षों में चुनाव सुधार की दिशा में जितने भी कदम उठे हैं, उनमें राजनीतिक दलों की बजाय सर्वोच्च न्यायालय की सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका रही है या फिर चुनाव आयोग की। लोकप्रतिनिधित्व कानून 1951 के तहत चुनाव आयोग भारत में चुनाव कराता है। साल 1990 में जब टीएन शेषन देश के मुख्य निर्वाचन आयुक्त बनाए गए तो उन्होंने चुनाव सुधारों की दिशा में वे कदम उठाए जो असंभव समझे जाते थे। शेषन चुनाव-सुधार के प्रेरक बने एवं उन्होंने क्रांतिकारी कदम उठाते हुए पहली बार देश को अहसास कराया कि चुनाव आयोग नामक कोई दमदार संस्था भी होती है, जो चाहे तो बंदूकों के दम पर बूथ लूटने वाले आपराधिक तत्वों पर लगाम लगा सकती है। तभी पता चला कि चुनावी प्रशासन कितना कठोर और अनुशासनबद्ध हो सकता है।

शेषन के बाद चुनाव आयोग सक्रिय हुआ है, लेकिन शेषन जैसे प्रभावी कदम उठाने की कमी अब भी दिखाई दे रही है। दिल्ली में आम आदमी पार्टी के अरविन्द केजरीवाल, मध्य प्रदेश में शिवराज सिंह चौहान एवं राजस्थान में अशोक गहलोत सरकारों ने मुफ्त की रेवड़ियां बांटने की झड़ी लगा रखी है। धनबल एवं बाहुबल के बाद इन वर्षों में सर्वाधिक मुक्त सुविधाएं देने की घोषणाएं समूची लोकतांत्रिक प्रणाली को दूषित करने का सबब बन रही है। इस तरह





की बुराई एवं विकृति को देखकर आंख मूंदना या कानों में अंगुलियां डालना जनता की राष्ट्र के प्रति उदासीनता का द्योतक है, जरूरत इसके विरोध में व्यापक जनचेतना को जगाने की है। यह समस्या या विकृति किसी एक प्रांत की नहीं, बल्कि समूचे राष्ट्र की लोकतांत्रिक समस्या है।

साल 2015 में चुनाव आयोग ने अपनी चुनावी गाइड लाइन में कहा था कि राजनीतिक दल चुनावी मैदान में उतरते वक्त मतदाताओं से जो वादे करते हैं, उन्हें यह भी बताना होगा कि किस स्रोत से सत्ता में आने के बाद उन्हें पूरा करेंगे। ऐसी गाइन लाइन का पालन कहां होता है? आम चुनाव एवं पांच राज्यों में होने जा रहे विधानसभा चुनावों के मद्देनजर चुनाव आयोग को चाहिए कि कम से कम इस बार अपने दिशा-निर्देशों को सख्ती से लागू करे। चूंकि राजनीति में सेवा अब ज्यादातर दिखावटी हो गई है, मकसद व्यक्तिगत और दलगत दोनों स्तरों पर सिर्फ सत्ता प्राप्ति ही रह गया है। मुफ्त की रेवड़ियां बांटने या अतिश्योक्तिपूर्ण सुविधाओं की घोषणाएं करने के पीछे भी मकसद यही है। इस पूरी प्रक्रिया में अंततः नुकसान जनता को ही होता है। तरह-तरह के नये टैक्स और महंगाई के बोझ से आखिर जनता ही दबती है। अब जरूरी हो गया है कि साल 2015 के अपने ही दिशा-निर्देश को कड़ाई से लागू करने की दिशा में चुनाव आयोग आगे बढ़े। राजनीतिक दल जनता को बताएं कि जो वादे वे कर रहे हैं उन्हें किस स्रोत से पूरा करेंगे। तब मतदाता भी फायदा या नुकसान समझ पाएगा। तब शायद वोट देते वक्त वह अपने विवेक पर भरोसा करने की दिशा में भी आगे बढ़ना शुरू कर सकेगा।

चुनावों में धनबल का बढ़ता प्रयोग एवं मुफ्त रेवड़ियां बांटने का दूषित एवं पूर्वाग्रहपूर्ण प्रचलन चिन्ता का सबब होना चाहिए। बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, चौपट काम-धंधे एवं जीवन संकट के समाधान में क्या पांच राज्यों के विधानसभा एवं अगले वर्ष होने वाले आम चुनाव कोई आदर्श प्रस्तुत कर पायेंगे? इस बात का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है, जो लोग चुनाव जीतने के लिए इतना अधिक खर्च कर सकते हैं तो वे जीतने के बाद क्या करेंगे, पहले अपनी जेब को भरेंगे, आम जनता पर आर्थिक दबाव बनायेंगे। और मुख्य बात तो यह है कि यह सब पैसा आता कहां से है? कौन देता है इतने रुपये? धनाढ्य अपनी तिजोरियां तो खोलते ही हैं, कई कम्पनियां हैं जो इन सभी चुनावी दलों एवं उम्मीदवारों को पैसे देती हैं, चंदे के रूप में। चन्दा के नाम पर यदि किसी बड़ी कम्पनी ने धन दिया है तो वह सरकार की नीतियों में हेरफेर करवा कर लगाये गये धन से कई गुणा वसूल लेती है। इसीलिये वर्तमान की भारतीय राजनीति में धनबल का प्रयोग चुनाव में बड़ी चुनौती है।

यथार्थ में देखा जाए तो जनतंत्र अर्थतंत्र बनकर रह जाता है, जिसके पास जितना अधिक पैसा होगा, वह उतने ही अधिक वोट खरीद सकेगा। सभी दल पैसे के दम पर चुनाव जीतना चाहते हैं, जनता से जुड़े मुद्दों एवं समस्याओं के समाधान के नाम पर नहीं। कोई भी ईमानदारी और सेवाभाव के साथ चुनाव नहीं लड़ना चाहते हैं। राजनीति के खिलाड़ी सत्ता की दौड़ में इतने व्यस्त है कि उनके लिए विकास, जनसेवा, सुरक्षा, महामारियां, आतंकवाद, बेरोजगारी, महंगाई की बात करना व्यर्थ हो गया है। सभी पार्टियां जनता को गुमराह करती नजर आती हैं। सभी पार्टियां नोट के बदले वोट चाहती हैं। राजनीति अब एक व्यवसाय बन गई है। सभी जीवन मूल्य बिखर गए हैं, धन तथा व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए सत्ता का अर्जन सर्वोच्च लक्ष्य बन गया है, बात चाहें विधानसभा चुनावों की हो या लोकसभा चुनाव की। लेकिन इस तरह लोकतंत्र की आत्मा का ही हनन होता है, इस सबसे उन्नत एवं आदर्श शासन प्रणाली पर अनेक प्रश्नचिन्ह खड़े होते हैं। आगामी चुनावों की सबसे बड़ी विडम्बना एवं विसंगति भी जो सामने आने वाली है वह यह है कि चुनाव आर्थिक विषमता की खाई को पाटने की बजाय बढ़ाने वाले साबित होंगे। क्योंकि ये चुनाव अब तक के सर्वाधिक खर्चीले होने जा रहे हैं, इन चुनावों से पहले जिस तरह की सुविधाएं दी जा रही हैं या देने की घोषणाएं की जा रही हैं, वे नयी बनने वाली सरकारों के लिये बड़ी चुनौती होगी। संभव है ऐसी अतिश्योक्तिपूर्ण घोषणाएं एवं मुफ्त रेवड़ियां बांटने वाले दलों की सरकारें बन भी जाये। लेकिन प्रश्न है कि वे इन आश्वासनों एवं घोषणाओं को पूरा करने के लिये धन कहां से लायेंगे? जैसा कि 'मुफ्त' के वादे के साथ पंजाब में आम आदमी पार्टी सत्तारुढ़ तो हो गई, पर अब उसके बोर्डों और निगमों को पैसे की कमी से जूझना पड़ रहा है। यही हाल दिल्ली का भी है। दिल्ली परिवहन निगम में सालों से नई बसें नहीं आईं, सड़कों का बदहाल है और निगम करीब पैंतालीस हजार करोड़ के घाटे में है। दिल्ली जल बोर्ड भी सत्तर हजार करोड़ के घाटे में है। पंजाब में पुरानी पेंशन योजना लागू करना भी कठिन हो गया है। जबकि सत्ताधारी दल ने चुनाव लड़ते वक्त इसका वादा किया था। हिमाचल में भी पुरानी पेंशन और महिलाओं को मासिक भत्ता देने का वादा करके कांग्रेस सत्ता में आई। पर बढ़ते आर्थिक बोझ के चलते वादे लागू करना मुश्किल पड़ता जा रहा है। मई में कर्नाटक में हुए विधानसभा चुनावों में कांग्रेस पांच गारंटियों का वादा करके जीत गई। पर अब गारंटी पूरा करना कठिन होता जा रहा है। सामान्य विकास के लिए धन की कमी पड़ती है तो इन सुनहरे सपने दिखाने वाली घोषणाओं को आकार देने एवं पूरा करने के लिये धन कहां से आयेगा? आखिर कब तक चुनाव इस तरह की विसंगतियों पर सवार होता रहेगा?

## उदयनिधि के सनातन धर्म विरोधी वक्तव्य के निहितार्थ

अवधेश कुमार

उदयनिधि स्टालिन तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे और युवा मामलों के मंत्री भी हैं। ऐसे शीर्ष पद पर बैठे व्यक्ति से अपेक्षा की जाती है कि वो ऐसा वक्तय न दें जिससे करोड़ लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत हों। उदयनिधि ने सनातन धर्म की तुलना डेंगू, मलेरिया और कोरोना से करते हुए कहा कि ये कुछ ऐसी चीजें हैं, जिनका केवल विरोध नहीं किया जा सकता, बल्कि उन्हें खत्म करना जरूरी होता है। इस बयान के विरुद्ध संपूर्ण विश्व के हिंदू समाज के भीतर आक्रोश पैदा होना स्वाभाविक है। लेकिन तमिलनाडु की द्रविड़ राजनीति और उदयनिधि की पार्टी द्रमुक की विचारधारा तथा अतीत एवं वर्तमान को देखने पर यह निष्कर्ष सही नहीं लगेगा। उन्होंने जो कुछ बोला है वह उनकी राजनीतिक धारा की सोच है। उनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज होने के बाद उनकी प्रतिक्रिया देखिए। उन्होंने कहा कि हम पेरियार और अन्ना के फॉलोवर हैं। मैं आज, कल और हमेशा यही कहूंगा कि द्रविड़ भूमि से सनातन धर्म को रोकने का हमारा संकल्प बिल्कुल भी कम नहीं होगा।

इसके बाद आप यह नहीं कह सकते कि वह उत्तेजना या भावावेश में बोल गए। वे जिस कार्यक्रम में बोल रहे थे उसका नाम ही था, सनातन उन्मूलन कार्यक्रम। उन्होंने इस नाम की भी प्रशंसा की और कहा- सनातन क्या है? यह समानता और सामाजिक न्याय के खिलाफ है। सनातन का अर्थ होता है- स्थायी यानी ऐसी चीज जिसे बदला नहीं जा सकता। सनातन उन्मूलन सम्मेलन में उदयनिधि स्टालिन के अलावा कई मंत्री और द्रमुक नेता शामिल हुए। सनातन के उन्मूलन नामक शीर्षक से कार्यक्रम का आयोजन ही बताता है कि तमिलनाडु में किस तरह की विचारधारा और राजनीति को प्रश्रय दिया जा रहा है। निश्चित रूप से इसकी निंदा की जाएगी और विरोध भी होगा। द्रमुक आईएनडीआईए गठबंधन का एक मुख्य घटक है इसलिए अन्य घटक दलों से पूछा जाएगा कि आपका इस पर क्या मत है?

कांग्रेस सहित अन्य पार्टियों ने इस बयान से तो अपने को अलग किया लेकिन जितना प्रखर विरोध इसका होना चाहिए नहीं किया। यह राजनीतिक विवशता दुर्भाग्यपूर्ण है।

हालांकि उदयनिधि के बयान पर आश्चर्य का कोई कारण नहीं है। उदयनिधि के दादा करुणानिधि के ऐसे बयान आते रहते थे। अयोध्या में श्रीराम मंदिर के विरोध में उन्होंने कहा था कि राम का जन्म प्रमाण पत्र कहां है? राम सेतु के बारे में उन्होंने कहा कि उसको किस सिविल इंजीनियर ने बनाया था? भाजपा उसका नाम बताए।

द्रमुक के नेताओं के ऐसे बयान आते हैं। 1960 दशक में द्रमुक नेता रामास्वामी नायककर ने तब मद्रास शहर में ट्रकों पर श्रीराम, सीता जी और अन्य देवी-देवताओं की मूर्तियों की झाड़ू और जूतों से पिटाई करने वाली झांकियां निकाली थी।

## सावन - सी वन घाटी से

सावन - सी वन घाटी से खेलती
उतरती सरिता
ऐसे ही उर अन्तर से भावों की ढरती
सरिता ।

कविता निज मुख निहारती
निर्निमेष जल - दर्पण में ।
कल - कल के छन्द में नहा
स्वर - लहरी ध्वनि अर्पण में ।

वीचियाँ बढ़ाती सद्भाव नव प्रभात
भरती सरिता ।।

ठाँव दुकूलों की पाकर
सम्मानित अतिथि सरीखे ।
ममतामय सघन विटपगण
और मस्त झुरमुट दीखे ।

चेतनता की गुरुता बन नित लहती
परती सरिता ।।

आखर पाषाण बाँचते
संचित सपने मोहित हो ।
पा जाते स्वर्णिम उपहार
कहते जीवन सरस बहो ।

चरैवेति पाठ पढ़ाती लक्ष्य भास करती
सरिता ।
सावन- सी वन घाटी से खेलती
उतरती सरिता ।।



डॉ परमेश्वर पुष्कर

# सनातन धर्म को अपमानित करके गैर हिंदू वोटरों के ध्रुवीकरण की कोशिश

## उदयनिधि स्टालिन और स्वामी प्रसाद मौर्य जैसे नेता हिन्दू धर्म को कर चुकें है अपमानित



(सीए) मनीष कुमार गुप्ता

देश में बीते एक दशक से एक नई तरह की राजनीति की परिपाटी शुरू हुई है, जिसके तहत अब कई प्रमुख क्षेत्रीय दलों के नेता हिन्दू धर्म को अपमानित करके अपनी राजनीति को साधने की कोशिश कर रहें हैं। इतना ही नहीं देश की कई क्षेत्रीय व राष्ट्रीय दलों के नेता आए दिन हिन्दू धर्म के संबंध में गलत और अमर्यादित टिप्पणी करतें रहतें हैं। ताकि गैर हिन्दू समुदाय के वोटों को अपने पक्ष में किया जा सकें। दरअसल अभी हाल में तमिलनाडू के मुख्यमंत्री और डीएमके पार्टी के प्रमुख एमके स्टालिन के बेट उदयनिधि स्टालिन ने सनातन हिन्दू धर्म को डेंगू-मच्छर और कोरोना महामारी तक कह डाला है। हालांकि उदयनिधि स्टालिन के द्वारा सनातन धर्म के संबंध में दिए गए विवादित बयान के बाद देश में काफी ज्यादा हंगामा मचा हुआ है। इतना ही नहीं हिंदू साधु संतों की ओर से उदयनिधि स्टालिन के बयान की काफी निंदा भी की जा रही है। गौरतलब हो कि उदयनिधि स्टालिन के पहले उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के नेता स्वामी प्रसाद मौर्य ने भी हिन्दू धर्म के संबंध में बहुत ही विवादित बयान देकर हिंदू धर्म को अपमानित करने का काम किया था। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल उठता है कि, आखिरकार विपक्षी दलों के नेताओं की ओर से हिन्दू धर्म को क्यों अपमानित किया जा रहा है ? इसके अलावा यहां पर एक सवाल यह भी उठना स्वाभाविक है कि, क्या विपक्षी दलों के नेता गैर हिन्दू समुदायों के वोटरों को अपने पक्ष में एकजुट करने के लिए हिन्दू धर्म के संबंध में ऐसी विवादित बयानबाजी कर रहें हैं ? दरअसल आज के इस लेख में हम देश में नेताओं के द्वारा हिन्दू धर्म के विरोध में बयान के आसरे वोटों के ध्रुवीकरण की राजनीति करने के संबंध में विस्तारपूर्वक समीक्षा करेंगें।

### सनातन धर्म को अपमानित करके एक विषेश धर्म के वोटरों को खुश कर रहें विपक्षी दलों के नेता

दरअसल देश में बीते आठ नौ सालों से लगातार कई विपक्षी दलों के नेता सनातन धर्म के संबंध में अपमानजनक बयान देरहें हैं। अभी हाल ही में स्वामी प्रसाद मौर्य और उदयनिधि स्टालिन ने हिन्दू धर्म के संबंध में काफी ज्यादा अशोभनीय बयान दिया है, जिसकी वजह से देश का हिन्दू समुदाय काफी ज्यादा आहत हुआ है। लेकिन इन दोनों नेताओं में जो एक खास समानता है, वह यह है कि दोनों नेता देश की ऐसी प्रमुख क्षेत्रीय पार्टियों से आतें हैं, जो मौजूदा समय में केंद्र की सत्ता में काबिज भाजपा की विरोधी पार्टियां हैं। ऐसे में इन दोनों नेताओं के हिंदू धर्म के विरोध में की गई बयानबाजी से यह सवाल भी उठना लाजिमी है कि, क्या इन दोनों नेताओं ने अपने बयान राजनीति के तहत महज एक धर्म विशेष के वोटरों को लुभाने के लिए दिए हैं। क्योंकि केंद्र की सत्ता में काबिज बीजेपी शुरू से ही सनातन धर्म को काफी ज्यादा महत्व देती है। हालांकि बीजेपी सनातन धर्म के अलावा अन्य धर्मों को भी काफी ज्यादा सम्मान देती है। ऐसे में विपक्षी दलों के नेताओं की ओर से सनातन धर्म की निंदा करना कहीं ना कहीं राजनीति से ही प्रेरित दिखाई पड़ रहा है।

### वोट के लिए विपक्षी दलों के नेता अपने बयानों से भड़काते हैं हिंसा

दरअसल अक्सर देश में कई विपक्षी दलों के नेता मसलन समाजवादी पार्टी, डीएमके, कांग्रेस पाटी, आरजेडी और एआईएमआईएम जैसे दलों के नेता हिंदू धर्म के खिलाफ गलत व अशोभनीय बयानबाजी करतें रहतें हैं। नतीजतन इन नेताओं के गलत बयानों के चलते देश में सांप्रदायिक हिंसा व तनाव भड़क जाता है। ऐसे में कई बार हिंसा बहुत ज्यादा बढ़ जाने की वजह से देश के विभिन्न धर्मों के लोगों के बीच आपसी तनाव भी बहुत ज्यादा बढ़ जाता है। नतीजतन महज वोटों की राजनीति के लिए विपक्षी दलों के नेताओं द्वारा दिए गए बयान कई बार भारी हिंसा व दंगा होने का प्रमुख कारण भी बन जातें हैं। हालांकि इन सब खतरों के बावजूद देश के विभिन्न विपक्षी दलों के नेता अक्सर हिंदू धर्म के लोगों को आहत करने लिए और गैर हिन्दू वोटरों को लुभाने के लिए लगातार विवादित बयान देते रहतें हैं।

### क्षेत्रीय दल अपने नेताओं के उपर गलत बयान देने पर नहीं करते हैं कोई कार्रवाई

दरअसल जहां एक ओर देश के प्रमुख क्षेत्रीय दलों के नेता बेखौफ होकर धड़ल्ले से सनातन धर्म के संबंध में गलत व अशोभनीय बयानबाजी करतें रहतें हैं। वहीं दूसरी ओर इन नेताओं के उपर उनकी पार्टियों के अध्यक्षों या फिर सुप्रीमों की ओर से कोई भी अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं की जाती है। उदाहरण के तौर पर देखें तो हाल ही में उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता स्वामी प्रसाद मौर्य ने हिंदू धर्म के खिलाफ बहुत ही अपमानजन टिप्पणी की थी। लेकिन इसके बावजूद भी सपा प्रमुख ने स्वामी प्रसाद मौर्य को पार्टी से निकालना तो दूर, उनके खिलाफ एक छोटी सी भी कार्रवाई नहीं की गई। जबकि इसके पूर्व समाजवादी पार्टी के नेता आजम खान भी कई बार हिंदू धर्म के संबंध में विवादित बयानबाजी कर चुकें हैं। लेकिन हर बार सपा प्रमुख अखिलेश यादव चुप्पी साधें रहें। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या अखिलेश यादव आजम खान और स्वामी प्रसाद मौर्य जैसे नेताओं को इस तरह की ओछी बयानबाजी करने की मौन स्वीकृति प्रदान करते हैं ? इसके अलावा अभी हाल ही में जब तमिलनाडू के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन ने हिंदू धर्म के संबंध अमर्यादित टिप्पणी की थी,तब भी डीएमके का प्रमुख होने के नाते एमके स्टालिन ने अपने बेटे उदयनिधि स्टालिन पर कोई भी अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं की है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल है कि, आखिरकार क्यों क्षेत्रीय दल अपने नेताओं को किसी भी धर्म विषेश को अपमानित करने की खुली छूट दे रहें हैं ?

### किसी धर्म को अपमानित करने पर नेताओं पर भी हो कानूनी कार्रवाई

दरसअल बीते कुछ सालों से देश में धर्म के नाम पर राजनीति करने वाले नेताओं की संख्या में काफी तेजी से वृद्धि हुई है। ऐसे में आए दिन किसी ना किसी क्षेत्रीय दल का नेता किसी ना किसी धर्म के संबंध में गलत और अशोभनीय टीका टिप्पणी करते हुए नजर आ जाता है। लेकिन इन नेताओं पर ना तो इनकी पार्टियों की ओर से कोई कार्रवाई की जाती है, और ना ही कानून की तरफ से इनको कोई सजा ही मिल पाती है। नतीजतन ये सभी नेता बेखौफ होकर एक दूसरे के धर्म को अपमानित करने के लिए बयानबाजी करते रहतें हैं । जिसकी वजह से देश का माहौल काफी ज्यादा तनावपूर्ण हो जाता है। ऐसे में यहां पर सवाल उठना लाजिमी है कि, क्या इन नेताओं पर भी उनके गलत बयानबाजी के लिए कारवाई होनी चाहिए ? क्योंकि जब तक इन नेताओं के ऊपर उनके गलत बयान देने के लिए कार्रवाई नहीं होगी, तब तक ऐसे नेता अपना बयान देना बंद नहीं करेंगें। ऐसे में देश में स्वच्छ और साफ सुथरी राजनीति को बढ़ावा देने के लिए सबसे पहले गलत बयानों को देने वाले नेताओं के ऊपर सख्त कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू करनी होगी । क्योंकि गलत बयानबाजी करने वाले नेताओं के ऊपर सख्त कार्रवाई से ही देश की राजनीति में सुधार होने की संभावनाओं को बल मिलेगा।

नई दिल्ली
शुक्रवार 08 सितम्बर 2023
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### किशोरी की दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**बुलंदशहर।** उत्तर प्रदेश में बुलंदशहर के खुर्जा नगर कोतवाली क्षेत्र के गांव में गुरूवार रात एक युवक ने 13 वर्ष की मूकबधिर किशोरी को अपनी हवस का शिकार बनाया। आरोपी को ग्रामीणों ने आपत्तिजनक स्थिति में मौके से पकड़ कर जम कर धुनाई की बाद में पुलिस के हवाले कर दिया। एसपी ग्रामीण बजरंगबली चौरसिया ने बताया कि मानसिक रूप से विक्षिप्त 12 /13 साल की एक मूक बधिर किशोरी कल देर शाम गांव के ही अन्य बच्चों के साथ घर के बाहर खेल रही थी तभी गांव के ही कन्हैया नामक एक 35 वर्षीय व्यक्ति ने अकेले का फायदा उठाकर उसे पकड़ लिया तथा उसके साथ जबरन बलात्कार की घटना को अंजाम दिया । घटना की सूचना पर ग्रामीणों ने कन्हैया को रंगे हाथ पकड़ लिया तथा बारी-बारी से जमकर धुनाई की बाद में पुलिस के हवाले कर दिया एसपी ने बताया की किशोरी को मेडिकल परीक्षण हेतु भेज दिया गया है तथा घटना की रिपोर्ट लिखकर युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है। एसपी का कहना है कि आरोपी पीड़िता के भाई का दोस्त बताया जा रहा है। पीड़िता के दो भाई हैं इनमें बड़ा भाई नशेड़ी है तथा दूसरा भाई मजदूरी करता है और इस कारण ज्यादातर घर से बाहर ही रहता है तथा इसी भाई पर घर की सारी जिम्मेदारी है।

### प्रतापगढ़ : विवाहित हत्या मामले में दोषी पति को आजीवन कारावास

प्रताप गढ़ । उत्तर प्रदेश के प्रताप गढ़ जिले में विवाहिता की हत्या के मामले में दोष सिद्ध पाये जाने पर कोर्ट ने पति को सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनायी है जबकि चार अन्य आरोपितों को साक्ष्य के अभाव में दोष मुक्त कर दिया है । प्रताप गढ़ में नगर कोतवाली के बड़ न पुर निवासी राजाराम प्रजापति की बेटी संजू ने 05 फरवरी 2018 को शहर के राजकीय इंटर कालेज में मुख्य मंत्री सामूहिक विवाह में नगर कोतवाली के रुदापुर महुआर निवासी सूरज के साथ सात फेरे लिये थे । संजू के पिता राजाराम के अनुसार संजू की विदाई के बाद उसे दहेज के लिये प्रताड़ित किया जाने लगा , 29 मई 2018 की सुबह संजू की मौत हो गयी। इसके बाद संजू के पिता ने सूरज सहित पांच के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज करायी ,जिला जज अब्दुल शाहिद ने मामले की सुनवाई करते हुये पति सूरज पर दोष सिद्ध पाया और उसे आजीवन कारावास की सजा सुनायी और 20 हजार रुपये का अर्थ दण्ड भी लगाया , साक्ष्य के अभाव में सूरज के अन्य परिजन राम गनेश , गेना दे बी , राहुल और आरती को बरी कर दिया । राज्य की ओर से मुकदमे की पैरवी डी जी सी योगेश शर्मा और ए डी जी सी विक्रम सिंह ने की।

### होमगार्ड ने घर में फांसी लगाकर दी जान

कौशांबी। कौशांबी में करारी थाना क्षेत्र के एक गांव में होम गार्ड ने घर में फांसी लगा कर खुदकुशी कर ली है। मौत के पीछे उसके पत्नी मे पिता ना बन पाने की ख्वाहिश बताई है। उसका कहना है कि उन्होंने उसका 2 बार IVF कराया, लेकिन वह फेल हो गया। जिससे परेशान होकर उन्होंने खुदकुशी कर ली है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। करारी थाना क्षेत्र के नौबस्ता म्योहर निवासी राज नारायण सिंह (55) पुत्र छत्रपाल पाल सिंह पहले फौज में थे। कुछ दिन नौकरी करने के बाद वहां से इस्तीफा दे दिया था। फिर होमगार्ड की नौकरी करने लगे थे। मौजूदा समय में उनकी तैनाती करारी थाने में थी। उनके कोई संतान नहीं थी। अपनी पत्नी मंजू के साथ गांव में रहते थे। मंजू ने बताया कि वह पूजा करने घर से थोड़ी दूर स्थित मंदिर चली गई। उस वक्त पति अपने कमरे में लेटे थे। वहां से जब वापस आई तो उनका शव दीवार में बने एक झरोखे से फांसी के फंदे के सहारे लटक रहा था। पति की लाश देख पत्नी चीख पड़ी। पति को फंदे से नीचे उतारा। उनके रोने और बिलखने की आवाज सुन आसपास के लोग आ गए। इसके बाद पुलिस को खबर दी गई। अर्का महावीरपुर चौकी इंचार्ज सियाकांत चौरसिया के अलावा करारी कोतवाल गणेश प्रसाद ने भी मौके पर पहुंच कर छानबीन की। फॉरेंसिक टीम को सुबूत जुटाने के लिए बुलाया गया।

### झांसी में करंट लगने से किसान की मौत

**झांसी।** झांसी में खेत पर सिंचाई करते समय करंट लगने से एक किसान की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद वह काफी समय तक खेत पर पड़े रहे। जब फोन नहीं उठाया तो पत्नी खेत पर पहुंची। तब इस हादसे के बारे में पता चला। आनन फानन में किसान को चिरगांव सीएचसी पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने उनको मृत घोषित कर दिया। घटना चिरगांव थाना क्षेत्र के करगुवा गांव की है। यहां के मनीराम कुशवाहा (55) पुत्र देवकीनंदन खेतीबाड़ी करते थे। परिजनों ने बताया कि बुधवार सुबह करीब 9 बजे को वह धान की फसल में पानी लगा रहे थे। बिजली तार में कट होने के कारण करंट आ रहा था। जैसे ही मनीराम नजदीक पहुंचे तो करंट का झटका लग गया। इसके बाद वे बेसुध होकर गिर पड़े। दोपहर में जब वह खाना खाने घर नहीं पहुंचे तो परिजनों ने कई बार फोन लगाया। फोन नहीं उठने पर पत्नी पुष्पा देवी शाम को खेत पर पहुंची। तब मनीराम बिजली के तारों के पास बेसुध पड़े थे और उनका दाहिना हाथ झुलसा हुआ था। पत्नी के रोने चिल्लाने पर आसपास के लोग एकत्र हो गए। तुरंत एंबुलेंस से मनीराम को चिरगांव सीएचसी ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने उनको मृत घोषित कर दिया। मनीराम की एक बेटी अर्चना व दो बेटे दीपक और मनोज हैं। तीनों बच्चों की शादी हो चुकी है।

### मंदिर से सामान चोरी करने वाले गैंग का खुलासा

**एटा।** एटा जनपद मुख्यालय से मंदिर का समन एवं बर्तन चोरी करने के मामले का एटा पुलिस ने आज खुलासा किया है। मन्दिर से पीतल के वर्तन चोरी करने वाले एक नफर अभियुक्त व एक बाल अपचारी को मय चोरी के सामान के साथ कोतवाली नगर एटा पुलिस द्वारा आज गिरफ्तार किया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी नगर द्वारा अपराध पर नियंत्रण हेतु चलाये जा रहे तलाश व दबिश के अभियान के तहत वाँछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये गए अभियान मे थाना कोतवाली नगर एटा पर गठित टीम द्वारा आज सैनिक पडाव से एक नफर अभियुक्त आविद पुत्र साविर निवासी इस्लाम नगर थाना कोतवाली नगर जनपद एटा को व एक वाल अपचारी आकाश पुत्र संतोष निवासी न्यू रैवाडी मोहल्ला थाना कोतवाली नगर एटा को मंदिर से चोरी की एक वडी परात ,तथा एक तसला ,2 लोटे टोंटीदार पीली धातु व दूसरे से 1 थाली ,एक लोटा ,1 गिलास, एक कटोरी एक छोटी सी घन्टी तथा मन्दिर के साथ गिरफ्तार किया गया।

# गोवंश के लिए घरों में पहली रोटी बनाएंगे शहरवासी, चलेगा अभियान

**मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप गौ-ग्रास सेवा योजना के तहत अभियान शुरू**

**बरेली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिशा निर्देशों के अनुरूप गोवंशों के भरण पोषण के लिए अभिनव कदम उठाया गया है। शहर के हर नागरिकों को उनके भरण पोषण करने की जिम्मेदारी होगी। गौ-ग्रास सेवा योजना के तहत शासन ने नई गाइड लाइन तय कर अभियान चलाया जाएगा। हर घर में बनने वाली पहली रोटी, पहला आटे का चोकर गाय के नाम से निकाला जाएगा। गोवंश को गोद लिया जाएगा। इसके लिए गो प्रेमियों को मासिक और सालाना शुल्क देना होगा। इस पैसे से गुड़, सेंधा, नमक, चोकर, हरा चारा खरीदा जाएगा।



शहरी इलाकों से लेकर देहात क्षेत्र में अब गोवंशों के भरण पोषण, स्वास्थ्य परीक्षण, उपचार और गौशाला की आय सृजन के लिए गोमय उत्पादों, बायो गैस कम्पोस्ट खाद, गोमूत्र आदि उत्पादन, बिक्री करने की कार्ययोजना बनी है। नगर निगम अधिकारी इस कार्ययोजना के तहत अभियान चलाने और लोगों को जागरूक करने की तयारी शुरू हो गई है। पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी डा. आदित्य तिवारी ने बताया कि नगरीय क्षेत्रों में सड़कों, सार्वजनिक स्थलों निराश्रित, बेसहारा गोवंश के विचरण से निकाय की अवस्थापना सुविधाओं को होने वाले नुकसान और जनसामान्य को होने वाली असुविधा, गोवंशों के प्रति क्रूरता को रोकने के लिए कान्हा गौशाला का संचालन किया जा रहा है। इन गौशालाओं का संचालन नगर निगम खुद संसाधनों से करता है कुछ शासन से अनुदान धनराशि से जरिए किया जाता है। इसलिए अब शासन ने गोवंश के भरण पोषण में शहर के हर नागरिक के योगदान को शामिल किया है। गौशालाओं के संचालन का बोझ नगर निकायों पर न पड़े और गोवंश का भरण पोषण में किसी तरह की कोई दिक्कत न आए इसके लिए शहर से लेकर देहात तक गोवंश को गोद लिए जाने के लिए नगर निगम अभियान चलाएगा। इस मुहिम में ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ा जाएगा। नगर निगम क्षेत्र में अभियान शुरू किया जा रहा है। शासनादेश पर पहली रोटी गाय को और आटे का चोकर गाय को अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए नगर निगम के 80 वार्डों में अभियान की रूपरेखा तय होगी। पार्षदों से लेकर अन्य जनप्रतिनिधियों को इसकी जिम्मेदारी सौपी जाएगी।

## महोबा के बने स्मृति चिन्ह दिया जायेगा जी 20 में आने वाले मेहमानों को

महोबा। देश में होने जा रहे जी -20 शिखर सम्मेलन में दुनिया भर से आने वाले राष्ट्राध्यक्षों को स्मृति चिंह के रूप में जो पीतल की कमलाकृतियां कमलम भेंट की जायेंगी ,उन्हें बुंदेलखंड के महोबा जिले के कुलपहाड के मेटल आर्टिस्ट मनमोहन सोनी ने तैयार किया है।

उत्तर प्रदेश हस्तशिल्प विकास एवं विपणन निगम ने मनमोहन की बनाई कमलम को 08 माह पूर्व चयनित कर लिया था। मनमोहन को यूपीएचएमडीसी ने 50 कमलकृतियों को तैयार करने का आर्डर दिया था ताकि जी 20 शिखर सम्मेलन शुरु होने के पहले कलाकृतियों कमलम को समय से दिल्ली भेजा सके।

वर्ष 1998 में राज्य हस्तशिल्प पुरस्कार , 1997 में नेशनल मेरिट अवार्ड व 2012 में नेशनल अवार्ड जीतने वाले मनमोहन सोनी पीतल की कलाकृतियां गढ़ने के उस्ताद हैं। मनमोहन 2012 में अपनी कलाकृतियों की मॉस्को में प्रदर्शनी लगा चुके हैं। देश के सभी प्रमुख शहरों ए महानगरों व हस्तशिल्प मेलों में अपनी कलाकृतियों को प्रदर्शित कर चुके मनमोहन सोनी की बनाई कमलकृति कमलम को उत्तरप्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व सांसद पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल ने 2016 में महोबा में आयोजित परिवर्तन रैली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट में दी थी। तब पीएम मोदी ने इसे बेहद पसंद किया था।कारीगर मनमोहन सोनी द्वारा तैयार की गई पीतल की कमलकृति कमलम पांच इंच की है। इसमें 8 बड़ी व 8 छोटी पंखुडियों समेत 16 पंखुडियां हैं। इस कमलम को यदि आप खोलते हैं तो सभी पंखुडियां खिली हुई अवस्था में नजर आती हैं। इसे बंद करने पर सभी पंखुडी अंदर बंद हो जाती हैं एवं कमल की केवल कली नजर आती है।

## कहीं सुपुर्द ए खाक तो कहीं सुपुर्द ए आब किये गये ताजिये

एजेंसी

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश के जौनपुर में कर्बला के शहीदों का चेहलुम गुरुवार को गमगीन माहौल में अकीदत के साथ मनाया गया।

इस मौके पर जगह-जगह मजलिसें आयोजित हुई, जिसके बाद इमाम चौकों पर रखे गये ताजिये, शबीहे तुर्बत, अलम, जुलजनाह के साथ जुलूस करबला पहुंचा जहां गंजे शहीदों में ताजियों को सुपुर्द-ए-खाक किया गया।

नगर में मुफ्ती मोहल्ला मौला अली घाट और मोहल्ला कटघरा, बख्शा के रन्नो गांव में परम्परा के बअनुसार ताजिये का जुलूस निकालकर नौहा मातम करती हुई अंजुमनों ने तुरबत व ताजियों को सुपुर्द-ए-आब किया।

नगर के मुफ्ती मोहल्ला में गोमती नदी के मौला अली घाट पर जबकि रन्नो में करबला के तालाब पर ताजियों को सुपुर्द-ए-आब किया गया।

जौनपुर नगर के मुफ्ती मोहल्ला का जुलूस गोमती नदी के मौला अली घाट पर स्थित इमाम बारगाह से अंजुमन सज्जादिया के नेतृत्व में जुलस निकाला गया। इसके पूर्व मौलाना महफुजुल हसन खां ने मजलिस को खेताब करते हुए कहा कि कर्बला में हजरत इमाम हुसैन व उनके 71 साथियों की शहादत के बाद यजीदी हुकूमत ने उनके परिवार पर जुल्म ढाये यहां तक की महिलाओं को कैदी बनाकर बेपर्दा मदीना व कूफे की गलियों में घुमाया गया।

## हाथरस में दो सगे भाइयों ने की हर्ष फायरिंग

हाथरस। हाथरस के हसायन कोतवाली क्षेत्र के गांव बकायन में दो युवकों के द्वारा गांव में अपने घर पर मौजूद रहकर हर्ष फायरिंग किए जाने के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। यह दोनों युवक सगे भाई बताए जा रहे हैं। एक युवक राइफल से हर्ष फायरिंग कर रहा है तो दूसरा बंदूक से। गांव बकायन में रहने वाले दो युवक जुबेर पुत्र साजिद अली व राजा पुत्र साजिद अली का हर्ष फायरिंग करते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। यह दोनों राइफल और बंदूक से हर्ष फायरिंग कर रहे हैं। हर्ष फायरिंग का चलन लगातार बढ़ता जा रहा है। खुशी में की गई हर्ष फायरिंग जिले में कई लोगों की जान भी ले चुकी है।

# बाराबंकी में डीसीएम से टकराई बस, तीन की मौत: कई घायल

**जिला अस्पताल में भर्ती, डीसीएम में लदी सरिया बस को चीरती हुई निकली**

**बाराबंकी।** बाराबंकी में बुधवार रात भीषण सड़क हादसा हो गया। खड़ी डीसीएम में पीछे से तेज रफ्तार बस की टक्कर हो गई। हादसे में बस में सवार तीन यात्रियों की मौत हो गई। वहीं कई यात्री घायल हुए हैं, जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा कि बस बाराबंकी से गोंडा जा रही थी। बस में दो दर्जन से ज्यादा यात्री सवार थे। हादसा जिले के मसौली थाना क्षेत्र के बाराबंकी-बहराइच हाईवे पर बिंदौरा गांव के पास हुआ।

प्रत्यक्षदर्शियो के अनुसार बिन्दौरा गांव के निकट सरिया से लदी डीसीएम



खड़ी थी। तभी लखनऊ से गोंडा जा रही यात्रियों से भरी प्राइवेट बस डीसीएम में जा घुसी। बाहर तक लदी सरिया बस को फाड़ती हुई यात्रियों तक पहुंची गई। तेज आवाज के साथ हुई दुर्घटना से गांव वाले इकट्ठे हो गए। सूचना पर पहुंची मसौली पुलिस ने बस में बुरी तरह फंसे यात्रियों को बस से निकाल कर एम्बुलेंस से सीएचसी बड़ागांव व गंभीर रूप से घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

जिला अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने बस परिचालक अवधराज शुक्ला पुत्र रामलखन शुक्ला निवासी कांजेमऊ गोंडा समेत तीन को मृत घोषित कर दिया। वहीं सीएचसी बड़ागांव से 25 वर्षीय मरकामऊ मोहम्मद जुबैर, बरियारपुर निवासी 25 वर्षीय शाकिर व 40 वर्षीय खादिम समेत अन्य यात्रियों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

## बलिया : धोखाधड़ी कर नौकरी हासिल करने के आरोपी को भेजा गया जेल

**बलिया।** उत्तर प्रदेश के बलिया जिला न्यायालय में धोखाधड़ी कर परीक्षा दिलाकर समूह घ की नौकरी प्राप्त करने के मामले में पुलिस ने बुधवार को एक व्यक्ति के विरुद्ध नामजद मुकदमा दर्ज करते हुए गुरुवार को आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार इलाहाबाद जिले के फूलपुर थाना क्षेत्र के एतमादपुर गांव निवासी महेंद्र कुमार मौर्य के ? विरुद्ध पुलिस ने बलिया शहर कोतवाली में बुधवार को सिविल कोर्ट के केंद्रीय नाजिर विनोद कुमार गुप्ता की तहरीर पर भारतीय दण्ड संहिता की धारा 419 , 420 , 468 व 471 के तहत नामजद मुकदमा पंजीकृत किया गया । पुलिस अधीक्षक शंकरन आनंद ने



बताया कि केंद्रीय नाजिर विनोद कुमार गुप्ता ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय की तरफ से गत 16 मई को जिला जज, बलिया को समूह घ के पद पर 31 कर्मी नियुक्त कर इस आशय से भेजे गए कि नियुक्ति प्राधिकारी जिला जज इनके पहचान व दस्तावेज का सत्यापन कर नियुक्ति पत्र जारी करें । इस क्रम में महेंद्र कुमार मौर्य को नियुक्ति पत्र जारी किया गया तथा मौर्य ने गत 22 जून को कार्यभार ग्रहण कर लिया लेकिन 6 सितम्बर को जांच के दौरान पाया गया कि महेंद्र कुमार मौर्य के पत्रावली में उपलब्ध फोटो का मिलान कार्यरत व्यक्ति से नही हो रहा है । महेंद्र कुमार मौर्य की फोटो व इलाहाबाद उच्च न्यायालय के पोर्टल पर उपलब्ध फोटो में भी भिन्नता पाई गई । जांच में एक अभ्यर्थी के स्थान पर दूसरे व्यक्ति से धोखाधड़ी कर परीक्षा दिलाकर नौकरी प्राप्त करने का मामला सामने आया है ।

उन्होंने बताया कि पुलिस ने आरोपी महेंद्र कुमार मौर्य को गुरुवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है ।

## बलरामपुर में निकाली गई भारत जोड़ो यात्रा

बलरामपुर। बलरामपुर में लोकसभा चुनाव जैसे-जैसे करीब आता जा रहा है राजनीतिक दलों की गतिविधियां लगातार तेज होती जा रही हैं। गुरुवार को कांग्रेस पार्टी द्वारा भारत जोड़ो यात्रा निकल गई जो नगर के भिन्न-भिन्न मार्गों से होते हुए आजाद पार्क पर जाकर खत्म हुई। पूर्व विधायक मंगलदेव सिंह ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना किया । कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष अनूप सिंह की अनुज सिंह की अगुवाई में निकल गई भारत जोड़ो यात्रा अंबेडकर तिराहे से शुरू होकर मेजर चौराहा चौक बाजार गुड मंडी सराय फाटक वीर विनय चौराहा होते हुए चंद्रशेखर आजाद पार्क पर जाकर खत्म हुई। जहां पर देश की एकता बनाए रखने का कांग्रेस जनों ने संकल्प लिया।

## कौशांबी में घर में मिला किशोर का शव

कौशांबी। कौशांबी के पश्चिम शरीरा के नागी टिकरी गांव में एक किशोर का शव उसके घर के कमरे में मृत हालत में मिला है। शव देख परिजनों ने पुलिस को बहू के घर वालों के खिलाफ हत्या का आरोप लगा तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। गौरतलब है कि घर के बड़ी बहू ने पारिवारिक कलह से तंग आकार ससुराल मे फांसी लगा कर 24 घंटे पहले ही जान दी थी। जिसमें मृतक बहू के मायके पक्ष ने ससुराल पक्ष के सास पति, 2 देवर, 2 ननद के खिलाफ दहेज का मुकद्दमा दर्ज कराया था। पश्चिम शरीरा के नागी टिकरी गाव मे स्व छोटे लाल विश्वकर्मा का परिवार रहता है। पति की मौत के बाद मां शांति देवी ने अपने 3 बेटे व 2 बेटियों की परवरिश मेहनत मज़दूरी कर की। 2 साल पहले बड़े बेटे रतिभान विश्वकर्मा की शादी कर अंजली विश्वकर्मा को अपनी बहू बनाया था। बुधवार को बहू अंजली ने घरेलू कलह से तंग आकार ससुराल के एक कमरे में फांसी लगाकर मौत को गले लगा लिया। बहू अंजली के मायके पक्ष ने बेटी की हत्या दहेज के लिए किए जाने का आरोप लगा कर पति सास 2 देवर एवं 2 ननद पर दहेज हत्या का केस दर्ज कराया। अंजली की लाश का अंतिम संस्कार होने के बाद पुलिस ने ससुराल पक्ष के घर दबिश देकर अंजली के पति रतिभान को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने चंद्रभान को पकड़ने के लिए रिस्तेदारियों मे छापेमारी करने लगी। इसी बीच ब्रहस्पतिवार की सुबह चन्द्र भान की लाश घर के कमरे मे फंदे से लटकी मिली। पश्चिम शरीरा थाना प्रभारी अभिलाष तिवारी के बताया, घटना के संबंध में सूचना मिलने पर शव को कब्जे मे लिया गया। पंचायतनामा की कार्यवाही पूरी कर शव को पीएम के लिए भेजा गया है।

## रोडवेज डिपो में खड़ी बस में मिला ड्राइवर का शव

गाजीपुर। ग़ाज़ीपुर में यूपी रोडवेज डिपो में खड़ी एक बस में ड्राइवर का शव मिला है। डिपो में खड़ी बस में संदिग्ध हालत में ड्राइवर का शव पाया गया। बस में रस्सी से लटका हुआ ड्राइवर का शव मिला है। सदर कोतवाली क्षेत्र के रोडवेज डिपो का है। मामले में पुलिस छानबीन में जुटी है, जबकि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। बताया जा रहा है कि मृतक अजय सिंह शहर के सिकंदरपुर मुहल्ले के रहने वाला था। यूपी रोडवेज में संविदा ड्राइवर था। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है और मामले की तफ्तीश में जुटी हुई है। ग़ाज़ीपुर रोडवेज के एआरएम वीके पांडेय ने बताया कि चालक का शव बरामद हुआ है। एआरएम ने मामले को संदिग्ध बताया है। उन्होंने कहा कि बस के अंदर आत्महत्या करने के लिए ऊंचाई सम्भव नहीं है। फिलहाल पोस्टमार्टम के बाद मौत की वजह स्पष्ट हो पाएगी। फिलहाल रोडवेज डिपो में खड़ी बस में चालक का संदिग्ध हालत में शव मिलने से रोडवेजकर्मियों में सनसनी फैल गई।

## तीन अंतरराज्यीय वन्य जीव तस्कर गिरफ्तार, 500 तोते बरामद

**लखनऊ।** यूपी एसटीएफ की टीम ने वन्य जीवों की तस्करी में संलग्न गिरोह के तीन सदस्यों को आज गिरफ्तार किया और उनके पास से 500 प्रतिबंधित तोते बरामद किये।

एसटीएफ की ओर से दी गयी जानकारी के अनुसार यूपी एसटीएफ को देश में प्रतिबंधित वन्य जीवों के तस्करी गिरोहों के सक्रिय होने की जानकारी मिली थी।

इसके बाद से लगातार टीमें इस बारे में सूचना एकत्र करने और कार्रवाई में लगी थीं। इसी क्रम में एसटीएफ की प्रयागराज फील्ड ईकाई को सूचना मिली कि वन्यजीव तस्करी गैंग के कुछ लोग प्रतिबंधित तोतों को लेकर एक कार से प्रयागराज से वाराणसी की ओर आ रहे है।

प्राप्त सूचना पर तेजी से काम करते हुए एसटीएफ प्रयागराज के उपाधीक्षक नवेंदु कुमार के नेतृत्व में टीम, कीटगंज थाना पुलिस प्रयागराज तथा वन विभाग की टीम के साथ बीच रास्ते में पहुंच गये। कार को आता देख जब उसे रूकवाया गया तो कार से लगभग 500 प्रतिबंधित तोते बेहद क्रूरता के साथ तरीके से पिंजरों में ठूंसठूंस कर भरे गये 500 तोते बरामद किये गये। मौके पर तोते वन्य विभाग की टीम के हवाले किये गये।

एसटीएफ ने कार से तीन तस्करों इंजमाम निवासी प्रयाग, वसीम और आसिफ निवासी पश्चिम बंगाल को गिरफ्तार किया। तस्करों ने पूछताछ में बताया कि उनका गिरोह वन्य जीवों की तस्करी में सक्रिय रूप से करता है और इन जीवों को बिहार, पश्चिम बंगाल और झारखंड में ऊंची कीमतों पर बेचते हैं।

गिरफ्तार तस्करों के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है और पुलिस तथा वन्य जीव विभाग दोनों की ओर से कार्रवाई की जा रही है।

# कानपुर देहात पुलिस ने किया हत्या का खुलासा

**पत्नी से परेशान हो कर पति ने की थी हत्या, पुलिस को गुमराह करने के लिए दी अपहरण की फर्जी सूचना**

**कानपुर देहात।** कानपुर देहात के थाना शिवली के अंतर्गत अपहरण के बाद हुई महिला की हत्या का खुलासा पुलिस ने 36 घंटे के अंदर कर दिया है। महिला की हत्या किसी और ने नहीं बल्कि अपहरण की झूठी सूचना पुलिस को देने वाले महिला के पति ने अपने 3 दोस्तो के साथ मिलाकर की थी। पुलिस ने महिला के पति व उसके दो दोस्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वही अन्य तीसरे फरार साथी की तलाश में पुलिस जुटी हुई है।

कानपुर नगर के ग्राम पनौक पुरवा थाना चौबेपुर निवासी रमन पाल अपनी पत्नी सरिता देवी और 3 वर्षीय बच्चे को



लेकर सुसराल से मंगलवार देर रात अपने घर के लिए निकला था। इस दौरान शिवली थाना क्षेत्र के अंतर्गत संदिग्ध परिस्थितियों में रमन पाल की पत्नी सरिता देवी का अपहरण हो गया था। जिसकी सूचना रमन पाल ने पुलिस को दी थी। पुलिस सरिता देवी की तलाश में जुटी होई थी इस दौरान बुधवार को केशरी निवादा नहर के पास झाडियों में पुलिस को बरामद हुआ था।

वही घटना के खुलासे में जुटी पुलिस टीम ने संदेह के आधार पर मृतका सरिता देवी के पति रमन पाल को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही थी। रमन पाल पहले तो पुलिस को गुमराह करता रहा लेकिन बाद में रमन पाल ने पुलिस को पत्नी की हत्या की जाने की बात को कबूल लिया। बताया कि साहब मेरी पत्नी मुझे परेशान करती थी। उसकी हरकतों से तंग आकर अपने साथी रनजीत उर्फ गुल्लू,अखिल पाल व सौरभ गौतम साथ मिल कर पत्नी की हत्या कर शव को केशरी निवादा नहर के पास झाडियों में फेंक दिया था। पुलिस को गुमराह करने के लिए अपहरण की झूठी सूचना दी थी।

### साथियों के साथ मिलकर पति ने की थी हत्या

एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति ने बताया कि महिला की हत्या उसके पति रमन पाल ने अपने साथियों के साथ मिला कर करी थी। पुलिस को गुमराह करने के लिए महिला के अपहरण की झूठी सूचना दी थी। मृतक महिला के पति व दो साथियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। वही हत्या में शामिल फरार आरोपी सौरभ गौतम की तलाश में पुलिस टीम जुटी है। जल्द ही फरार आरोपी सौरभ गौतम को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## गोदाम से 2 कुंतल से ज्यादा पटाखा बरामद

**पुलिस ने एक आरोपी को किया गिरफ्तार, अन्य आरोपियों की तलाश के लिए टीम गठित**

**चंदौली।** चंदौली में मुगलसराय कोतवाली पुलिस ने अवैध पटाखा भंडारण के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

जो लाइसेंस की आड़ में अवैध रूप से पटाखों का भंडारण करके अवैध रूप से रिश्तेदार के गोदाम में रखा था। फिलहाल पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। दूसरे आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम गठित की गई है।

दो दिन पहले मुगलसराय कोतवाली पुलिस ने करवत गांव के समीप एक गोदाम से 800 पेटी पटाखा बरामद किया था।

इसी मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम का गठन किया गया था।



जांच के दौरान पुलिस टीम ने अनवार मोहम्मदपुर के घर से 2050 किलोग्राम अवैध पटाखा बरामद किया।

इसके अलावा कसाब मोहल्ला निवासी वाहिद के घर से 326.100 किलोग्राम अवैध पटाखा बरामद हुआ। ऐसे में पुलिस टीम ने वाहिद को गिरफ्तार कर लिया है।

पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि पटाखा विक्रय का लाइसेंसी कारोबारी होने के साथ ही अधिक पैसों की लालच में आकर मैंने गलत तरीके से अपने मकान के अंदर 326.100 किलोग्राम पटाखा रखा था।

जबकि मेरे भांजे अनवार ने अवैध रूप से अपने दुकान के अतिरिक्त मकान में 2050 किलोग्राम पटाखा रखा था। आगामी त्योहार के मद्देनजर हम लोगों ने पटाखा का भंडारण किया था। परन्तु पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए उसे जब्त कर लिया है। पुलिस टीम में कोतवाल दीनदयाल पांडेय, देवव्रत उपाध्याय, मनोज कुमार यादव, सूर्य प्रकाश यादव शामिल रहे।

## शार्ट न्यूज

### एसबीआई ने यात्रियों के लिए पेश किया 'नेशन फर्स्ट ट्रांजिट कार्ड'

मुंबई। देश के सबसे बड़े बैंकिंग सेवा प्रदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने यहां चल रहे ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2023 के दौरान 'नेशन फर्स्ट ट्रांजिट कार्ड' जारी किया है। बैंक ने गुरुवार को एक विज्ञप्ति में बताया कि यह रुपे - नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड (एनसीएमसी) प्रीपेड कार्ड है । ग्राहक को आवागमन के दौरान एक ही कार्ड के माध्यम से मेट्रो, बसों, वॉटर फ़ेरी, पार्किंग आदि में आसानी से डिजिटल टिकटिंग और किराया भुगतान करने की सुविधा होगी। बैंक ने कहा है कि धारक इस कार्ड का उपयोग खुदरा और ई-कॉमर्स भुगतान करने के लिए भी कर सकते हैं। बैंक के अध्यक्ष दिनेश कुमार खारा ने कहा, हम अपने ग्राहकों के लिए बैंकिंग और रोजमर्रा की जिंदगी को आसान बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। रुपे और नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड (एनसीएमसी) तकनीक द्वारा संचालित नेशन फर्स्ट ट्रांजिट कार्ड, आवागमन के अनुभव में क्रांतिकारी बदलाव लाने के लिए तैयार है और इसे 'वन नेशन वन कार्ड' के राष्ट्रीय दृष्टिकोण के साथ जोड़ा गया है। हमें एक ऐसा कार्ड पेश करने पर गर्व है जो न केवल हमारे ग्राहकों के जीवन को आसान बनाता है बल्कि हमारे देश के विकास में भी योगदान देता है।

### वीवीडीएन टेक्नोलॉजीज को एमओएआईएपीएल से मिला 250 करोड़ रुपये का नया निवेश

मुंबई। मोतीलाल ओसवाल अल्टरनेट इन्वेस्टमेंट एडवाइजर्स प्रा.लि. (एमओएआईएपीएल) और उसके कुछ सह-निवेशकों तथा सहयोगियों ने रुपये वीवीडीएन टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड (वीवीडीएन) में 250 करोड़ रुपये का निवेश किया है। वीवीडीएन और मोतीलाल ओसवाल आल्टरनेट्स की एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गयी है। गुरुग्राम की कंपनी वीवीडीएन प्रोडक्ट इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पाद निर्माण के कारोबार में लगी है। अप्रैल 2023 में कंपनी में इंडिया बिजनेस एक्सीलेंस फंड 4 ने 350 करोड़ रुपये का निवेश किया था। उससे इंडिया बिजनेस एक्सीलेंस फंड तीन ने जनवरी 2020 में कंपनी में 250 करोड़ रुपये लगाए थे। वर्ष 2007 में भूपेन्द्र सहारन, पुनीत अग्रवाल, विवेक बंसल और मुरली जयरमन द्वारा संयुक्त रूप से स्थापित वीवीडीएन कंपनी एकीकृत उत्पाद इंजीनियरिंग और विनिर्माण सेवा प्रदाती है। वीवीडीएन इस समय 10,000 से अधिक लोगों को रोजगार दे रही है और वैश्विक स्तर पर 13 डिजाइन/डिलीवरी केंद्रों तथा भारत में स्थित 7 विनिर्माण सुविधाओं के साथ भारत, अमेरिका, यूरोप, कोरिया और जापान के ग्राहकों को सेवाएं दे रही है। वीवीडीएन टेक्नोलॉजीज के सह-संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) अग्रवाल ने कहा, यह निवेश वीवीडीएन और उसके बिजनेस मॉडल में एमओएआईएपीएल के विश्वास की पुष्टि करता है।

### मेलोरा का चार वर्षों में 400 स्टोर शुरू करने की योजना

**नयी दिल्ली ।** डी2सी गोल्ड और डायमंड ज्वेलरी ब्रांड मेलोरा ने अगले चार वर्षों में अपने स्टोर की संख्या बढ़ाकर 400 करने की योजना बनायी है। मेलोरा की संस्थापक एवं सीईओ सरोजा येरामिल्ली ने आज ग्रेटर नोएडा वेस्ट में अपने स्टोर के शुभारंभ के मौके पर यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2027 तक स्टोर की संख्या 400 करने की तैयारी है। इसमें फ्रेंचाइजी के साथ ही कंपनी संचालित स्टोर भी होंगे। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2027 तक एक अरब डॉलर के कारोबार का लक्ष्य भी रखा गया है। उन्होंने ग्रेटर नोएडा में अपने दूसरे एक्सपीरियंस सेंटर का शुभारंभ करते हुये कहा कि भारत के लोगों की सोने और हीरे के जेवरों की समझ और खरीदारी में क्रांति लाने में उनकी कंपनी सबसे आगे है। कंपनी आधुनिक, हल्के और फैशन के मामले में आगे रहने वाले डिजाइनों की पेशकश करती है, जो आज के उपभोक्ताओं की ज़रुरत पूरी करते हैं। पूरे भारत में पहले से 24 एक्सपीरियेंस सेंटरों के सफल परिचालन के साथ, गेटर नोएडा में यह 25वाँ नया स्टोर बहुमूल्य आभूषणों को ज्यादा सुलभ और स्टाइलिश बनाने के लिये ब्राण्ड के मिशन में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। उन्होंने कहा कि उनके ऑनलाइन स्टोर में 18 हजार से अधिक डिजाइन उपलब्ध है और हर शुक्रवार को 75 नये डिजाइन पेश किये जाते हैं।

### स्टील क्षेत्र में पहली बार प्रशिक्षु महिला अग्निशामकों को किया गया शामिल

नई दिल्ली। देश के स्टील सेक्टर में पहली बार टाटा स्टील की ओर से प्रशिक्षु महिला अग्निशामकों के बैच को गुरुवार को शामिल किया गया। यह देश के स्टील सेक्टर में उठाया गया इस तरह का पहला कदम है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि 23 महिला प्रशिक्षुओं के बैच को बुनियादी अग्निशमन और बचाव कार्य सिखाया जाएगा। कंपनी के एक अधिकारी ने कहा कि सरकारी स्वामित्व वाली ओएनजीसी में फायरवुमन की नियुक्ति की जाती है। बयान में कहा गया है कि प्रशिक्षण महिलाओं को सैद्धांतिक समझ के साथ-साथ व्यावहारिक अनुभव भी प्रदान करेगा। इसके बाद, उम्मीदवारों का मूल्यांकन किया जाएगा और चयनित लोगों को टाटा स्टील की अग्नि और बचाव सेवा टीम में शामिल किया जाएगा। भविष्य की महिला अग्निशामकों को शामिल करने के लिए एक कार्यक्रम फ्लेम्स ऑफ चेंज का आयोजन किया गया था। चयनित महिलाओं को तीन महीने तक ट्रेनिंग दी जाएगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि टाटा स्टील के कॉरपोरेट सेवा के उपाध्यक्ष चाणक्य चौधरी ने कहा, टाटा स्टील इस तरह की पहल करने और संगठन में विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के लिए अवसर पैदा करने में अग्रणी रहा है। टाटा स्टील की अग्निशमन और बचाव सेवा टीम में शामिल ये महिला अग्निशामक के क्षेत्र में इतिहास रचेंगी और देश भर में सभी को प्रेरित करेंगी।

### टाटा समूह के एयरलाइन ने बैंकॉक एयरवेज से की साझेदारी, अब यात्रियों को मिलेगी ये सुविधा

नई दिल्ली। एयर इंडिया ने बैंकॉक एयरवेज के साथ इंटरलाइन साझेदारी की है जिससे टाटा समूह की एयरलाइन के ग्राहकों को थाईलैंड की राजधानी से 10 दक्षिण पूर्व एशियाई गंतव्यों के लिए निर्बाध संपर्क की सुविधा मिलेगी। दोनों विमानन कंपनियों ने एक विशेष प्रोरेट समझौता भी किया है जो उन्हें एक-दूसरे के नेटवर्क को कवर करने वाले मार्गों पर किराए के माध्यम से फाइल करने की अनुमति देता है। इस व्यवस्था का मतलब है कि एक यात्री को अपने यात्रा कार्यक्रम में सभी गंतव्यों को कवर करने वाले एक टिकट के लिए एक ही किराये का भुगतान करना होगा। यह साझेदारी एयर इंडिया के यात्रियों को बैंकॉक एयरवेज के रूट नेटवर्क पर थाईलैंड, लाओस और कंबोडिया के 10 गंतव्यों से एयरलाइन के बैंकॉक, हांगकांग और सिंगापुर गेटवे के माध्यम से सुविधाजनक कनेक्शन लेने में सक्षम बनाती है। एक इंटरलाइन व्यवस्था साझेदार एयरलाइन द्वारा संचालित उड़ानों के लिए टिकट जारी करने और स्वीकार करने के लिए एक समझौते को संदर्भित करती है। इंटरलाइन टिकट बेचते समय, ऑपरेटिंग एयरलाइंस के अपने उड़ान नंबर का उपयोग किया जाता है। बैंकॉक एयरवेज के साथ सहयोग में इंटर एयरलाइन थ्रू चेक-इन (आईएटीसीआई) कार्यान्वयन भी शामिल है।

### कोरापुट जिले में काला जीरा चावल के जीआई टैग पर आपत्ति

नई दिल्ली। ओडिशा के कोरापुट जिले में काला जीरा चावल के लिए जीआई टैग को लेकर विवाद ओडिशा के जयपोर में एमएस स्वामीनाथन रिसर्च फाउंडेशन (एमएसएसआरएफ) ने कोरापुट के प्रसिद्ध काला जीरा चावल को औपचारिक रूप से जीआई टैग देने के संबंध में भौगोलिक संकेतक (जीआई) अधिकारियों की ओर से जारी किए गए एक हालिया विज्ञापन पर आपत्ति जताई है। काला जीरा चावल को चावल के राजकुमार नाम से जाना जाता है। एमएसएसआरएफ ने तर्क दिया कि जैविक श्री किसान उत्पादक कंपनी (जेएसएफपीसी) के रूप में पहचानी गई एक निजी कंपनी द्वारा जीआई टैग के लिए आवेदन संभावित रूप से स्थानीय किसानों को लाभ से बाहर कर सकता है। यह आरोप इस विश्वास पर आधारित है कि एक बार जीआई टैग दिए जाने के बाद, आवेदक कंपनी के पास काला जीरा चावल की खेती और विपणन करने का विशेष अधिकार होगा, जिससे जिले के अन्य किसानों की पहुंच नहीं होगी।


# शेयर बाजार सवा महीने के उच्चतम स्तर पर

मुंबई। विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बावजूद अमेरिकी बॉन्ड यील्ड एवं कच्चे तेल की कीमतें गिरने से स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार लगातार पांचवे दिन चढ़ता हुआ करीब सवा महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।

बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 385.04 अंक अर्थात 0.58 प्रतिशत की छलांग लगाकर सवा महीने के उच्चतम स्तर 66 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 66265.56 अंक पर पहुंच गया। इससे पूर्व एक अगस्त को यह 66459.31 अंक पर रहा था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 116 अंक यानी 0.59 अंक उछलकर 19727.05 अंक पर रहा। पिछले लगातार पांच दिन में सेंसेक्स 1434 और निफ्टी 473 अंक की उछाल रही है।

बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों में भी जमकर लिवाली हुई। इससे मिडकैप 0.79 प्रतिशत की तेजी लेकर 32,374.93 अंक और स्मॉलकैप 0.40 प्रतिशत मजबूत होकर 38,101.21 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 3807 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2240 में तेजी जबकि 1439 में गिरावट रही वहीं 128 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 34 कंपनियां हरे जबकि शेष 16 लाल निशान पर रही।

बीएसई में एफएमसीजी की 0.37 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर 19 समूहों में तेजी रही। इस दौरान कमोडिटीज 0.15, सीडी 0.52, ऊर्जा 0.96, वित्तीय सेवाएं




0.97, हेल्थकेयर 0.02, इंडस्ट्रियल्स 1.55, आईटी 0.26, दूरसंचार 0.15, यूटिलिटीज 1.04, ऑटो 0.35, बैंकिंग 1.12, कैपिटल गुड्स 2.29, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.55, धातु 0.73, तेल एवं गैस 0.25, पावर 0.94, रियल्टी 1.44, टेक 0.19 और सर्विसेज समूह के शेयरों में 0.41 प्रतिशत की बढ़त रही।

विदेशी बाजारों में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.31 और जर्मनी का डैक्स 0.18 प्रतिशत मजबूत रहा जबकि जापान का निक्केई 0.75, हांगकांग का हैंगसेंग 1.34 और चीन का शंघाई कंपोजिट 1.13 प्रतिशत लुढ़क गया।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 26 अंक फिसलकर 65,854.25 अंक पर खुला और बिकवाली के दबाव में थोड़ी देर बाद ही 65,672.34 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, दोपहर बाद हुई लिवाली की बदौलत यह कारोबार के अंतिम चरण में 66,296.90 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंचा। अंत में पिछले दिवस के 65,880.52 अंक के मुकाबले 0.58 प्रतिशत की तेजी के साथ 66,265.56 अंक पर रहा।

इसी तरह निफ्टी भी 12 अंक उतरकर 19,598.65 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,550.05 अंक के निचले जबकि 19,737.00 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा।

अंत में पिछले सत्र के 19,611.05 अंक की तुलना में 0.59 प्रतिशत उछलकर 19,727.05 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली प्रमुख कंपनियों में एलटी 4.26, इंडसइंड बैंक 2.26, टेक महिंद्रा 1.69, एसबीआई 1.55, एचसीएल टेक 1.49, एक्सिस बैंक 1.33, पावरग्रिड 0.98, एनटीपीसी 0.97, एचडीएफसी बैंक 0.90, विप्रो 0.83, आईसीआईसीआई बैंक 0.82, मारुति 0.82, टीसीएस 0.75, टाटा मोटर्स 0.74, टाटा स्टील 0.50, जेएसडब्ल्यूएस स्टील 0.23, टाइटन 0.15 और रिलायंस 0.14 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, सन फार्मा 0.88, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.74, इंफोसिस 0.73, हिंदुस्तान यूनीलीवर 0.60, अल्ट्रासिमको 0.59, भारती एयरटेल 0.47, नेस्ले इंडिया 0.39, आईटीसी 0.39, बजाज फाइनेंस 0.19 और बजाज फिनसर्व ने 0.01 प्रतिशत का नुकसान उठाया।

## आनलाइन ग्राहकों को गुमराह करने की चालों पर शिकांजा कसेगी सरकार, निर्देशों का मसौदा जारी

**नयी दिल्ली।** सरकार आनलाइन मंच पर ग्राहकों के मन में डर या उपहास की भावना पैदा करने, माल की कमी का भ्रामक संकेत दिखा कर खरीद में हड़बड़ी कराने, भगुतान आधारित सदस्यता छोड़ने से रोकने, बिलिंग के समय कुछ गैर जरूरी चीजों खरीदने या कुछ दान आदि देने के लिए प्रेरित करने जैसी चालों को गुमराह करने वाली कार्यप्रणाली या 'डार्क पैटर्न' की श्रेणी में रखने का प्रस्ताव कर उसे उभोक्ता अधिकार संरक्षण कानून के तहत निषिद्ध करने जा रही है।

केंद्र के उपभोक्ता कार्य विभाग ने आनलाइन बाजार में ग्राहकों को खरीदारी के समय भ्रमित करने की चालबाजियों पर शिकंजा कसने के लिए उपभोक्ता कार्यविभाग ने नियमों का एक सौदा जारी करते हुए गुरुवार को इन पर जनता से पांच अक्टूबर तक सुझाव आमंत्रित किए हैं।

उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार मसौदा दिशानिर्देशों में ऑनलाइन प्लेटफार्मों द्वारा अपनाई जा रही ऐसी विभिन्न भ्रामक कार्य प्रणालियां सूचीबद्ध की गयी है जो उपभोक्ताओं के हितों के



खिलाफ हो सकती हैं। इनमें झूठी अत्यावश्यकता या अलर्ट (माल खत्म होने की स्थिति का भ्रामक संकेत), बास्केट स्नीकिंग (निकले निकलते ग्राहक की सहमति के बिना अतिरिक्त वस्तु डालना या ग्राहक को परमार्थ में दान आदि के लिए भ्रमित करना), कन्फर्म शेमिंग (ग्राहक में लज्जित होने का डर पैदा करना), सदस्यता जाल (भुगतान की गई सदस्यता को रद्द करना असंभव या लंबी और जटिल बनाने की प्रक्रिया), इंटरफेस हस्तक्षेप (बिना संदर्भ की सूचना से ग्राहक को प्रभावित करना), जबरन कार्रवाई (खरीद या सदस्यता के लिए दबाव), ड्रिप प्राइसिंग (कीमत को बाद में प्रकट करना), छद्म विज्ञापन और नैगिंग (इच्छित विकल्प को अपनाने में रुकवाट पैदा करना) जैसी चालें शामिल हैं। विज्ञप्ति में कहा गया है कि ये दिशानिर्देश ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म, कानून फर्मों, सरकार और स्वैच्छिक उपभोक्ता संगठनों (वीसीओ) सहित सभी हितधारकों के साथ विस्तृत विचार-विमर्श के बादतैयार किए गए हैं। प्रस्तावित दिशानिर्देश उपभोक्ता संरक्षण कानून 2019 की धारा 18 (द्य) (एल) के तहत जारी किए जाएंगे।

उपभोक्ता कार्य विभाग (डीओसीए) ने गित 13 जून को डार्क पैटर्न (भ्रामक कार्यप्रणाली) पर एक परिचर्चा आयोजित की भह जिसमें भारतीय विज्ञापन मानक परिषद (एएससीआई), विभिन्न ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म, एनएलयू, लॉ फर्मों आदि ने भाग लिया। बैठक में इस बात पर आम सहमति बनी कि आनलाइन मंचों पर इस तरह की भ्रमक चालें चिंता का कारण है और इससे सक्रिय रूप से निपटने की जरूरत है।

उसके बाद उपभोक्ता कार्य विभाग के सचिव द्वारा ई-कॉमर्स कंपनियों, उद्योग संघों और हितधारक परामर्श के प्रतिभागियों को दिनांक 28 जून को एक पत्र भेजा गया था, जिसमें उनसे अपने प्लेटफॉर्म के ऑनलाइन इंटरफ़ेस में किसी भी ऐसे डिज़ाइन या पैटर्न को शामिल करने से परहेज करने का अनुरोध किया था जो उपभोक्ता की पसंद को धोखा दे सकता है या हेरफेर कर सकता है और डार्क पैटर्न की श्रेणी में आ सकता है।

विभाग ने ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्मों को सलाह दी है कि वे उपभोक्ता की पसंद में हेरफेर करने के लिए अपने ऑनलाइन इंटरफ़ेस में किसी तरह की भ्रामक कार्यप्रणाली को शामिल न होने दें। विभाग ने कहा है कि इस तरह की चालबाजी उपभोक्ता संरक्षण कानून, 2019 की धारा 2(9) के तहत निहित उपभोक्ता अधिकारों का उल्लंघन माना जाता है।

विभाग ने इस संबंध में एक कार्यबल का गठन किया गया जिसमें उद्योग संघों, एएससीआई, एनएलयू, वीसीओ और ई-कॉमर्स प्लेटफार्म- गूगल, फ्लिपकार्ट, आरआईएल, अमेज़ॅन, गो-एमएमटी, स्विगी, ज़ोमैटो, ओला, टाटा क्लिक, फेसबुक, मेटा, शिप रॉकेट और गो-एमएमटी के प्रतिनिधि शामिल थे। टास्क फोर्स के सदस्यों की 5 बैठकें हुईं, जिनमें टास्क फोर्स के सभी सदस्यों से मसौदा नीति के लिए जानकारी ली गई।

## कार्पोरेट वीमेन लीडरशिप पुरस्कार के विजेताओं की घोषणा

नयी दिल्ली। भारतीय महिलाओं में नेतृत्व की अद्भुत क्षमता है और वे कई चुनौतियों के बावजूद करियर में सफलता की कहानी लिख रही हैं। सीआईआई कॉरपोरेट वीमेन लीडरशिप अवार्ड न केवल उनकी क्षमताओं का सम्मान है, बल्कि कॉरपोरेट की दुनिया में इनोवेशन, विकास एवं सस्टेनेबिलिटी में महिलाओं के योगदान का भी प्रमाण है। सीआईआई उत्तरी क्षेत्र की पूर्व अध्यक्ष रुमझुम चटर्जी ने यहां सीआईआई द्वारा आयोजित सीआईआई कॉरपोरेट वीमेन लीडरशिप अवार्ड्स के पहले संस्करण समारोह में यह बात कही। सीआईआई द्वारा आयोजित कॉर्पोरेट महिला नेतृत्व पुरस्कारों के पहले संस्करण में 12 श्रेणियों में 221 नामांकनों में से विजेताओं को चुना गया। भव्य कार्यक्रम में समर्पण, दृढ़ता और शानदार प्रदर्शन के दम पर कारोबार की दुनिया में अनूठी छाप छोड़ने वाली महिलाओं को आर दिनेश सम्मानित किया। पुरस्कार समारोह के बाद 'कॉर्पोरेट जगत में महिलाएं' विषय पर एक ज्ञानवर्धक पैनल चर्चा हुई, जिसमें वक्ताओं ने 'बदलते आर्थिक परिदृश्य और बढ़ते विकास' पर अपने विचार साझा किए। इस दौरान उन पहलु पर भी चर्चा हुई, जिनसे भारतीय उद्योगों में ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को कॉरपोरेट भूमिका एवं नेतृत्व में आने का मौका मिलेगा। चटर्जी ने कहा कि कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी एक जनादेश बनने जा रही है, इससे देश को 5 लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य हासिल करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि कार्यबल में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी के बिना अर्थव्यवस्था लंबी छलांग नहीं लगा सकती। भारत में, महिलाओं को नेतृत्व की भूमिकाओं में शामिल करना महत्वपूर्ण है, उन्हें प्रमुख भूमिकाओं में शामिल करके कंपनियां खुद के साथ-साथ अर्थव्यवस्था की भी मदद कर सकती हैं। पुरस्कारों से सम्मानित महिलाओं में लाइफटाइम अचीवमेंट - रेनू सूद कर्नाड, , वर्ष की कॉर्पोरेट महिला नेता - अमीरा शाह , युवा कॉर्पोरेट महिला नेता वर्ष - राधिका गुप्ता , बीएफएसआई और फिनटेक - रोहिणी अजय , उपभोक्ता उत्पाद - प्रीति ए सुरेका , हेल्थकेयर और लाइफ साइंसेज में नवाचार - स्वाति जजोदिया , इंफ्रा एंड रियल एस्टेट - रेणुका गेरा सेवाएं - रितुपर्णा चक्रवर्ती , टेक्नोलॉजी - प्रभा गोयल , बिजनेस ट्रांसफॉर्मेशन - नमृता महिंद्रा और ईएसजी - अनु चौधरी प्रमुख थे।

### ड्राइविंग ही नहीं युवाओं को ऑटोमोटिव टेक्नीशियन की भी ट्रेनिंग दे रहा परिवहन निगम

लखनऊ। युवाओं को कौशल के माध्यम से रोजगार के योग्य बनाने की अपनी मुहिम के तहत योगी सरकार विभिन्न क्षेत्रों में अलग अलग प्रशिक्षण कार्यक्रम चला रही है। इसी क्रम में भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित सुनिश्चित रोजगार योजना के अर्न्तगत उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (यूपीएसआरटीसी), उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन (यूपीएसडीएम) के माध्यम से प्रशिक्षण संस्थान कानपुर में ऑटोमोटिव सेक्टर में फोर व्हीलर सर्विस टेक्नीशियन कोर्स संचालित कर रहा है। इसमें 24 युवा आवासीय प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इस कोर्स के तहत अभ्यर्थियों के आवासीय प्रशिक्षण के लिए परिवहन निगम के विभिन्न क्षेत्रों से उपलब्ध कराई गई सूची के अनुसार 27 अभ्यर्थियों को रजिस्टर्ड कर लिया गया है, जिसमें से 24 अभ्यर्थियों का प्रशिक्षण 01 सितंबर से प्रारम्भ हो चुका है। एक अभ्यर्थी एक्सीडेंट और 2 अन्य पारिवारिक कारणों से कोर्स में सम्मिलित नहीं हो सके। संस्थान द्वारा इस तरह का आवासीय कोर्स पहली बार संचालित किया जा रहा है। सभी अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण संस्थान के हास्टल में रहने की व्यवस्था की गई है। इन अभ्यर्थियों को एएसडीसी दिल्ली से प्रशिक्षित एवं टीओटी पास प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। अभ्यर्थियों का बायोमैट्रिक अटेण्डेंस हास्टल में प्रात: 08: 00 बजे एवं रात्रि में 8: 00 बजे तथा क्लास ट्रेनिंग के समय प्रात: 09: 30 बजे एवं सायं 04: 00 बजे होगा।

## यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में 17 विभागों के लगेंगे स्टॉल

### विभिन्न विभागों के उत्पादों एवं उनकी योजनाओं व नीतियों का प्रचार प्रसार करेगी योगी सरकार

**लखनऊ।** ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के बाद अब ग्रेटर नोएडा में पहला इंटरनेशनल ट्रेड शो आयोजित करने जा रही योगी सरकार इसके माध्यम से विभिन्न विभागों के उत्पादों को वैश्विक पहचान दिलाने का प्रयास करेगी। इसके तहत कुल 17 विभागों को आगामी 21 से 25 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट के विशाल परिसर में होने जा रहे इंटरनेशनल ट्रेड शो में स्टॉल लगाने की मंजूरी दे दी गई है। ये सभी स्टॉल सेकेंड फ्लोर के हॉल नंबर 2 में लगाए जाएंगे, जहां आने वाले नेशनल और इंटरनेशनल बायर्स के लिए तमाम तरह की पब्लिक एमिनिटीज का भी ख्याल रखा जाएगा। उल्लेखनीय है कि इस इंटरनेशनल ट्रेड शो के लिए दुनिया भर के 400 से ज्यादा बायर्स ने हिस्सा लेने की पुष्टि कर दी है। ये बायर्स न सिर्फ इंटरनेशनल ट्रेड शो में हिस्सा लेंगे, बल्कि उत्तर प्रदेश के उत्पादों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए संभावनाओं पर भी काम करेंगे। 21 सितंबर को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु इस इंटरनेशनल ट्रेड शो का शुभारंभ करेंगी।

#### ओडीओपी का स्टॉल होगा सबसे बड़ा

इंटरनेशनल ट्रेड शो कुल 2088 स्क्वायर मीटर एरिया में आयोजित किया जा रहा है। इसके ले-आउट प्लान के अनुसार कुल 17 विभागों के स्टॉल को यहां इंस्टाल किया जाएगा। इसमें सबसे बड़ा स्टॉल (300 स्क्वायर मीटर) ओडीओपी और सूचना जनसम्पर्क का होगा। हॉल में दो एंट्रेंस होंगे, जिसमें एंट्री के बाद फ्रंट पर यही दोनों स्टॉल आमने-सामने नजर आएंगे। ओडीओपी के स्टॉल पर प्रदेश में तमाम जिलों के खास और यूनीक उत्पादों की श्रृंखला रहेगी, जो बायर्स को अपनी ओर आकर्षित करेगी। सूचना जनसम्पर्क के साथ ही 200 स्क्वायर मीटर में पर्यटन व संस्कृति विभाग का स्टॉल होगा, जहां उत्तर प्रदेश के पर्यटन से संबंधी योजनाओं व नीतियों के विषय में लोग जान सकेंगे। इसी क्रम में आगे नमामि गंगे एवं जलापूर्ति विभाग और ऊर्जा विभाग व नेडा का स्टॉल होगा जिसे 100 स्क्वायर मीटर का स्थान मिला है। इसके आगे आवास एवं शहरी नियोजन (95 स्क्वायर मीटर) और उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण, पशु धन एवं दुग्ध विकास व मत्स्य विभाग (सभी 50 स्क्वायर मीटर) का स्टॉल होगा। इस रो में सबसे अंत में कृषि विभाग (60 स्क्वायर मीटर) और गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग विभाग (50 स्क्वायर मीटर) के स्टॉल होंगे।


दूसरी तरफ ओडीओपी के साथ ही 100 स्क्वायर मीटर में पद्मश्री पुरस्कार विजेताओं के लिए स्थान दिया गया है। इसके ठीक बगल में नगर विकास विभाग को भी इतने ही बड़े क्षेत्र में स्टॉल लगाने की मंजूरी मिली है।

## 2027 तक दलहन के मामले में आत्मनिर्भर होगा यूपी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने वर्ष 2026-2027 तक दलहन की खपत के मामले में राज्य को आत्मनिर्भर बनाने की मुकम्मल रणनीति तैयार की है। इसमें प्रति हेक्टेयर उपज और फसल क्षेत्र में वृद्धि भी शामिल है।

अधिकृत सूत्रों ने बुधवार को बताया कि उत्तर प्रदेश दलहन का सबसे बड़ा उत्पादक और उपभोक्ता राज्य है मगर अभी उपभोग का आधा ही उत्पादन प्रदेश में होता है। रणनीति के अनुसार तय समयावधि में प्रति हेक्टेयर उपज 14 से बढ़ाकर 16 कुंतल करने का है। कुल उपज का लक्ष्य 30 लाख टन है। इसके अलावा करीब 1.75 लाख हेक्टेयर अतिरिक्त रकबे को दलहन की फसलों से आच्छादित करने की भी तैयारी है।

उन्होने बताया कि सरकार इसके लिए दलहन की परंपरागत फसलों की उन्नत और अधिक उपज देने वाली प्रजातियों के बीज उपलब्ध कराएगी। कुछ प्रगतिशील किसानों के वहां इनका प्रदर्शन भी होगा। किसानों को बड़ी



संख्या में बीज के निशुल्क मिनीकिट भी दिए जाएंगे। यह क्रम जारी भी है। साथ ही फोकस कम समय में होने वाली मूंग, उर्द (उड़द) आदि की फसलों पर होगा। इनकी सहफसली खेती को भी बढ़ावा दिया जाएगा।

इसके अलावा असमतल भूमि पर स्प्रिंकलर सिंचाई प्रणाली का प्रयोग करते हुये उत्पादन में वृद्धि, फरो एंड रिज मेथड से खेती कर उत्पादन में वृद्धि और न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीद की गारंटी भी सरकार दे रही है।

सूत्रों ने बताया कि खाद्यान्न में रिकॉर्ड उत्पादन के बाद सरकार अब खाद्यान्न सुरक्षा से एक कदम आगे पोषण सुरक्षा के बारे में सोच रही है। इसमें सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका दलहनी फसलों की होगी। वजह आम आदमी, खासकर शाकाहारी लोगों के लिए प्रोटीन का एक मात्र स्रोत दाल ही है। खपत की तुलना में पैदावार कम होने से अक्सर कुछ वर्षों के अंतराल पर दाल के दाम सुर्खियों में रहते हैं। ऐसा होने पर आम आदमी के थाल की दाल पतली हो जाती है। ऐसा न हो इसके लिए योगी सरकार ने यह मुकम्मल कार्ययोजना तैयार की है।

उन्होने बताया कि इस पर काम तो योगी सरकार के पहले कार्यकाल में ही शुरू हो गया था। नतीजतन 2016-17 से 2020-21 के दौरान दलहन का उत्पादन 23.94 मीट्रिक टन से बढ़कर 25.34 लाख मीट्रिक टन हो गया। इस दौरान प्रति हेक्टेयर उत्पादकता 9.5 कुंतल से बढ़कर 10.65 कुंतल हो गई। हालांकि यह प्रदेश की खपत का महज 45 फीसद है।

सूत्रों ने बताया कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा दाल का उत्पादक, उपभोक्ता और आयतक है। सर्वाधिक आबादी के नाते इस उपभोग का सर्वाधिक हिस्सा यूपी का ही है। ऐसे में पूरे दुनिया के दाल उत्पादक देशों (कनाडा, आस्ट्रेलिया, अमेरिका, टर्की,और म्यानमार) की नजर न केवल भारत और उत्तर प्रदेश के पैदावार बल्कि छह महीने के भंडारण पर भी रहती है। ऐसे में अगर पैदावार कम है तो यहां की भारी मांग के मद्देनजर अतंरराष्ट्रीय बाजार में दाल यूं ही तेज हो जाती है।

इस पर रुपये के मुकाबले डॉलर की क्या स्थिति है, इसका भी बहुत असर पड़ता है। रुपये के मुकाबले अगर डॉलर के दाम अधिक हैं तो आयात भी महंगा पड़ता है।

इस तरह दाल के आयात में देश को बहुमूल्य विदेशी मुद्रा भी खर्च करना होता है। अगर उत्तर प्रदेश दालों के उत्पादन में आत्मनिर्भर हो जाय तो विदेशी मुद्रा भी बचेगी।

## आईडेमिया, एयरटेल पेमेंट्स बैंक, एचएमडी ग्लोबल के बीच सहयोग का करार

**नई दिल्ली।** आइडेंटिटी टेक्नोलॉजीज और बायोमीट्रिक सॉल्यूशंस में अग्रणी वैश्विक कंपनी आइडेमिया ने भारत में ऑफलाइन सीबीडीसी (सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी) भुगतान की पहुंच बढ़ाने के लिए एयरटेल पेमेंट्स बैंक और एचएमडी ग्लोबल के साथ हाथ सहयोग की घोषणा की थी। आइडेमिया इंडिया ने विज्ञप्ति में कहा कि ये तीनों संगठन अगले कुछ महीनों में एक उन्नत ऑफलाइन भुगतान प्रणाली शुरू करने के लिए मिलकर काम करेंगी जिससे फीजर फोन पर डिजिटल रुपया (भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी सीबीडीसी) के उपयोग की सुविधा मिलेगी और वित्तीय समावेश को प्रोत्साहन मिलेगा। इस उद्योग में पहली बार एक एप्लीकेशन इंटरफेस के जरिए फीचर फोन पर सीबीडीसी भुगतान लाने का प्रयास किया जा रहा है। आइडेमिया का सिक्योर ऑफलाइन सीबीडीसी पेमेंट सॉल्यूशन पहले से ही कई उपकरणों जैसे स्मार्टफोन, बायोमीट्रिक कार्ड और प्लास्टिक कार्ड के साथ काम करता है। कंपनी ने कहा कि इस प्रयास के तहत स्मार्ट फोन तक पहुंच न रखने वाली आबादी के लिए डिजिटल लेनदेन से जुड़ी बाधाओं को दूर किया जा रहा है। इस गठबंधन के तहत आइडेमिया की टेक्नोलॉजी, ऑनलाइन सत्यापन की जरूरत के बगैर त्वरित और सुरक्षित लेनदेन सुनिश्चित करने के लिए एक ऑफलाइन लेयर की पेशकश करेगी। यह भारत में डिजिटल रुपया के साथ काम करेगी और एक केंद्रीय बैंक या स्वतंत्र सॉफ्टवेयर वेंडरों द्वारा विकसित किसी अन्य सॉल्यूशन, केंद्रीयकृत या विकेंद्रीयकृत, टोकन या एकाउंट आधारित सॉल्यूशन के साथ काम करेगी। आइडेमिया के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित काकातिकर ने कहा, हमें विश्वास है कि इस गठबंधन से डिजिटल भुगतान की पहुंच और बढ़ाने में मदद मिलेगी और हम भारत में डिजिटल रुपया की स्वीकार्यता बढ़ाने में अग्रणी होंगे।

## शार्ट न्यूज

### केंट के लिए गेंदबाजी करेंगे चहल

लंदन। एशिया कप और आगामी वनडे विश्वकप के लिये राष्ट्रीय चयनकर्ताओं द्वारा नकारे जाने के बाद भारत के स्टार स्पिनर युज़्वेंद्र चहल ने मौजूदा काउंटी चैंपियनशिप में तीन मैचों के लिए केंट के लिये अनुबंध किया है। हालांकि अभी उन्हें इसके लिए ज़रूरी संस्थाओं से अनुमति लेनी होगी। क्लब ने बुधवार को जारी एक बयान में कहा कि चहल नॉटिंघमशायर और लैंकशायर के ख़िलाफ़ केंट के शेष दो घरेलू चैम्पियनशिप मैचों के साथ-साथ समरसेट के ख़िलाफ़ चयन के लिए उपलब्ध रहेंगे। चहल ने बयान में कहा, इंग्लिश काउंटी क्रिकेट में खेलना मेरे लिए एक रोमांचक चुनौती है और मैं इसका बेसब्री से इंतज़ार कर रहा हूं। केंट के क्रिकेट निदेशक पॉल डाउटन ने कहा, सीज़न के आखिरी तीन चैंपियनशिप मैचों के लिए युज़्वेंद्र के जैसे क्वालिटी स्पिनर को टीम में शामिल करके हमें ख़ुशी हो रही है, जबकि मैट पार्किंसन अगले साल तक हमारे लिए उपलब्ध नहीं होंगे और हामी क़ादरी हाल ही में घायल हो गए हैं। चहल इंग्लैंड की परिस्थितियों में खेलने के लिए उत्सुक हैं। केंट ने सीज़न की शुरुआत में तेज़ गेंदबाज़ अर्शदीप सिंह की सेवाओं का भी लाभ उठाया था। उन्होंने जून-जुलाई में पांच मैच खेले, जिसमें उन्होंने आठ पारियों में 13 विकेट लिए। न्यूज़ीलैंड के बेन लिस्टर इस समय केंट रोस्टर में दूसरे विदेशी खिलाड़ी हैं।

### श्रीलंका ने टी-20 सीरीज पर किया कब्जा

डर्बी। कप्तान चमारी अथापथु के दमदार नेतृत्व की बदौलत श्रीलंका ने बुधवार रात टी-20 सीरीज के तीसरे और अंतिम मैच में मेजबान इंग्लैंड को हरा कर पहली बार श्रृखंला 2-1 से अपने नाम कर इतिहास रच दिया। अथापथु को उनके शानदार हरफनमौला प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया। श्रीलंकाई कप्तान ने तीन मैचों में न सिर्फ 114 रन बनाये बल्कि गेंद से भी शानदार प्रदर्शन करते हुये पांच विकेट चटकाये। श्रीलंका ने तीसरे टी-20 मुकाबले में इंग्लैंड को सात विकेट से हराया। अथापथु ने इस मैच में इंग्लैड के तीन बहुमूल्य विकेट चटकाए जिससे इंग्लैंड को सिर्फ 116 रन पर समेटने में मदद मिली और फिर केवल 28 गेंदों में 44 रन का उत्कृष्ट योगदान देकर टीम की जीत को सुनिश्चित किया। श्रीलंका ने तीन ओवर शेष रहते इंग्लैड पर विजयी लक्ष्य हासिल की है। श्रीलंका की इनोशी प्रियदर्शनी (1/15) ने मैच की पहली गेंद पर इंग्लैंड की डैनी व्याट का बड़ा विकेट लिया जबकि उदेशिका प्रबोधनी (2/16) और कविशा दिलहारी (2/16) ने भी टीम के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया। बाद में मैदान पर बल्लेबाजी करने उतरी अथापथु ने शुरुआत से ही आक्रामक खेल दिखाया।

### परफॉर्मैक्स एक्टिववियर बनेगा भारतीय फुटबॉल टीम का किट प्रायोजक

मुंबई। रिलायंस रिटेल की कंपनी परफॉर्मैक्स एक्टिववियर ने भारतीय फुटबॉल टीम की किट प्रायोजक के तौर पर अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के साथ करार किया है। एआईएफएफ ने भारतीय फुटबॉल टीम के लिए आधिकारिक किट निर्माता और प्रायोजक बनने के लिए परफॉर्मैक्स एक्टिववियर के साथ एक समझौता किया है। इस साझेदारी के कई वर्षों तक चलने की उम्मीद है। करार के तहत परफॉर्मेक्स एआईएफएफ भारत की पुरूष और महिला टीमों के सभी मैच, यात्रा और प्रशिक्षण परिधानों के लिए एकमात्र आपूर्तिकर्ता होगा। इन उत्पादों के निर्माण और खुदरा बिक्री का अधिकार उसके पास रहेगा। 49वें किंग्स कप 2023 के दौरान ब्लू टाइगर्स आकर्षक नई किट की शुरुआत करेंगे। सात सितंबर से दस सितंबर के बीच थाईलैंड में आयोजित होने वाले इस टूर्नामेंट में टीम इंडिया आज इराक से भिड़ेगी। इस साझेदारी पर बोलते हुए रिलायंस रिटेल के अध्यक्ष एवं सीईओ अखिलेश प्रसाद ने कहा हमें एआईएफएफ के साथ अपने सहयोग की घोषणा करते हुए बहुत खुशी हो रही है। भारत में फुटबॉल की काफी संभावनाएं हैं और हम भारतीय फुटबॉल टीम को फायदा होता देखेंगे।

### क्यूबा कोविड-19 के नए वेरिएंट को लेकर सतर्क

हवाना। उत्तरी अमेरिकी देश क्यूबा के नागरिक अन्य देशों में कोरोना के मामले सामने के बाद कोविड-19 के नए वेरिएंट को लेकर सतर्क हैं। क्यूबा के सार्वजनिक स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार कैरेबियाई राष्ट्र ने 2020 में द्वीप पर स्वच्छता आपातकाल की शुरुआत के बाद से लगभग 11 लाख मामले सामने आए हैं और आठ हजार से अधिक कोरोना से संक्रमित होकर दम तोड़ चुके हैं। क्यूबा के बायोटेक समूह बायोक्यूबाफार्मा के अध्यक्ष एडुआर्डो मार्टिनेज ने कहा कि क्यूबा के कोविड-19 टीके अभी भी लोगों को नए वायरस वेरिएंट से बचा सकते हैं। मंगलवार को एक बैठक के दौरान उन्होंने कहा, हमें इस वायरस संबंधी टीकों को जारी रखना आवश्यक हैं। इसके लिए हमें लगातार इस पर निगरानी बनाए रखनी होगी। कोविड संबंधी सुरक्षात्मक उपायों को अपनाने के बाद, कैरेबियन अभिनेत्री दूनिया रोड्रिगेज ने कहा, वायरस से संक्रमित होने के जोखिम को कम करने के लिए स्वच्छता आवश्यक है। मैं दुनिया भर में कई लोगों के साथ दैनिक संपर्क में रहती हूं। उन्होंने कहा कि द्वीप पर अभी तक कोविड -19 के नए संस्करण का एक भी मामला नहीं पाया गया है, लेकिन फिर भी लोगों को इससे सतर्क रहना चाहिए।

### आसियान के सहयोग बढ़ाने के लिए भारत ने 12 सूत्रीय प्रस्ताव दिया

जकार्ता। भारत ने आसियान के साथ अपने सहयोग एवं समग्र रणनीतिक साझीदारी को मजबूत बनाने के लिए 12 सूत्रीय प्रस्ताव रखा है जिसमें कनेक्टिविटी, डिजिटल परावर्तन, व्यापार और आर्थिक जुड़ाव, समकालीन चुनौतियों का समाधान, लोगों के बीच संपर्क और रणनीतिक जुड़ाव को प्रगाढ़ बनाना शामिल है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज यहां जकार्ता में 20वें आसियान-भारत शिखर सम्मेलन और 18वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में भाग लिया। विदेश मंत्रालय के अनुसार आसियान-भारत शिखर सम्मेलन में, प्रधान मंत्री ने आसियान-भारत समग्र रणनीतिक साझीदारी को और मजबूत करने और इसके भविष्य के रोडमैप को तैयार करने पर आसियान भागीदारों के साथ व्यापक चर्चा की। प्रधानमंत्री ने हिन्द प्रशांत क्षेत्र में आसियान की केंद्रीयता की पुष्टि की और भारत के हिन्द प्रशांत महासागरीय पहल और हिन्द प्रशांत पर आसियान के दृष्टिकोण के बीच तालमेल पर प्रकाश डाला। उन्होंने आसियान-भारत मुक्त व्यापार समझौते की समीक्षा को समयबद्ध तरीके से पूरा करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। प्रधानमंत्री ने भारत-आसियान सहयोग को मजबूत करने के लिए 12-सूत्रीय प्रस्ताव प्रस्तुत किया।

### यूनान में 'डेनियल' तूफान से तीन लोगों की मौत

एथेंस। यूनान में आए 'डेनियल' तूफान से तीन लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य लोग लापता हो गये है। देश की राष्ट्रीय समाचार एजेंसी एएमएनए ने बुधवार को यह जानकारी दी। समाचार एजेंसी ने बताया कि मौसम विज्ञानियों द्वारा 'डैनियल' करार दिए गए तूफान के कारण सोमवार से देश के पश्चिमी हिस्से में भारी बारिश हो रही है। इससे मध्य यूनान में मंगलवार और बुधवार को व्यापक बाढ़ आ गई, जिससे लोगों को बस्तियां खाली करना पड़ा। उन्होंने बताया कि बुधवार को अग्निशामकों ने मध्य यूनान में क्रमश: वोलोस और लारिसा शहरों के पास एक 87 वर्षीय महिला और एक 82 वर्षीय पुरुष के शव बरामद किए। मंगलवार को वोलोस के पास भी एक चरवाहे की मौत हो गई। एएमएनए के अनुसार, उसी क्षेत्र में मंगलवार और बुधवार को तीन लोगों के लापता होने की सूचना मिली थी। उन्होंने बताया कि तूफान के कारण सैकड़ों घर और व्यवसाय प्रभावित हुए हैं। किसानों और पशुपालकों ने नुकसान की सूचना दी है, जबकि एथेंस को उत्तर में थेसालोनिकी बंदरगाह शहर से जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग के कुछ हिस्सों में भी यातायात बाधित हो गया है। नवीतम अपडेट के अनुसार पिछले 48 घंटों के दौरान दमकल विभाग को 2,421 टेलीफोन कॉल प्राप्त हुई है जिसमें मुख्य रूप से थिसली क्षेत्र में लोगों को निकालने, पानी निकालने और गिरे हुए पेड़ों को हटाने में मदद मांगी गई।

# मेदवेदेव और अल्कारेज के बीच होगी रोचक भिड़ंत

न्यूयॉर्क। यूएस ओपन के सेमीफाइनल में शनिवार को रूस के दानिल मेदवेदेव और स्पेन के कार्लोस अल्कारेज के बीच रोचक भिड़ंत होने के आसार हैं।

तीसरी वरीयता प्राप्त मेदवेदेव ने हमवतन आंद्रे रुबलेव को सीधे सेटों में 6-4,6-3,6-4 से हराकर चौथी बार यूएस ओपन के सेमीफाइनल में जगह बनाई है जबकि दूसरी ओर अल्कारेज ने जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरिव जूनियर को 6-3,6-2,6-4 से हराकर अंतिम चार में अपना स्थान सुनिश्चित किया।

मैच के बाद अल्कराज ने कहा पिछले साल मैं किसी ग्रैंड स्लैम के अपने पहले सेमीफाइनल का सामना कर रहा था। अब मैं अपने चौथे मुकाबले का सामना कर रहा हूं। मुझे लगता है कि मैं बिल्कुल अलग खिलाड़ी हूं। मुझे लगता है कि मैं अधिक परिपक्व हो गया हूं। मैं उन प्रकार के दबावों से बेहतर तरीके से निपटता हूं।

अल्कराज ने ज्वेरेव के खिलाफ ब्रेक प्वाइंट पर चार में से चार में बेहतरीन प्रदर्शन किया और प्रत्येक को अपने पक्ष में तब्दील किया। उन्होंने अपने खिलाफ सभी पांच ब्रेक प्वाइंट भी बचाये।

स्पेनिश खिलाड़ी ने कहा जब मैं ब्रेक प्वाइंट का सामना कर रहा होता हूं तो मैं इस बारे में नहीं सोचने की कोशिश करता हूं। मैं इसके बारे में एक सामान्य बिंदु के रूप में सोचने की कोशिश





करता हूं। अगर मैं वापसी कर सकता हूं, तो मैं ऐसा करता हूं। अगर मैं दूसरी गेंद पर नेट तक जा सकता हूं तो ऐसा करूंगा। मैं उस पल में यही सोच रहा हूं।

2021 यूएस ओपन चैंपियन एवं नंबर 3 वरीयता प्राप्त डेनियल मेदवेदेव ने आठवीं वरीयता प्राप्त एंड्रे रुबलेव को हराया। अल्कराज ने कहा, मैंने डेनियल के खिलाफ जो आखिरी मैच खेले थे, उनमें मैंने एक आदर्श सामरिक खेल खेला था। मैंने वो सभी चीजें बहुत अच्छी तरह से कीं जो मुझे उसके खिलाफ करनी थीं, इसलिए मुझे लगता है कि मेरा खेल उस प्रकार के प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ काफी उपयुक्त है।

मैं वही चीजें करने की कोशिश करने जा रहा हूं जो मैंने इंडियन वेल्स और विंबलडन में की थी, उम्मीद है कि जीत हासिल करूंगा और उसी स्तर का खेल दिखाऊंगा जैसा मैंने उन मैचों में खेला था।

उन्होने कहा हालाँकि मेदवेदेव एक ऐसे प्रतिद्वंद्वी हैं जिन्हें दौरे पर कोई भी हल्के में नहीं लेगा। उन्होने स्वीकार किया कि न्यूयॉर्क में खिताब के लिए नोवाक जोकोविच का सामना करने का विचार उनके दिमाग में है। तीन बार के यूएस ओपन चैंपियन और नंबर 2 सीड को गैरवरीय अमेरिकी बेन शेल्टन के खिलाफ सेमीफाइनल का सामना करना पड़ेगा। इससे पहले भीषण गर्मी से परेशान मेदवेदेव ने मैच के दौरान 'इनहेलर' का उपयोग किया और चिकित्सक की मदद भी ली। मैच के बाद उन्होंने कहा, कोर्ट में बेहद गर्मी है जिसे सहन कर पाना एक चुनौती है। ऐसे हालात जानलेवा भी साबित हो सकते हैं। मैं नहीं जानता कि ऐसी परिस्थितियों में हम क्या कर सकते हैं क्योंकि शायद हम टूर्नामेंट को चार दिन के लिए नहीं रोक सकते हैं।

## वर्ल्ड कप के लिए नीदरलैंड्स ने की टीम की घोषणा

एम्स्टर्डम। आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप के लिए नीदरलैंड्स ने अनुभवी जोड़ी रूलोफ वान डेर मेरवे और कॉलिन एकरमैन को 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया है।

भारत में अक्टूबर नवंबर के दौरान खेले जाने वाले विश्वकप में 15 खिलाड़ियों की सूची में इन्हे शामिल किया गया है। गुरुवार को आईसीसी की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि वैन डेर मेरवे और एकरमैन दोनों नीदरलैंड की टीम के लिए भरपूर अनुभव लेकर आए हैं, जिसकी कप्तानी एक बार फिर स्कॉट एडवर्ड्स करेंगे, जिन्होंने पिछले साल ऑस्ट्रेलिया में आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के दौरान अहम भूमिका निभाई थी।

एकरमैन नीदरलैंड के लिए टूर्नामेंट में दूसरे प्रमुख रन-स्कोरर थे, जबकि वैन डेर मेरवे ने बल्ले और गेंद से अपनी छाप मैदान में छोडी थी। दोनों खिलाड़ियों के पास दुनिया भर की घरेलू प्रतियोगिताओं का काफी अनुभव है।

नीदरलैंड को उम्मीद है कि सलामी बल्लेबाज मैक्स ओ%डोड पूरे टूर्नामेंट में खूब रन बना सकते हैं, जबकि स्टार ऑलराउंडर बास डी लीडे से बल्ले और गेंद दोनों से प्रमुख भूमिका निभाने की उम्मीद है।

अनुभवी रयान कुक द्वारा प्रशिक्षित, नीदरलैंड विश्व कप से पहले 30 सितंबर को ऑस्ट्रेलिया और 3 अक्टूबर को मेजबान भारत के खिलाफ दो अभ्यास मैच खेलेगा। विश्व कप में उनका पहला मुकाबला 6 अक्टूबर को हैदराबाद में पाकिस्तान के खिलाफ होगा।

नीदरलैंड टीम: स्कॉट एडवर्ड्स (कप्तान), मैक्स ओ डोड, बास डी लीडे, विक्रम सिंह, तेजा निदामानुरु, पॉल वैन मीकेरेन, कॉलिन एकरमैन, रूलोफ वैन डेर मेरवे, लोगान वैन बीक, आर्यन दत्त, रयान क्लेन, वेस्ले बर्रेसी, साकिब ज़ुल्फ़िकार, शारिज़ अहमद, साइब्रांड एंगेलब्रेक्ट।

## अर्शदीप और चहल को टीम में होना चाहिये था : हरभजन

मुंबई। भारत के पूर्व आफ स्पिनर हरभजन सिंह का मानना है कि विश्वकप के लिये चुनी गयी भारतीय टीम में तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह और फिरकी गेंदबाज यजुवेन्द्र चहल को जगह मिलनी चाहिए थी।

एशिया कप और आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 के आधिकारिक प्रसारणकर्ता स्टार स्पोर्ट्स पर एक वर्चुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान हरभजन ने कहा मुझे लगता है कि भारत की विश्व कप टीम से दो खिलाड़ी युजवेंद्र चहल और अर्शदीप सिंह के नाम गायब है। बाएं हाथ का तेज गेंदबाज अगर नई गेंद अंदर ला सकता है तो यह खेल में उपयोगी साबित होती है। अगर वह खेल की शुरुआत में दो विकेट हासिल कर सकता है, तो मैं यह नहीं कह रहा हूं कि दाएं हाथ के बल्लेबाज ऐसा नहीं कर सकते, लेकिन बाएं हाथ के तेज गेंदबाज को विकेट हासिल करने के लिए वास्तविक कोण मिल सकता है।

अपनी राय को और पुख्ता करते हुये उन्होने कहा आप देख सकते हैं कि शाहीन शाह अफरीदी या मिचेल स्टार्क खेल को अपनी टीम के पक्ष में मोड़ सकते हैं। जब ऑस्ट्रेलिया ने विश्व कप जीता, तो मिचेल स्टार्क का खेलों पर बहुत बड़ा प्रभाव था। पहली ही गेंद पर ब्रेंडन मैकुलम आउट, उस गति से आने वाली गेंद का दाएं हाथ के बल्लेबाज के पास आना हमेशा चुनौतीपूर्ण होता है।

उन्होने कहा कि युजवेंद्र चहल एक सिद्ध मैच विजेता गेंदबाज है, एक ऐसा गेंदबाज जिसने किसी भी अन्य स्पिनर की तुलना में अधिक विकेट लिए हैं। यदि वह किसी अन्य देश के लिए खेल रहा होता, तो मुझे लगता कि वह हमेशा अंतिम एकादश में होता। लेकिन इतना कुछ साबित करने के बाद भी उनके नाम पर गौर नहीं करना आश्चर्य पैदा करता है। मुझे लगता है कि उसे टीम में होना चाहिए था। अगर मैं प्रबंधन का हिस्सा होता, तो मैं निश्चित रूप से उसे टीम में लेता। हम सभी भारतीय क्रिकेट के हितधारक हैं और हम चाहते हैं कि भारतीय क्रिकेट टीम अच्छा प्रदर्शन करे। इसलिए फिर कहता हूं कि ये दोनों लड़के विश्व कप में बहुत उपयोगी हो सकते थे और विशेष रूप से उन परिस्थितियों में जहां वे जानते हैं कि क्या करना है और कैसे विकेट लेना है।

हरभजन ने कहा हमने दो बाएं हाथ के स्पिनरों को चुना है जो एक ही मैच में एक साथ नहीं खेल पाएंगे, लेकिन जडेजा और चहल एक ही मैच में एक साथ खेल सकते हैं। और अगर हमारे पास है बहुत सारे बाएं हाथ के बल्लेबाजों का सामना करना है, तो हमें किसी ऐसे व्यक्ति की जरूरत है जो गेंद को बाहर भी स्पिन करा सके। इसलिए मेरी राय में युजवेंद्र चहल और अर्शदीप को टीम में होना चाहिए था और यही बात लोगों के बीच काफी बहस का कारण बनेगी।



बल्लेबाजी के पक्ष में बातचीत करते हुये उन्होने कहा मेरा मानना है कि बल्लेबाजी एक ऐसी चीज है जिसमें अच्छा प्रदर्शन करने की जरूरत है क्योंकि हमने पिछले कुछ हफ्तों से बल्लेबाजी देखी है। यह ऊपर-नीचे होता रहा है। इसलिए, बहुत कुछ रोहित और विराट कोहली पर निर्भर करेगा कि वे कितनी अच्छी बल्लेबाजी करते हैं।

# रूसी हमले में 17 यूक्रेनियों की मौत

## 32 लोग घायल; हमले के वक्त यूक्रेन में थे अमेरिका के विदेश मंत्री

कीव। पूर्वी यूक्रेन के कोस्टियानटिनिव्का शहर में रूस के हमले में 17 लोगों की मौत की खबर है। इस हमले में मार्केट, दुकानों और फार्मेसी को निशाना बनाया गया है। ये शहर पूर्वी फ्रंट-लाइन में यूक्रेन के तबाह शहर बखमुत के करीब है। हमले के वक्त बाजार में काफी भीड़ थी।

राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने हमले की निंदा की है उन्होंने कहा कि इस हमले में मारे गए लोगों में एक बच्चा भी शामिल है। अधिकारियों ने बताया कि इस हमले में कुल 32 लोग घायल हुए हैं।

ये हमला ऐसे समय में हुआ है जब अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन यूक्रेन के दौरे पर है। अमेरिकी विदेश मंत्री ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से मुलाकात की है। साथ ही उन्होंने यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमीत्रो कुलेबा के साथ भी मुलाकात की। मुलाकात के बाद उन्होंने कहा कि रूस के खिलाफ जवाबी कार्रवाई में यूक्रेन ने महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है।



### यूक्रेन को 1 बिलियन डॉलर की सहायता देगा अमेरिका

अमेरिकी विदेश मंत्री ने यूक्रेन को 1 बिलियन डॉलर की सहायता मुहैया कराने की घोषणा की है। इस नई सहायता में यूक्रेन को 665 मिलियन डॉलर की सैन्य और सुरक्षा सहायता शामिल है। इसके अलावा अमेरिका यूक्रेन को HIMARS मिसाइल सिस्टम, जैवलिन एंटी-टेंक हथियार, अब्राम्स टेंक और दूसरे हथियार देगा। जून में रूस के खिलाफ यूक्रेन की जबावी कार्यवाही शुरू होने के बाद किसी शीर्ष अमेरिकी नेता की पहली यात्रा है।

### यूक्रेन की जवाबी कार्रवाई से खुश नहीं है अमेरिका

अमेरिकी मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक अज्ञात अमेरिकी अधिकारियों ने यूक्रेन की जवाबी कार्रवाई की आलोचना करते हुए इसे बहुत धीमी और रणनीतिक तौर पर कमजोर बताया है। इसके कारण यूक्रेनी अधिकारियों में नाराजगी है। साथ विदेश मंत्री कुलेबा ने आलोचकों को चुप रहने के लिए कहा है। हालांकि अमेरिका ने आधिकारिक तौर पर इस तरह की कोई टिप्पणी नहीं की है।

यूक्रेन ने अपने जवाबी कार्रवाई में एक दर्जन से अधिक गांवों और छोटी बस्तियों पर फिर से कब्जा कर लिया है। लेकिन रूसी कब्जे वाले क्षेत्र में बारूदी सुरंगों और खाइयों के कारण इसकी कार्यवाही धीमी हुई है।

### रूस ने हमले पर टिप्पणी से इंकार किया

रूस ने इस हमले पर तुरंत कोई टिप्पणी नहीं की और जानबूझकर नागरिकों को निशाना बनाने के आरोपों को नकार दिया। यूक्रेन पर रूस के हमले को 18 महीनों से अधिक का समय हो गया है। इस युद्ध में हजारों लोग मारे गए है और कई शहर तबाह कर हो गए है।

अमेरिकी विदेश मंत्री की यूक्रेन यात्रा के बारे में पूछे गए सवाल के जबाव में क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसो ने कहा कि हमारा मानना है कि अमेरिका इस युद्ध को लंबा को खींचने के प्रयास में है।

## ग्रीन कार्ड पाने से पहले मर जाएंगे 4 लाख भारतीय

### 134 साल का वेटिंग टाइम; अमेरिकी स्थायी निवासी कार्ड के इंतजार में 11 लाख लोग

अमेरिका में रह रहे 11 लाख भारतीयों को ग्रीन कार्ड मिलने का इंतजार है। ये दावा अमेरिका थिंक टैंक कैटो इंस्टीट्यूट की रिपोर्ट में किया गया है। इसके मुताबिक अमेरिका में रोजगार के लिए ग्रीन कार्ड का आवेदन करने वाले भारतीयों की संख्या 11 लाख तक है। इनमें से 4 लाख लोग ऐसे है जिन्हें ग्रीन कार्ड मिलने तक उनकी मौत हो चुकी होगी। अमेरिका में प्रवासी लोगों को परमानेंटली रहने के लिए ग्रीन कार्ड या स्थायी निवासी कार्ड दिया जाता है। अमेरिका में रोजगार आधारित नागरिकता के लिए 18 लाख लोगों के आवेदन पेंडिंग में है। इनमें से 63 प्रतिशत यानि 11 लाख भारतीयों के आवेदन हैं। ग्रीन कार्ड को ऑफिशियल भाषा में परमानेंट रेजिडेंट कार्ड कहा जाता है। किसी को ग्रीन



कार्ड मिलने का मतलब ये होता है कि वो व्यक्ति उस जगह पर परमानेंटली रह सकता है। सभी देश एक तय सीमा में ये कार्ड लोगों को देते हैं।

### ग्रीन कार्ड के लिए लंबा चलेगा इंतजार

अमेरिका थिंक टैंक कैटो इंस्टीट्यूट ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि फैमिली स्पॉन्सर्ड सिस्टम के तहत लगभग 83 लाख नागरिकता के आवेदन पेंडिंग में हैं। रिपोर्ट के मुताबिक भारत के लोगों को ग्रीन कार्ड मिलने में 134 सालों का वेटिंग टाइम लगेगा। ग्रीन कार्ड के लिए दिए गए आवेदनों में से 4 लाख 24 हजार आवेदक नागरिकता मिलने से पहले मर चुके होंगें। अमेरिका में साइंस, टेक्नोलॉजी और इंजीनियरिंग के क्षेत्र में काम करने वालों में अधिकतर भारतीय और चीनी नागरिक हैं। फिर भी हर साल इनमें से कुछ को ही ग्रीन कार्ड मिल पाता है। ग्रीन कार्ड के लिए भारतीयों का बढ़ता इंतजार एक बड़ी समस्या हो गया है।

बाइडेन प्रशासन और भारतीय मूल के अमेरिकी सांसदों के प्रयासों के बावजूद भी अब तक इसका कोई हल निकल नहीं पाया है। रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका में नागरिकता लेना लगभग नामुमकिन हो गया है।

## बोलीविया राष्ट्रपति ने दिलाई नए अटॉर्नी जनरल बाजन को शपथ

ला पाज। बोलीविया के राष्ट्रपति लुइस आर्से ने बुधवार को सीज़र एडलिड सिलेस बाज़न को देश के नए अटॉर्नी जनरल के रूप में शपथ दिलाई और उन्हें संविधान के अनुसार देश के हितों की रक्षा करने का दायित्व सौंपा। न्यायिक उपमंत्री रहे सिलेस बाजन ने विल्फ्रेडो शावेज का स्थान लिया, जो नवंबर 2020 से देश के अटॉर्नी जनरल के पद पर थे। राष्ट्रपति आर्से ने आधिकारिक शपथ ग्रहण समारोह में कहा कि जब हम देश की रक्षा की बात करते हैं तो यह हम सभी हितों से जुड़ा हुआ हैं क्योंकि बोलिवियाई नागरिक अटॉर्नी जनरल कार्यालय के हाथों में हम सभी के हित जुड़ें हैं और हमें यकीन है कि सीजर सिलेस उन्हें पर्याप्त रक्षा प्रदान करेंगे।

## चीन के 'बेल्ट एंड रोड अंतरराष्टीय सहयोग फोरम' में शामिल होंगे 90 से अधिक देश

बीजिंग। चीन की राजधानी बीजिंग में तीसरे 'बेल्ट एंड रोड अंतरराष्ट्रीय सहयोग फोरम' में 90 से अधिक देशों के प्रतिनिधियों ने शामिल होने की पुष्टि की है। माओ ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, अब तक 90 से अधिक देशों के प्रतिनिधियों ने पुष्टि की है कि वे 'बेल्ट एंड रोड फोरम' में शामिल होंगे। उनमें बेल्ट एंड रोड भागीदार देशों के नेता और मंत्री जैसे आधिकारिक प्रतिनिधि भी शामिल हैं। राजनयिक ने कहा कि संबंधित देशों के व्यापारिक समुदाय और थिंक टैंक के प्रतिनिधि भी फोरम में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि कई अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रमुखों और प्रतिनिधियों ने भी फोरम में अपनी भागीदारी की पुष्टि की है। यह कार्यक्रम इस साल अक्टूबर में बीजिंग में आयोजित किया जाएगा। चीन को उम्मीद है कि आगामी दिनों और अधिक सहयोग भागीदार इस मंच में शामिल होने के लिए अपनी इच्छा व्यक्त करेंगे। क्रेमलिन ने जुलाई में कहा था कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को चीन का दौरा करने का निमंत्रण मिला है। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष बीजिंग की प्रमुख सिल्क रोड इकोनॉमिक बेल्ट परियोजना की 10वीं वर्षगांठ है, जिसका उद्देश्य व्यापार को सुव्यवस्थित करने के लिए भूमि, रेल और समुद्री मार्गों के नेटवर्क के माध्यम से एशिया को अफ्रीका और यूरोप से जोड़ना है।

## देश की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले कपड़ों पर प्रतिबंध लगाना चाहता है चीन

**बीजिंग।** चीन देश और नागरिकों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले भाषण और कपड़ों पर प्रतिबंध लगाना चाहता है और इसके लिए उसने एक मसौदा कानून भी तैयार किया है जिस पर देश में बहस छिड़ गई है। बीबीसी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। अगर यह कानून लागू हो जाता है, तो दोषी लोगों पर जुर्माना लगाया जा सकता है या उन्हें जेल भेजा जा सकता है, लेकिन प्रस्ताव में अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि उल्लंघन क्या-क्या है। सोशल मीडिया यूजर्स और कानूनी विशेषज्ञ इसमें ज्यादा स्पष्टता की मांग कर रहे हैं। हाल ही में चीन ने अपने सार्वजनिक सुरक्षा कानूनों में प्रस्तावित बदलावों की एक सूची जारी की है जो इस देश में दशकों बाद पहला सुधार होगा। कपड़ों के कानून को लेकर नागरिकों की ओर से तत्काल प्रतिक्रिया हो रही है और कई ऑनलाइन यूजर्स इसे बेतुका बताते हुए इसकी आलोचना कर रहे हैं। विवादास्पद मसौदा कानून में कहा गया है, अगर कोई दूसरे लोगों को ऐसे कपड़े या चिह्न पहनने के लिए मजबूर करता है जो देश के नागरिकों की भावनाओं को कमजोर करते हैं या राष्ट्र की भावनाओं को ठेस पहुंचाते हैं तो उसे 15 दिनों तक की जेल और 5,000 युआन (680 डॉलर) तक का जुर्माना लगाया जा सकता है।

## जी-20 : वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए भाषण नहीं देंगे पुतिन : पेसकोव

मॉस्को । भारत की राजधानी नयी दिल्ली में आयोजित जी-20 सम्मेलन में रूस के व्लादिमीर पुतिन के वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए संबोधित किये जाने की कोई योजना नहीं है तथा विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए वहां मौजूद होंगे। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने गुरुवार को यहां संवाददाताओं को यह जानकारी दी। यह पूछे जाने पर कि क्या रूसी राष्ट्रपति जी-20 शिखर सम्मेलन के प्रतिभागियों के लिए एक अलग वीडियो संदेश भेजने की योजना बना रहे हैं , उन्होंने कहा , नहीं, वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये संबोधन की कोई योजना नहीं है। यह सुनियोजित नहीं है। जी-20 में रूस का प्रतिनिधित्व विदेश मंत्री लावरोव करेंगे। इससे पहले श्री पेसकोव ने कहा था कि श्री पुतिन अपने व्यस्त एवं पूर्व निर्धारित कार्यक्रमों के मद्देनजर नौ और 10 सितम्बर को भारत में होने वाले जी20 सम्मेलन शामिल नहीं होंगे और उनका मुख्य फोकस यूक्रेन में एक विशेष सैन्य अभियान पर है। गौरतलब है कि दक्षिण अफ्रीका में हुए जी20 सम्मेलन में भी पुतिन शामिल नहीं हुए थे हालांकि इस मौके पर उन्होंने अपना वर्चुअल संबोधन दिया था। इससे पहले वर्ष 2008 से जी 20 का प्रत्यक्ष रूप से 16 शिखर सम्मेलनों और एक वर्चुअल शिखर सम्मेलन (सऊदी अरब, 2020) का आयोजन हो चुका है।


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

नई दिल्ली
शुक्रवार 08 सितम्बर 2023
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### धूमधाम से मनाया गया श्री कृष्ण जन्मोत्सव

रमेश कुमार शर्मा/गौरवशाली भारत



सादुल्लानगर/बलरामपुर। स्थानीय थाना प्रांगण में श्री कृष्ण जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। कीर्तन का दौर देर रात्रि तक चला। आधी रात के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। राधा कृष्ण की मनमोहक झांकी सजाई गई। भजन कीर्तन के साथ श्रद्धालु ने पूजन अर्चन किया। आए हुए कलाकारों ने राधा कृष्ण के भक्ति गीतों पर झूमते नजर आए। इस मौके पर थाना प्रभारी बृजानंद सिंह द्वारा आये हुए अतिथियों का स्वागत किया। थाना प्रभारी द्वारा दीपप्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विभिन्न प्रकार के गीतों पर कृष्ण राधिका के वेशभूषा में कार्यक्रमों का आयोजन किया रात्रि 12 बजते ही श्री कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया। इसके उपरांत थाना प्रांगण में जय कन्हैया लाल के उद्घोष से गूँज उठा। इस दौरान क्षेत्राधिकारी उतरौला ब्लॉक प्रमुख पंकज सिंह, पिंकू सिंह, क्षेत्रीय प्रधान तथा सम्भ्रान्त नागरिक उपस्थित रहे।

### श्रीनगर में जन्माष्टमी पर शोभा यात्रा

श्रीनगर। कश्मीरी पंडितों ने गुरुवार को धार्मिक उत्साह और हर्षोल्लास के साथ जन्माष्टमी त्योहार के शुभ अवसर पर यहां शोभा यात्रा निकाली। झांकी में पारंपरिक पोशाक पहने बच्चों के समूह के साथ शोभायात्रा श्रीनगर के टंकीपोरा इलाके में कथलेश्वर मंदिर से निकाली गई। शोभायात्रा हब्बाकदल, गणपतियार, बारबर शाह, रीगल चौक, लाल चौक, हरि सिंह हाई स्ट्रीट और जहांगीर चौक, कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच गुजरी। धार्मिक भजनों का जाप करते हुए बड़ी संख्या में कश्मीरी पंडित यात्रा में शामिल हुए । विभिन्न स्थानों पर एहतियात के तौर पर सुरक्षा बलों को तैनात किया गया है। इस अवसर पर हिंदू वेलफेयर सोसाइटी ऑफ कश्मीर के अध्यक्ष चुन्नी लाल ने पूरी मानवता की शांति और समृद्धि के लिए प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि कश्मीर घाटी के लोगों के बीच पारंपरिक भाईचारा सदियों तक शांतिपूर्ण ढंग से ऐसे ही बरकरार रहेगा। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। उपराज्यपाल ने एक्स पर एक संदेश में कहा, जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर सभी को बधाई और शुभकामनाएँ। यह त्योहार हमें विकसित जम्मू कश्मीर के लक्ष्य की ओर प्रेरित करे और सभी के लिए शांति और समृद्धि का संदेशवाहक बने।

### जम्मू में आयोजित होगा पहला 'एयर शो'

श्रीनगर। वायु सेना (आईएएफ) के लड़ाकू विमान जम्मू में पहली बार एयर शो में पश्चिमी सीमाओं के करीब आसमान में अपना करतब दिखाएंगे। जम्मू में शुरू 21 सितंबर को आयोजित होने वाला पहला एयर-शो है, जो भारतीय वायुसेना द्वारा आठ अक्टूबर, 2023 को अपनी 91वीं वर्षगांठ के हिस्से के रूप में मनाएगा। इस दौरान पाकिस्तानी सीमा के निकट आसमान में सुखोई, राफेल जैसे लड़ाकू विमान और अपाचे जैसे युद्ध-हेलीकॉप्टर अपना करतब दिखाते नजर आएंगे। एक अधिकारी ने कहा कि भारतीय वायुसेना के अधिकारियों द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से आगंतुकों के लिए सभी विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक लगभग 24 लड़ाकू विमान और हेलिकॉप्टर आसमान में कौशल दिखाएंगे। कुछ विमान अंबाला, जालंधर, चंडीगढ़ जैसे उत्तरी हवाई अड्डों से उड़ान भरेंगे और पाकिस्तान सीमा के पास आसमान में करतब दिखाने जम्मू पहुंचेंगे। जम्मू के उपायुक्त सचिन कुमार वैश्य ने भी हाल ही में इस आयोजन की तैयारियों पर चर्चा के लिए एक बैठक की अध्यक्षता की।

### तेंदुए को वन विभाग की टीम ने गिरफ्त में लिया

बड़वानी। मध्यप्रदेश के बड़वानी जिले के अंजड़ वन मंडल क्षेत्र किसानों की मांग पर स्थापित किए पिंजरे में एक तेंदुआ कैद हो गया। बड़वानी के वन मंडलाधिकारी एस एल भार्गव ने आज बताया कि करीब डेढ़ महीने से अंजड़ वन परिक्षेत्र में दो तेंदूए दिखाई दे रहे थे। इनमें से एक को पिछले दिनों पिंजरा लगाकर गिरफ्त में लिया गया था। उन्होंने बताया कि किसानों का कहना था कि वे लगातार एक तेंदुए को खेतों के आसपास देख रहे हैं जिसके चलते मजदूर उनके खेतों में काम करने नहीं आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि इसके मद्देनजर ग्राम दातवाड़ा के समीप श्याम सिंह तोमर के खेत में पिंजरा लगाया गया था। जिसमें कल रात एक तेंदुआ गिरफ्त में आ गया। उन्होंने बताया कि तेंदुआ दरअसल 8 माह का एक नर शावक है। उसके स्वास्थ्य परीक्षण कराए जाने पर वह स्वस्थ पाया गया उसे आज शाम घने जंगलों में छोड़ दिया गया। उधर, बड़वानी जिले के महाराष्ट्र से लगे पानसेमल वन परिक्षेत्र में ग्राम जलगोन के कृषक मधुकर पाटील के बाड़े में कल रात एक बछड़े पर वन्य जीव ने हमला कर उसे घायल कर दिया।

### पत्रकारों को सुविधा, पत्रकारिता को प्रोत्साहन देंगी मुख्यमंत्री की घोषणाएं: शर्मा

भोपाल। मध्यप्रदेश भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज जो घोषणाएं की हैं, निश्चित रूप से उनसे पत्रकारों को सुविधाएं मिलेंगी, साथ ही स्वस्थ पत्रकारिता को भी प्रोत्साहन मिलेगा। शर्मा ने यह बात पत्रकारों के लिए की गई घोषणाओं पर मुख्यमंत्री चौहान का आभार जताते हुए कही। उन्होंने कहा कि रियायती दरों पर पत्रकारों का स्वास्थ्य बीमा मुख्यमंत्री की एक अभिनव पहल रही है। उन्होंने स्वास्थ्य बीमा की बढ़ी हुई 27 प्रतिशत प्रीमियम राशि सरकार की ओर से वहन करने, बीमा की अंतिम तिथि 25 सितंबर तक बढ़ाने तथा 65 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ पत्रकारों एवं उनके जीवनसाथी की प्रीमियम सरकार की ओर से भरे जाने की जो घोषणा की है, उससे पत्रकारों को पिछले वर्ष की दरों पर ही स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध हो सकेगा तथा वरिष्ठ पत्रकारों को राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि मालवीय नगर में पत्रकार भवन की भूमि पर स्टेट मीडिया सेंटर के विकास से स्थानीय एवं बाहर से आने वाले पत्रकारों को भी सुविधा मिलेगी।

# श्री काशी विश्वनाथ धाम में टूटे चढ़ावे के सारे रिकॉर्ड

- इस वर्ष श्रावण में पिछले वर्ष के श्रावण माह की तुलना में 5 गुना ज्यादा चढ़ा चढ़ावा
- श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में भक्तों ने कुल मिलाकर 16.89 करोड़ रुपए का चढ़ाया बाबा भोलेनाथ को चढ़ावा
- श्रावण माह में इस वर्ष कुल 1,63,17,000 भक्तों ने बाबा के दरबार में हाजिरी लगाई थी, जो कि अपने आप में एक रिकॉर्ड है
- योगी सरकार द्वारा दी गई बेहतर सुविधाओं, सुगम दर्शन व सुरक्षा के चलते धार्मिक पर्यटन के क्षेत्र में श्रद्धालुओं की पहली पसंद बनता जा रही है काशी



**वाराणसी।** श्री काशी विश्वनाथ कॉरीडोर ने न केवल श्री काशी विश्वनाथ धाम को एक नव्य और भव्य आभा से अलंकृत किया है, बल्कि श्रद्धालुओं को भी ऐसा मोहित किया कि देश-दुनिया से बाबा भोलेनाथ के भक्त बरबस ही खिंचे चले आ रहे हैं। योगी सरकार द्वारा वाराणसी में की गई उत्तम व्यवस्था तथा श्रद्धालुओं को सुगम व सुरक्षित दर्शन उपलब्ध कराने के संकल्प का परिणाम यह है कि पूरे देश में काशी धार्मिक पर्यटन के नए प्रतिमान स्थापित कर रहा है। आज काशी धार्मिक पर्यटन के लिहाज से देश में मोस्ट फेवरेट डेस्टिनेशन बनकर उभरा है। यही कारण है कि भगवान शिव की अराधना को समर्पित श्रावण मास में यहां इस वर्ष सभी रिकॉर्ड धराशायी हो गए। इस वर्ष श्रावण माह में कुल 1,63,17,000 भक्तों ने बाबा भोलेनाथ के दरबार में हाजिरी लगाई, जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है। इतना ही नहीं, श्रद्धालुओ ने दिल खोलकर बाबा पर खूब चढ़ावा भी चढ़ाया। पिछले सावन के मुकाबले इस वर्ष सावन में बाबा को भक्तों ने 5 गुना ज्यादा चढ़ावा चढ़ाया है।

### भक्तों ने दिल खोलकर दिया दान

श्री काशी विश्वनाथ धाम की नई आभा पूरे विश्व में बिखरने लगी है। दुनिया भर के सनातनी इस धाम की आभा में काशी खिंचे चले आ रहे है और श्रद्धा भाव से दान-पुण्य कर रहे है। श्री काशी विश्वनाथ धाम के मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुनील वर्मा ने जानकारी दी कि 2023 के श्रावण माह में कुल 16.89 करोड़ रुपए का चढ़ावा आया है। जबकि 2022 के सावन महीने में 3,40,71,065 करोड़ रुपए का चढ़ावा आया था। यानी, 2022 के सावन माह के मुकाबले 2023 के श्रावण माह में लगभग 5 गुना बढ़ गया है। श्री काशी विश्वनाथ धाम जब से 3000 स्क्वायर फ़िट से 5 लाख स्क्वायर फ़िट में विस्तारित हुआ है यहां प्रांगण में मूलभूत सुविधाओं समेत बाबा के दर्शन में सुगमता आई है। परिणामस्वरूप, श्री काशी विश्वनाथ धाम में भक्तो की संख्या में कई गुना इजाफा हो गया जिससे मंदिर का खजाना भी बढ़ गया है। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष अधिकमास होने के कारण सावन करीब दो महीने का था।

### मंदिर न्यास की ओर से श्रद्धालुओं को दी जा रही हैं तमाम सुविधाएं

मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुनील कुमार वर्मा ने बताया कि लोकार्पण के बाद मंदिर न्यास द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधाओं में लगातार बेहतरी का प्रयास किया गया है। पेयजल, छाया की व्यवस्था, मैट अन्य मूलभूत सुविधाओं के साथ-साथ साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया गया है। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास द्वारा दर्शनार्थियों व पर्यटकों की बेहतर व्यवस्था करने के लिए सुगम दर्शन व्यवस्था में 50 कर्मचारी कार्यरत हैं। इसके अतिरिक्त, सफाई व्यवस्था में 200 कर्मियों एवं दर्शनार्थियों को बेहतर सुरक्षा एवं सुविधा देने के लिए 100 कर्मियों को लगाया गया है। श्री काशी विश्वनाथ धाम में विभिन्न स्थानों पर दर्शनार्थियों की सुविधा हेतु लॉकर व हेल्पडेस्क स्थापित किये गये हैं। मंदिर के दर्शनार्थ आने वाले वृद्ध व दिव्यांग श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए निःशुल्क व्हीलचेयर की व्यवस्था भी की गयी है। इसके अतिरिक्त, मंदिर न्यास दर्शनार्थियों की सुविधा के लिए अन्य कई प्रकार की व्यवस्था कर रहा है।

उल्लेखनीय है कि श्री काशी विश्वनाथ धाम का नव्य भव्य स्वरूप होने के कारण वाराणसी में पर्यटको व दर्शनार्थियों की संख्या में भी बढ़ी है। इस कारण से वाराणसी में परिवहन, होटल, गेस्ट हाउस, नाविकों, श्रमिको, वस्त्र उद्योग ,हेंडीक्राफ्ट व अन्य व्यवसायों में वृद्धि होने के कारण अर्थव्यवस्था में भी तेजी से रफ़्तार पकड़ रही है।

# 3 महीने में निराश्रित गोवंश का संरक्षण करने के निर्देश

### प्रदेश में अब भी लगभग 2.5 से 3 लाख निराश्रित गोवंश

लखनऊ, 7 सितंबर। योगी सरकार ने प्रदेश में अगले 3 माह के अंदर निराश्रित गोवंश के संरक्षण के आदेश दिए हैं।

बीते दिनों आगरा, सुल्तानपुर एवं पीलीभीत जैसे जनपदों में हुई घटनाओं का संज्ञान लेते हुए सरकार ने कड़े शब्दों में कहा है कि ऐसी घटनाओं की आगे पुनरावृति न हो। उल्लेखनीय है कि सरकारी आंकड़ों में अभी भी लगभग 2.5 से 3 लाख निराश्रित गोवंश होने की जानकारी है। इसी कड़ी में योगी सरकार ने सभी के संरक्षण के निर्देश जारी किए हैं।

### घटनाओं की न हो पुनरावृत्ति

मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने बैठक में कहा कि अगले 3 महीने में निराश्रित गोवंश का संरक्षण किया जाए। साथ ही घटनाओं की पुनरावृति न हो। पंचायतों द्वारा नगरीय क्षेत्रों में संरक्षित गोवंशों में पौष्टिक आहार की व्यवस्था की जाए।

बुंदेलखंड क्षेत्र में 15 सितम्बर तक खुले पशुओं को संरंक्षित कर लिया जाए। जनपद हरदोई, सीतापुर, रायबरेली, प्रतापगढ़, फतेहपुर, बदायूं आदि की सड़कों एवं नदियों के किनारों पर बहुत अधिक संख्या में गोवंश का विचरण होता है। शहरों में भी मंडियों के समीप एवं कालोनियों में गोवंश विचरण करते हैं। नगर आयुक्त और अधिशाषी अधिकारी का उत्तरदायित्व निर्धारित किया जाए। नए अस्थायी गो- आश्रय स्थलों की स्थापना की सूचना तत्काल प्रेषित की जाए। जिलाधिकारी से लेकर एसडीएम तक सतत अनुश्रवण एवं पोर्टल का प्रयोग सुनिश्चित हो।

### ग्रामीण क्षेत्रों में कैटल कैचर आपरेशन चलाएं

मुख्य सचिव ने कहा कि नदियों के किनारे हजारों की संख्या में गोवंश विचरण करते हैं। ट्रैक्टर माउंटेड कैटल कैचर की व्यवस्था एवं ट्रैक्टर का क्रय सुनिश्चित किया जाए।

जिलाधिकारी विशेष दस्ते बनाकर आपरेशन चलाएं। हाइवे पर अन्तर्विभागीय कार्मिकों की विशेष टीमें बनाई जाएं। दस्तों के लिए टीम लीडर, कार्मिक, उपकरण एवं वित्तीय व्यवस्था हो, जबकि आकड़े न छुपाएं और कार्यवाही करें।

### सनातन धर्म पर की गयी टिप्पणी से हम सहमत नहीं

नयी दिल्ली । कांग्रेस ने सनातन धर्म को लेकर विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन के सहयोगी तमिलनाडु में द्रमुक सरकार के युवा कल्याण मंत्री उदयनिधि स्टालिन के बयान से किनारा करते हुए कहा है कि पार्टी इस तरह की टिप्पणियों से सहमत नहीं है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने गुरुवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कांग्रेस सभी धर्मों को साथ लेकर के चलती है और किसी को कम ज्यादा करके आंकने के खिलाफ है। संविधान इस तरह की टिप्पणियों के विरुद्ध है और कांग्रेस में भी हमेशा सभी धर्मों का सम्मान करने की परंपरा रही है। उन्होंने कहा कांग्रेस इस तरह की टिप्पणियों के साथ नहीं है और हमारी पार्टी ऐसी टिप्पणियों का समर्थन नहीं करती। हम सभी धर्मों को साथ लेकर चलते हैं। किसी धर्म या पंथ को कम ज्यादा नहीं करना चाहिए। संविधान भी इसकी इजाजत नहीं देता और कांग्रेस की परंपरा भी ऐसी नहीं है। कांग्रेस सर्वधर्म समभाव में विश्वास करती है। पहले भी स्पष्ट तौर पर कह चुकी है कि इसकी तरह की टिप्पणियों से कांग्रेस सहमत नहीं है। गौरतलब है कि स्टालिन इंडिया गठबंधन के सहयोगी दल द्रमुक के नेता तथा तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन के बेटे हैं जिन्होंने सनातन धर्म को खत्म करने संबंधी बयान दिया है।

# 67 लॉन्च के साथ 'अजय टू योगी आदित्यनाथ' ने रचा इतिहास

### सीएम योगी के जीवन पर आधारित उपन्यास की पाठकों के बीच है जबरदस्त मांग




लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जीवन पर आधारित ग्राफिक्स बेस्ड नॉवेल - अजय टू योगी आदित्यनाथ ने 67 स्थानों पर लॉन्च के साथ नया इतिहास रच दिया है। इस उपन्यास की 67वीं लॉन्चिंग हाल ही में बेंगलुरु में संपन्न हुई। पाठकों के बीच इस उपन्यास की जबरदस्त मांग को देखते हुए इसे अलग अलग स्थानों पर लॉन्च किया गया है और अभी कई अन्य स्थानों पर इसे लॉन्च किए जाने की योजना है। दो बेस्टसेलर उपन्यास लिखने वाले प्रसिद्ध लेखक शांतनु गुप्ता का यह उपन्यास अब तक 8 राज्यों (यूपी, दिल्ली, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, कर्नाटक, उत्तराखंड, तेलंगाना और असम) में लॉन्च हो चुका है। यूपी में 29 और एनसीआर में 7 स्थानों पर इसे लॉन्च किया गया है। सीएम योगी आदित्यनाथ के 51वें जन्मदिन पर 5 जून 2023 को पहली बार इसे उत्तर प्रदेश के 25 जिलों में 51 से अधिक स्थानों पर एक साथ लॉन्च किया गया था। इसके साथ ही इस उपन्यास ने सर्वाधिक लॉन्चिंग के लिए एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में नाम दर्ज करा लिया है।

### संघर्ष से शिखर की यात्रा का उल्लेख

शांतनु गुप्ता ने इस उपन्यास के माध्यम से सीएम योगी के संघर्ष से शिखर तक पहुंचने की यात्रा का वर्णन किया है। अजय टू योगी आदित्यनाथ दरअसल छह अन्य भाई-बहनों के साथ उत्तराखंड के भीतरी इलाकों में पैदा हुए एक युवा लड़के अजय सिंह बिष्ट की यात्रा है। उनके पिता आनंद सिंह बिष्ट एक कनिष्ठ वन अधिकारी थे और माता सावित्री देवी एक गृहिणी थीं। अजय को बचपन से ही परिवार की गायों की देखभाल करने, स्वतंत्रता सेनानियों की कहानियाँ सुनने और स्कूल की बहस में भाग लेने का शौक था।

वे सभी आज के उत्तराखंड में पनचूर नाम के एक सुदूर गाँव में डेढ़ कमरे के घर में रहते थे। यहीं से अजय गोरखनाथ मठ के महंत बने, जिसके बाद उन्होंने भारतीय संसद के सबसे कम उम्र के सदस्य व भारत के सबसे अधिक आबादी वाले राज्य उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बनने की यात्रा तय की।

# लाखों की लागत से बना शौचालय निष्प्रयोज, खुले में शौच करने को मजबूर ग्रामीण

रमेश कुमार शर्मा/गौरवशाली भारत




बलरामपुर। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत ग्राम पंचायतों में सामुदायिक शौचालय बनाए गए हैं, ताकि गांवों को खुले में शौच मुक्त कर ओडीएफ की श्रेणी में लाया जा सके। मगर देखरेख के अभाव में सामुदायिक शौचालयों की स्थिति बदहाल है। कहीं शौचालय में दरवाजा व सीट नहीं है तो कहीं जलापूर्ति के लिए पानी की टंकी नहीं है। अधिकांश गांवों में बने शौचालयों में ताले लटक रहे हैं। शौचालय का संचालन न होने से ग्रामीण खुले में शौच जाने को विवश हैं। श्रीदत्तगंज के कपौवा शेरपुर में बना सामुदायिक शौचालय निष्प्रयोज्य पड़ा है। शौचालय के गेट पर ताला लगा होने के कारण उसका संचालन नहीं हो रहा है। ब्लॉक के कपौवा शेर पुर में बने शौचालय पर भी ताला लगा है। बिजली के अभाव में मोटर न चलने से टंकी में पानी नहीं भरता है। शौचालय गेट के पास गंदगी का अंबार लगा है। गांव के लवकुश, रामदीन, ननका, खेलावन ने बताया कि शौचालय बनाने से कोई लाभ ग्रामीणों को नही मिल रहा है ,खुले में शौच करने मजबूरी है। गांवों में बने सामुदायिक शौचालयों के संचालन व देखरेख की जिम्मेदारी स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को दी गई है। प्रत्येक शौचालय पर हर महीने नौ हजार रुपये सरकार की तरफ से खर्च किया जा रहा है। इसमें छह हजार रुपये प्रतिमाह समूह की महिला को मानदेय व तीन हजार रुपये प्रति माह शौचालय की साफ-सफाई व अन्य चीजों के लिए खर्च होते हैं। हर महीने लाखों रुपये खर्च होने के बावजूद जनता को इनका कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है। खण्ड विकास अधिकारी सुमति सिंह ने बताया कि जल्द ही शौचालय चालू कराकर सम्बन्धित लोगो के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

# आर्थिक अपराधियों से 1.8 अरब डालर की सम्पत्ति बरामद

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सरकारी एजेंसियों ने सरकार के भ्रष्टाचार और आर्थिक अपराध विरोधी अभियान के तहत कार्रवाई करके आर्थिक अपराधियों और भगोड़े घोषित अपराधियों से 1.8 अरब डॉलर से अधिक की संपत्ति बरामद की गई है और भगोड़े आर्थिक अपराधियों को विदेश से लाने का काम तेज जुआ है।

सीबीआई मुख्यालय में एक अलंकरण समारोह में प्रतिष्ठित सीबीआई अधिकारियों को भारतीय पुलिस पदक प्रदान करने के बाद पहले 'अंतरराष्ट्रीय पुलिस सहयोग दिवस' पर अपने उद्घाटन भाषण में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ जितेन्द्र सिंह ने कहा कि पिछले लगभग चार वर्ष में मोदी सरकार द्वारा आर्थिक अपराधी अधिनियम लाने के बाद धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) ने 2014 के बाद से अपराधियों की 12 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक की संपत्ति की कुर्की कराने में मदद की है।

डॉ सिंह के पास विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), कार्मिक, लोक शिकायत, पेंशन, परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष विभाग की भी जिम्मेदारी है।

उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में, खासकर अक्टूबर 2022 में भारत द्वारा 90वीं इंटरपोल महासभा की मेजबानी के बाद अपराधियों और भगोड़ों के प्रत्यर्पण में तेजी आयी है।

# गतिशक्ति विश्वविद्यालय को लगे पंख, एयरबस के साथ किया करार



नयी दिल्ली। भारतीय रेलवे के वडोदरा स्थित गतिशक्ति विश्वविद्यालय ने वैमानिकी के क्षेत्र में उच्च अभियांत्रिकी पाठ्यक्रम शुरू करने के मकसद ने आज फ्रांस की वैमानिकी कंपनी एयरबस के साथ एक अहम करार पर हस्ताक्षर किये।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और एयरबस इंडिया के प्रेसीडेंट रैमी मेलार्ड की मौजूदगी में इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये।

समझौता ज्ञापन के अनुसार एयरबस के तकनीकी विशेषज्ञ और गतिशक्ति विश्वविद्यालय के शिक्षक मिल कर वैमानिकी उद्योग की जरूरतों के हिसाब से पाठ्यक्रम तैयार करेंगे और इसके बाद विद्यार्थियों को पढ़ाया जाएगा। पढ़ाने के लिए एयरबस एकेडमी फ्रांस के शिक्षक और फैक्टरी में काम करने वाले तकनीकविद् भी बुलाये जाएंगे। रेल मंत्री ने इस मौके पर कहा कि वडोदरा में स्थापित एयरबस एवं टाटा की साझीदारी वाले उपक्रम में बनने वाले सैन्य एवं असैन्य परिवहन विमानों के निर्माण के लिए करीब 15 हजार योग्य प्रतिभाओं की पूर्ति गतिशक्ति विश्वविद्यालय से की जाएगी।

उन्होंने कहा कि अलस्टॉम, सीमेंस, डायचे बान के साथ में भी ऐसी साझीदारी के लिए बातचीत चल रही है। यही नहीं गतिशक्ति विश्वविद्यालय में हाईस्पीड रेलवे, मेट्रो और अब वैमानिकी के साथ साथ शिपिंग, पोतपरिवहन, नौवहन, ट्रकिंग, लॉजिस्टिक्स आदि के क्षेत्र में योग्य पेशेवरों को तैयार करने के लिए पाठ्यक्रम शुरू किये जाएंगे। इसके लिए शिपिंग क्षेत्र के उद्योगों के साथ भी बात चल रही है।

उन्होंने कहा कि यह ऐसा शिक्षण संस्थान बनाया जाएगा जिसमें हर छात्र के पास कोर्स पूरा होते ही जॉब के कम से कम दो प्रस्ताव होंगे। उन्होंने यह भी बताया कि भविष्य में विदेशी छात्रों को भी गतिशक्ति विश्वविद्यालय में पढ़ने का अवसर दिया जाएगा।

एयरबस इंडिया के प्रेसीडेंट रैमी मेलार्ड ने कहा कि उनकी कंपनी भारत में मेक इन इंडिया के तहत शत प्रतिशत विनिर्माण शुरू करना चाहती है। एयरबस के विमान पूरी तरह से भारत में बनेंगे भी और निर्यात भी किये जाएंगे। इसके लिए कुशल मानवश्रम की जरूरत गतिशक्ति विश्वविद्यालय से पूरी की जाएगी। उन्होंने कहा कि वैमानिकी के पाठ्यक्रम में विमान नौवहन, अनुरक्षण, विनिर्माण आदि सभी विधाओं को शामिल किया जाएगा।

विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. मनोज चौधरी ने कहा कि गतिशक्ति विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों की दक्षता को सर्वोच्च स्तर का बनाने के लिए उद्योगों के साथ जीवंत एवं सतत संपर्क रखा जाएगा।

उन्होंने कहा कि हर पाठ्यक्रम में पूरी पढ़ाई का कम से कम 40 प्रतिशत उद्योगों में कार्य अनुभव के रूप में होगा। उनकी पढ़ाई शत प्रतिशत रोजगारपरकता सुनिश्चित करेगी।

# शाहगंज पुलिस को मिली बड़ी सफलता

### तीन शातिर अपराधियों को चोरी के सामान सहित किया गया गिरफ्तार



शाहगंज (सोनभद्र)। पुलिस अधीक्षक डाक्टर यशवीर सिंह के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे है अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के क्रम में क्षेत्राधिकारी अमित कुमार के कुशल निर्देशन व थानाध्यक्ष सूर्यभान सिंह के नेतृत्व में इन दिनों लागातार अपराधियों को पकड़ने और उन्हें जेल भेजने की कवायद तेज हो गई है। शाहगंज पुलिस ने दो और शातिर अपराधियों को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। बताया जाता है कि शाहगंज पुलिस चौकी उप निरीक्षक सुजीत कुमार सेठ मय सहयोगियों के साथ गश्त पर निकले थे और इसी दौरान नई-नई दो अपाचे बाइक पर सवार अलग -अलग तीन युवक तेजी से कहीं जा रहे थे जिसको सम्बन्धित थाना क्षेत्र के सोनौटी तिराहा ढुटेर के आगे रोककर सख्ती के साथ पूछताछ की गई। जाँच के दौरान चोरी का सामना इनके पास से बरामद किया गया जिसमें एक जोड़ी चांदी का पायल, एक नथिया, पांच एंड्रॉयड स्मार्टफोन फोन एवं नक द छः सौ रुपए प्राप्त हुए ।

गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में लवकुश एवं लोकनाथ पुत्रगण हरिवंश भारती सगे भाई हैं तथा तीसरे अभियुक्त का नाम श्याम बाबू बिंद पुत्र बनवारी बिंद है। तीनों की उम्र तकरीबन 21 वर्ष से 25 वर्ष के बीच बताई जा रही है। दोनों बाइक एम0 वी0 ऐक्ट के तहत सीज करते हुए अभियुक्तों को आपराधिक धाराओं 457, 380, 411, 323, 325, 427 तथा 504 में निरूद्ध कर जेल भेज दिया गया।

अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली टीम में शाहगंज पुलिस चौकी के उपनिरीक्षक सुजीत कुमार सेठ, दिनेश यादव, जितेंद्र यादव, अनुप सिंह एवं चंद्रशेखर पासवान शामिल रहे।

CMYK CMYK CMYK CMYK